आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 202 | उज्जैन, गुरुवार 06 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अगले 2 महीने सस्ता लोन नहीं, ईएमआई भी नहीं घटेगी

**नई दिल्ली।** अगर आप घर, गाड़ी या पर्सनल जरूरत के लिए सस्ते लोन का इंतजार कर रहे हैं, तो फिलहाल ये उम्मीद पूरी नहीं हो सकेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि आरबीआई ने ब्याज दर को 5.25% पर बरकरार रखा है। इसके मायने हैं कि नए लोन की तरह मौजूदा लोन और एटक भी सस्ती नहीं होंगी। आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी, यानी एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 5 अगस्त को बताया कि दुनियाभर में जारी उठापटक की वजह से महंगाई बढ़ी है। इसके चलते फिलहाल ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### प्लास्टिक के नोट अप्रैल-मई 2027 में आएंगे

**नई दिल्ली।** पॉलीमर यानी प्लास्टिक के नोट अगले साल अप्रैल-मई के बीच लॉन्च होंगे। यह जानकारी आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी, यानी एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि शुरूआत में कम वैल्यू के पॉलीमर करेंसी नोट जारी किए जाएंगे। इनका मार्केट में सकुर्लेशन और इस्तेमाल सबसे ज्यादा होता है। उन्होंने कहा- दुनिया के कई देशों जैसे ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पॉलीमर करेंसी नोट 30 साल से भी अधिक समय तक सफलतापूर्वक उपयोग में रहे हैं। भारत में कागजी नोट, विशेषकर 10 रु., 20 रु. और 50 रु. के छोटे नोट, बहुत जल्द गंदे हो जाते हैं या फटने लगते हैं।

### ईरान जंग में 6 तेल कंपनियों ने 81 अरब डालर कमाए

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान जंग शुरू होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं तो दुनियाभर में महंगाई भी बढ़ गई। इस दौरान अप्रैल से जून के बीच दुनिया की 6 सबसे बड़ी तेल कंपनियों ने रिकॉर्ड 81 अरब डॉलर का मुनाफा कमाया। अल जजीरा की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मुनाफे की यह रकम करीब 7.7 लाख करोड़ रुपए होती है, जो भारत के पूरे साल के रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। जंग शुरू हुई तक कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल था। यह अप्रैल से जून के बीच 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। यानी, तेल कंपनियों ने इस दौरान करीब 23% मुनाफा कमाया।

### आंचल खुराना का तंज

### शहनाज गिल मासूम बनने का दिखावा करती हैं



**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और 'रोडीज 8' की विनर आंचल खुराना ने पंजाब की मशहूर एक्ट्रेस शहनाज गिल पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। टेली मसाला को दिए इंटरव्यू में आंचल ने दावा किया है कि शहनाज असल में वैसी नहीं हैं जैसी सोशल मीडिया पर दिखाई देती हैं। वे केवल 'क्यूट' और भोली-भाली बनने का दिखावा करती हैं, जबकि असल में वे काफी चालाक और बदतमीज हैं। आंचल के मुताबिक, शहनाज और उनके भाई की अच्छी पब्लिक इमेज सिर्फ वीडियोज की चालाकी से की गई एडिटिंग की वजह से बनी हुई है। वीडियो एडिट करके बनाई गई अच्छी इमेज इंटरव्यू में 35 साल की आंचल खुराना ने कहा कि शहनाज खुद में ही खोई रहने वाली और कम कद्र वाली इंसान हैं। उनके वीडियोज को इस तरह से एडिट किया जाता है कि वे बेहद प्यारी और मजाकिया लगें। आंचल ने दावा किया कि वे खुद 8 महीने पंजाब में रही हैं और वहां शहनाज के बैकग्राउंड को लेकर कोई अच्छी बात नहीं बोली जाती। 'बिग बॉस 13' और 'मुझसे शादी करोगे' जैसे शोज में उन्हें ऐसा दिखाया गया जैसे वे बहुत अच्छी हैं, जबकि सच्चाई इससे अलग है।

### नैनो न्यूज

- सीजेपी प्रदर्शन में हिंसा का मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, युवाओं की बात सुनना सबसे ताकतवर हथियार, भटके युवक पत्थरबाजी करते हैं, सरकार आक्रामक रवैये से बचे
- शेख हसीना का 2 साल बाद पहला भाषण, वर्चुअल मीटिंग में कैमरा ऑफ किया, बोलीं- वे मुझे मार सकते हैं, फिर भी बांग्लादेश लौटूंगी
- मेरठ में 3 कांवड़ियों को कंटेनर ने रौंदा, मौत, बाइक से गंगा जल लेने दिल्ली से हरिद्वार जा रहे थे, एक्सप्रेस-वे पर हादसा
- भोपाल में ब्रिक्स सम्मेलन शुरू, 10 देशों की भागीदारी, 100 से ज्यादा विदेशी मेहमान आए; चार दिन चलेगी संस्कृति से जुड़ी बैठकें
- स्पेसएक्स का 4000 किलो वजनी रॉकेट चांद से टकराया, 8,690 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में घूम रहा था, नासा ने कहा- धरती को खतरा नहीं
- सेंसेक्स 152 अंक चढ़कर 78,581 पर बंद, निफ्टी 10 अंक चढ़ा, रियल्टी-ऑटो और मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी

---

मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से 21 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में

# जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता जगदीश फौजी हिरासत में

## चालू खाते में करीब 50 लाख रुपये का लेनदेन हुआ, इसी आधार पर साइबर पुलिस ने पूछताछ की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**



ग्वालियर में मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) एवं मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी 70 वर्षीय अशोक विजयवर्गीय से हुई 21 करोड़ 6 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले की जांच अब शाजापुर तक पहुंच गई है। साइबर पुलिस ग्वालियर की टीम शाजापुर कोतवाली थाने पहुंची और जिला पंचायत सदस्य जगदीश फौजी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जगदीश फौजी से जुड़े एक करंट अकाउंट में करीब 50 लाख रुपये का लेनदेन हुआ था। इसी आधार पर साइबर पुलिस ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस टीम उन्हें अपने साथ ग्वालियर ले गई, जहां मामले में आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शाजापुर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने बताया कि ग्वालियर से आई साइबर टीम 21 करोड़ रुपये की साइबर ठगी से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में शाजापुर पहुंची थी। टीम ने जगदीश फौजी से पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि जांच में संबंधित खाते में लगभग 50 लाख रुपये आने की जानकारी सामने आई है।

### पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी

स्टेट साइबर पुलिस के निरीक्षक मुकेश नारोलिया ने बताया कि यह मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। जांच के दौरान एक बड़े साइबर सिंडिकेट के सक्रिय होने के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई अन्य लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है और पुलिस सभी वित्तीय लेनदेन की पड़ताल कर रही है। निरीक्षक नारोलिया ने बताया कि आरोपी का पुलिस रिमांड (पीआर) लेने की तैयारी की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है।

### सेना के सूबेदार पद से रिटायर्ड

जगदीश फौजी, भाजपा नेता है। सेना में सूबेदार पद से रिटायरमेंट हुआ है। रिटायरमेंट के बाद भाजपा से जुड़े और उसके बाद जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 6 से चुनाव लड़ा और चुनाव जीते। चुनाव जीतने के बाद इन्हें जिला पंचायत में निर्माण समिति का सभापति बनाया गया और यह उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के खास माने जाते हैं।

---

मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में कथित दान घोटाले को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमाई

## 5 साल के चढ़ावे का होगा ऑडिट, 9 गिरफ्तार, 46 कर्मचारी निलंबित

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**



मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में कथित दान घोटाले को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर की दान पेटी में पिछले पांच वर्षों के दौरान जमा नकदी और चढ़ावे में मिले सोने-चांदी के आभूषणों का विशेष ऑडिट कराने का फैसला किया है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पांच वर्षों के दान का ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि इस जांच के बाद घोटाले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इस विवाद की शुरूआत तब हुई जब राज ठाकरे ने दावा किया कि सिद्धिविनायक मंदिर की दान पेटी से हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की हेराफेरी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक पत्र भी भेजा गया था, जिसमें मंदिर कर्मचारियों की संलिप्तता का उल्लेख था। राज ठाकरे के अनुसार, जिन कर्मचारियों पर चोरी का संदेह था, उनके पकड़े जाने के बाद मंदिर में मिलने वाले दान की औसत राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### सीआईडी जांच कराने की भी मांग

मार्च में दान पेटी से नकदी गायब होने का मामला सामने आया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में कुछ कर्मचारी छोटी दान पेटियों से नकदी निकालते हुए दिखाई दिए। इसके बाद एसीबी की निगरानी में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजन पेंडुलकर समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अब तक इस मामले में 46 कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। ट्रस्ट ने पूरे मामले की सीआईडी जांच कराने की भी मांग की है।

## मेटा फाउंडर मार्क जुकरबर्ग ने सरकार से माफी मांगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने भारत सरकार से चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मैटेरियल , डीपफेक कंटेंट और प्लेटफॉर्म के संचालन में हुई गलतियों पर माफी मांगी है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दी है।

आज ही संसदीय समिति ने 3 दिन के भीतर बिना शर्त माफी मांगने को कहा था। साथ ही चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो मेटा को भारत में मिलने वाली कानूनी सुरक्षा और कुछ छूट वापस लेने पर विचार किया जा सकता है। इसी मामले में आईटी मंत्रालय और मेटा के अधिकारियों के बीच दो दिन की बैठक चल रही है। सरकार ने मेटा की ग्लोबल टीम को दिल्ली बुलाया है। 5 अगस्त को बैठक का पहला दिन था। दरअसल, सरकार पीएम मोदी का वीडियो फेसबुक से हटाने से भी नाराज थी। मोदी ने 23 जुलाई को यह वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने पेपर लीक को बड़ी समस्या बताया था। उन्होंने ऐसे मामलों की जल्द सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की भी बात कही थी।

---

राहुल गांधी का सरकार पर निशाना, बोले- छात्रों ने हिंसा नहीं की

## प्रदर्शनकारियों के घर गुंडे भेजे गए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्र आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करने वाले छात्रों के साथ मारपीट की गई, उन्हें धमकाया गया और उनके घरों तक लोगों को भेजा गया। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों ने कोई हिंसा नहीं की, बल्कि वे बेहतर शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा पेपर लीक रोकने की मांग कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने छात्र आंदोलन में शामिल कई युवाओं से खुलकर बातचीत की। छात्रों ने उन्हें बताया कि प्रदर्शन के दौरान उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें डराया-धमकाया गया। राहुल गांधी ने कहा कि खराब होती शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाना कोई अपराध नहीं है।

कॉकरोच जनता पार्टी प्रेशर ग्रुप की तरह काम करेगी, देश को जन-आंदोलन की जरूरत

## सीजेपी को पॉलिटिकल पार्टी नहीं बनाएंगे : अभिजीत दीपके

**एजेंसी ▸▸ छत्रपति संभाजीनगर**



सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने बुधवार को कहा, कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी फिलहाल राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी। अभी भारत को एक मजबूत प्रेशर ग्रुप की जरूरत है, इसलिए कॉकरोच पार्टी उसी भूमिका में काम करेगी।

दीपके ने कहा, अगर हम राजनीतिक पार्टी बनाते, तो हमारा आंदोलन सफल नहीं होता। आंदोलन इसलिए सफल हुआ, क्योंकि अलग-अलग विचारधाराओं और राजनीतिक दलों के लोग लोकतंत्र को कमजोर करने वाली चीजों के खिलाफ एक साथ आए। आज भारत को किसी नई राजनीतिक पार्टी की नहीं, बल्कि एक मजबूत जन आंदोलन की जरूरत है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सीजेपी की आज से दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। बैठक से पहले मीडिया से बातचीत में दीपके ने बताया कि इसमें जंतर-मंतर आंदोलन की समीक्षा, ई20 पेट्रोल, शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि संगठन को देशभर में कैसे मजबूत किया जाए।

---

### गडकरी से जुड़ी आपत्तिजनक पोस्ट फौरन हटाएं: कोर्ट

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा और एक्स को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट फौरन हटाने का आदेश दिया। साथ ही पोस्ट करने वाले यूजर्स की जानकारी भी मांगी। हाईकोर्ट ने इन कंपनियों से कहा, भविष्य में भी अगर मंत्री की ओर से ऐसा कोई कंटेंट ध्यान में लाया जाता है, तो उसे भी हटाया जाएगा।' गडकरी ने 27 जुलाई को हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

मीनाक्षी नटराजन ने केवट की निर्विरोध जीत को दी चुनौती

## भाजपा के 3 राज्यसभा सांसदों को नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

एमपी से निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने गए भाजपा के महेश केवट, तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल को जबलपुर हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। यह मामला कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने से जुड़ा है। कोर्ट ने चुनाव आयोग और निर्वाचन अधिकारी से भी जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी।

न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की एकल पीठ ने मंगलवार को मीनाक्षी नटराजन की ओर से दायर इलेक्शन पिटीशन पर प्रारंभिक सुनवाई की। नटराजन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता और अधिवक्ता आर्यन गुप्ता ने पक्ष रखा. याचिका में तर्क दिया गया है कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन अनुचित आधार पर रद्द किया गया था। इसमें भाजपा के निर्वाचित उम्मीदवार महेश केवट के निर्वाचन को निरस्त करने की मांग की गई है।

### चुग और अग्रवाल को भी नोटिस

तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल के निर्वाचन को याचिका में सीधे चुनौती नहीं दी गई है। इसके बावजूद हाईकोर्ट ने दोनों को नोटिस जारी किया है, क्योंकि चुनाव याचिका पर आने वाले अंतिम फैसले का असर उनके निर्वाचन पर भी पड़ सकता है। भाजपा के राज्यसभा सांसद महेश केवट ने कहा कि उन्हें अभी तक हाईकोर्ट के नोटिस की कोई जानकारी नहीं मिली है।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दिए निर्देश

## इंश्योरेंस नहीं तो पेट्रोल-डीजल नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**




भारतीय सड़कों पर मौजूद 30.48 करोड़ व्हीकल में से लगभग 16.54 करोड़ व्हीकल के पास अनिवार्य थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस नहीं है। इससे दुर्घटना के शिकार लोगों और उनके परिवारों को देर से या अपर्याप्त मुआवजा मिलने का जोखिम रहता है। अब शीर्ष अदालत चाहती है कि केंद्र सरकार एक सरल नियम को लागू करके देखे।

किसी भी गाड़ी की फिटनेस और मेंटेनेंस के साथ उसकी इंश्योरेंस भी काफी जरूरी है। हालांकि, आपको जानकार हैरत होगी कि देश के 16.5 करोड़ व्हीकल बिना इंश्योरेंस सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ऐसे में इन व्हीकल और इनके ओनर्स पर लगाम कसने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने का निर्देश दिया। यह प्रोजेक्ट फ्यूल लेने को वैलिड मोटर इंश्योरेंस से जोड़ेगा। बता दें कि भारतीय सड़कों पर मौजूद कुल व्हीकल के करीब 56% बिना इंश्योरेंस चल रहे हैं।

### 16.54 करोड़ व्हीकल के पास थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस नही

भारतीय सड़कों पर मौजूद 30.48 करोड़ व्हीकल में से लगभग 16.54 करोड़ व्हीकल के पास अनिवार्य थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस नहीं है। इससे दुर्घटना के शिकार लोगों और उनके परिवारों को देर से या अपर्याप्त मुआवजा मिलने का जोखिम रहता है। अब, अपने हालिया फैसले में शीर्ष अदालत चाहती है कि केंद्र सरकार एक सरल नियम को लागू करके देखे। अगर वैलिड थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस नहीं है, तो लोगों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा।

श्री समर्थ

तृतीय पुण्य तिथि

श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी



स्व. श्री जे.पी. हरदेनिया

वो जो प्यार का खजाना था, झरने सा बह गया,
पत्थर पर गिरते पानी की आवाज सी स्मृतियां बज रही हैं....

श्रद्धावनत्

हरदेनिया परिवार, उज्जैन, सुसनेर

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### वाह नगर की संस्था वेल डन युवा अधिकारी

एक दौर था जब नगर की संस्था ने सालों आगर रोड बनाया था उसके बावजूद उसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया था। तत्कालीन यंत्रियों की पूरी जंत्री जूट गई थी उसके बाद भी काम ठीक से नहीं हो पाया था। कभी पुरानी पाइप-लाइन फूट पड़ती थी तो कभी रोड धंस जाती थी। ऐन महाआयोजन के पूर्व आगर रोड का काम सरकार के निर्माण वाले विभाग को सौंपना पडा था और तत्कालीन दौर में प्रचलित कंपनी ने इस काम को पूरा किया था और महाआयोजन से पूर्व यह सड़क बन सकी थी। एक दौर यह है जब सवारी का मार्ग पूरी तरह से उधड़ा हुआ था। इधर से उधर तक ऐसे हाल थे कि देखने वालों को लगा था इतने कम समय में कैसे होगा और किस तरह से होगा। इधर देखो कुआ उधर देखो खाई के हाल साफ थे। नगर की संस्था ने युवा अधिकारी के नेतृत्व में वो सब कुछ कर दिखाया जिस पर सवाल कायम हो रहा था। वाह नगर की संस्था, वेल डन युवा अधिकारी। गजब का जोश और काम करवाने की क्षमता। कार्यदक्षता चीते की और चिंता लक्ष्य बनाकर सबकुछ कर दिखाया। ये बिल्कुल सही था कि समय बिल्कुल नहीं था। दिन और घंटों के मान से काम ज्यादा था। ढाबा रोड का सौंदर्यीकरण भी इसी दौरान किया गया और रामघाट के रास्ते को बिल्कुल बना कर दिया। ठेकेदारों से गजब का काम लिया और खास बात यह कि काम के इतने दबाव के दौरान भी कोई विवाद नहीं। न किसी कर्मचारी अधिकारी पर कोई कार्रवाई और न ही कोई प्रशासनिक ऐसा दबाव जो नहीं होना चाहिए। सहज और सामान्य तरीके से ही सब कुछ संभव कर दिखाया। युवा अधिकारी ने टीम भावना से उस संस्था के यंत्रियों से ऐसा काम लिया जो कभी शहर में संभव नहीं हो सका उसे संभव कर दिखाया और अविश्वासी को विश्वास में तब्दील कर दिया। यही नहीं सवारी निकलते ही पूरे रोड बिल्कुल साफ, शहर क्लीन एवं ग्रीन सिटी के प्रोजेक्ट पर चल पडा। धर्म का दर्शन करने आए नासमझ लोगों ने इस दौरान सड़कों पर प्लास्टिक बोतल, डिस्पोजल का उपयोग कर फेंका उसे भी साफ करवाया गया। युवा अधिकारी के रात और दिन निरीक्षण और प्रशासकीय प्रक्रिया के साथ काम पर सीधी और पैनी नजर से ये संभव हो सका। खुसूर-फुसूर है कि आमजन को अब भी यकीन नहीं हो रहा है कि यह काम हो गया है। लोग टूटे हुए हिस्से को देखने के बाद अब इसके बनने की स्थिति में क्षेत्र में देखने पहुंच रहे हैं कि काम हुआ की नहीं इसका यकीन करने के लिए। चौड़े मार्ग से सवारी निकलने में सुलभता और सहजता का एहसास सवारी के दर्शन के दौरान यहां शहर वासियों ने किया है। युवा अधिकारी का नगर की संस्था को अभिनंदन करना चाहिए जिसने मान बढ़ाया और इतने कम समय में काम को अंजाम तक पहुंचाया। उस पूरी टीम का भी सम्मान होना चाहिए जिसने रात दिन एक कर काम को सवारी से पहले अंजाम तक पहुंचाया। इसके लिए नगर की संस्था के मुखिया को आगे आना होगा और इस प्रकार के कर्मठ युवाओं का हौंसला बढ़ाना होगा।

## नैनो न्यूज

- श्याम श्रावण महोत्सव में आज सजेगी भजन संध्या, ख्यातनाम तबला वादक शैलेन्द्र भट्ट और संगीत निदेशक अजय मेहता देंगे प्रस्तुति
- जिले की वेडिंग इंडस्ट्री का महाकुंभ शामियाना महोत्सव श्री महाकाल टेन्ट गार्डन एवं मडप व्यवसायी संघ द्वारा 12 अगस्त को होगा
- प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई की बैठक, बनाई चुनावी रणनीति
- मप्र निजी वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन और एमपी डब्ल्यूएलसी की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न, त्वरित निराकरण का मिला आश्वासन
- स्थानीय संसाधनों और नवीन तकनीकों से उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनें युवा
- 118 किमी के पंचकोशी मार्ग पर 9 को निकलेगी चारद्वार साइकिल यात्रा, प्रथम पुरस्कार में मिलेगी साइकिल, चामुंडा माता मंदिर से होगा शुभारंभ
- भ्रष्टाचार और मानवाधिकार हनन पर रखेंगे नजर, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जारी किया नियुक्ति पत्र
- उज्जैन से पहली बार निकली डाक कांवड़ यात्रा, कृषि उपज मंडी में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

## ट्रेंडिंग




कान्ह के प्रदूषण से शिप्रा की मुक्ति के लिए सैंकड़ों अरब की योजना पर अमल

# देवास में डेढ़ करोड़ के स्टाप डेम की स्वीकृति की अपेक्षा में शिप्रा में प्रदूषण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शिप्रा में प्रदूषण को लेकर स्थानीय अखाड़ा परिषद ने मुहिम छेडी है। देवास में नागदहन नदी का प्रदूषित पानी शिप्रा में मिलाने को लेकर संतों ने गुस्सा जताया है। मात्र डेढ़ करोड़ के स्टाप डेम की स्वीकृति की अपेक्षा में यह प्रदूषित पानी शिप्रा में बहाया जा रहा है। स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास ने इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा करने की जानकारी दी है। उनके अनुसार देवास में शिप्रा निरीक्षण में सामने आई बातों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया है अगले कुछ दिनों में डेम की राशि स्वीकृत हो जाएगी।

स्थानीय अखाडा परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने उज्जैन से देवास पहुंचकर शिप्रा में प्रदूषण की स्थिति को देखा है। नदी नाले के साथ फैक्ट्री का निरीक्षण कर शिप्रा नदी में मिल रहे जहरीले पानी को लेकर देवास कलेक्टर को भी उन्होंने चेतावनी दी है।

### स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री यादव से चर्चा कर पूरे मामले से अवगत करवाया





### डेढ़ करोड़ के स्टाप डेम के फेर में प्रदूषण

डॉ. रामेश्वर दास ने बताया कि देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मुलाकात कर प्रोजेक्ट की जानकारी ली और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संत समाज मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि सिंहस्थ से पहले यहां स्टापडेम बनाकर पानी रोका जाएगा। शिप्रा को स्वच्छ बनाने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की योजना पर काम चल रहा है। यहां से उपचारित पानी कृषि के लिए दिया जाएगा। प्रदूषित पानी को एसटीपी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जबकि अमृत फेज-2 के तहत सीवेज लाइन का काम भी अगले साल जून-जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य है। महंत डॉ. रामेश्वर दास ने कहा कि उन्होंने प्रतिनिधि मंडल के साथ एक उद्योग का निरीक्षण किया है जहां उन्हें संतुष्टिकारक जवाब नहीं मिला और न ही कारगर कार्रवाई की स्थिति ही मिली है।

### कान्ह के लिए क्लोज डक्ट प्रोजेक्ट

शिप्रा की सेहत सुधारने के लिए सरकार ने कान्ह नदी क्लोज डक्ट योजना को अमल में लाया है। 918 करोड़ से अधिक की योजना में इंदौर से कान्ह नदी में आ रहे प्रदूषण को रोका जाएगा। इसके साथ ही शिप्रा को प्रवाहमान बनाने के लिए सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी योजना को अमल में लाया गया है। इसके विपरित देवास से शिप्रा में मिल रहे प्रदूषित पानी को लेकर प्रशासनिक नजरअंदाजी की स्थिति कायम होने को लेकर संतों ने यह निरीक्षण किया है। स्थानीय अखाडा परिषद अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास के अनुसार कान्ह का प्रदूषण रोकने की स्थिति में देवास से शिप्रा नदी में केमिकल उद्योगों का जहरीला पानी सरे आम मिलाया जा रहा है। जिसे लेकर फिलहाल कोई कार्य योजना नहीं है। ऐसे में कान्ह की योजना कैसे सार्थक होगी। 2028 के उज्जैन सिंहस्थ कुंभ में तो स्नान होना ही है। इससे पहले शिप्रा में पर्व स्नानों की परंपरा है। प्रदूषण से श्रद्धालु बराबर आहत हो रहे हैं। इसी प्रदूषण को लेकर संत समाज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में महंत रामेश्वर गिरी महाराज, महंत महावीरनाथ महाराज साथ थे। देवास के नागदा से निकली नागदहन नदी आगे चलकर शिप्रा में मिलती है। इसी में की फैक्ट्रियों का बगैर उपचारित पानी, जहरीला केमिकल युक्त पानी रात के अंधेरे में नदी में छोड़ा जा रहा है। यह पानी इतना प्रदूषित है कि इससे न सिर्फ नदी, बल्कि खेत और पशु भी प्रभावित हो रहे हैं। संतों के अनुसार शिप्रा में लाखों श्रद्धालु आचमन करते हैं और सिंहस्थ में अब सिर्फ दो साल का समय बचा है। उन्होंने सवाल उठाया कि नागदहन नदी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सवालों के घेरे में

स्थानीय अखाडा परिषद के नागदहन नदी में प्रदूषण की स्थिति उजागर करने के बाद क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। आखिर देवास औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों से निकलने वाले दूषित जल को रोकने के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) की स्थापना धरातल पर कब की जाएगी और बोर्ड स्तर पर इसे लेकर गंभीरता से प्रयास क्यों नहीं किए जा रहे हैं। वर्ष 2004 के सिंहस्थ के समय से यह मुद्दा बराबर कायम है। इसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उदासीनता के बीच ही 2016 का सिंहस्थ महाकुंभ बिना सीईटीपी संयंत्र के ही बीत गया, इस पर भी 10 साल व्यतीत हो चुके हैं और अब सिंहस्थ 2028 सिर पर आ चुका है। इतने सालों बाद भी औद्योगिक दूषित जल के स्थायी उपचार हेतु कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। इस प्रदूषित जल का प्रभाव उज्जैन में धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां के वासियों को उठाना पड़ रहा है। ऐसे में बोर्ड एवं देवास जिला प्रशासन को एनजीटी में जवाब देना महंगा पड़ सकता है।

उज्जैन, तराना, माकड़ौन तहसील छोड़ सभी तहसीलों में पिछले वर्ष से अधिक वर्षा

# भारी बारिश का अलर्ट के बावजूद उज्जैन में मौसम साफ

## प्रदेश में वर्षा का घाटा बढ़कर 18 फीसदी तक पहुंचा, 55 में से 43 जिले सामान्य वर्षा से पीछे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इस मानसून सत्र के पिछले सवा दो माह में उज्जैन जिले में अब तक हुई वर्षा का औसत पिछले वर्ष से करीब पौने दो इंच ज्यादा है। इसके साथ ही जिले की उज्जैन सहित 3 तहसीलों में इस अवधि में 4 इंच से 1 इंच तक कम वर्षा की स्थिति सामने आ रही है। मानसून विभाग की और से पूर्व घोषित स्थितियों में भी फेर है। तीन दिन पहले उज्जैन में अगले 4 दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी हुई थी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

इस वर्ष मानसून पहले ही करीब 5 दिन देरी से आया है। इसके बाद अलनीनो से प्रभावित होने का फेर उस पर प्रभावी रहा है। मानसून के प्रारंभिक दिनों से लेकर अब तक जिले में औसत वर्षा करीब 20 इंच ही हुई है जो कि पिछले वर्ष से करीब पौने 2 इंच ज्यादा है। इसमें भी उज्जैन, तराना, माकड़ौन तहसील में पिछले वर्ष के मुकाबले 4 से लेकर 1 इंच तक बारिश कम हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों में मानसून फिर जोर पकड़ सकता है और प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।



### पिछले वर्ष की अपेक्षा कहां कितनी वर्षा

| तहसील | अब तक वर्षा | पिछले वर्ष |
|---|---|---|
| उज्जैन | 374.2 | 451.0 |
| घटिट्या | 375.0 | 257.5 |
| खाचरौद | 447.0 | 373.0 |
| नागदा | 450.8 | 348.9 |
| बडनगर | 377.0 | 313.0 |
| महिदपुर | 454.0 | 323.0 |
| झार्डा | 459.0 | 450.4 |
| तराना | 441.2 | 475.3 |
| माकडौन | 172.0 | 223.0 |

स्त्रोत-जिला भू-अभिलेख से जारी आंकडों के आधार पर।

- **सबसे कम माकड़ौन, सर्वाधिक झार्डा में-** जिले की वार्षिक औसत वर्षा 906.2 मिलीमीटर यानिकी 36.2 इंच है। इसमें मानसून सत्र 01 जून से 30 सितंबर तक रहता है। जिले में पिछले सवा दो माह में अब तक सबसे कम बारिश माकड़ौन तहसील में हुई है। इसकी अपेक्षा झार्डा में इस अवधि में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई है।
- **प्रदेश में 18 फीसदी घाटा-** प्रदेश में मानसून की हालत पस्त हो गई है। पिछले 5 दिनों से कहीं भी व्यापक और भारी बारिश दर्ज नहीं होने से इस मानसून सत्र में अब तक प्रदेश में वर्षा का घाटा 18 प्रतिशत तक जा पहुंचा है। प्रदेश के 55 में से 43 जिले सामान्य बारिश से पीछे चल रहे हैं और पूरे सीजन में अब तक औसत से करीब साढ़े तीन इंच कम पानी बरसा है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मौसम प्रणालियां पर्याप्त मजबूत नहीं रहीं, इसलिए प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश ही हुई। हालांकि, अब उत्तर भारत में सक्रिय दो चक्रवाती परिसंचरण और नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज हो सकती है।

### कोटे की आधी बारिश भी नहीं हुई

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक औसतन 16 इंच (407.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस समय तक 19.5 इंच (495.2 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी। यानी प्रदेश सामान्य से करीब 18 प्रतिशत पीछे है और अब तक सामान्य वर्षा का आधा आंकड़ा भी पूरा नहीं हो सका।

### मात्र कुछ जिलों में औसत से अधिक

प्रदेश में बड़वानी, भिंड, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, खंडवा और खरगोन ऐसे जिले हैं, जहां औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इसकी अपेक्षा जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में हालात अधिक चिंताजनक हैं। यहां औसतन 22 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है और सभी जिले सामान्य से पीछे हैं। वहीं पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 15 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है।

# उज्जैन स्टेशन को महाकाल थीम पर विकसित किया जाए

## स्टेशन निरीक्षण से पहले यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और सिंहस्थ तैयारियों को लेकर दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) रामाश्रय पांडे के उज्जैन रेलवे स्टेशन निरीक्षण से पूर्व रतलाम मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने स्टेशन के समग्र विकास, यात्री सुविधाओं और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान इन बिंदुओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए, ताकि उज्जैन रेलवे स्टेशन को देश के सर्वश्रेष्ठ और श्रद्धालु-अनुकूल स्टेशनों में शामिल किया जा सके।

राजेश शर्मा ने सबसे पहले उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पूर्णकालिक, अनुभवी एवं सक्षम स्टेशन डायरेक्टर की तत्काल नियुक्ति की मांग की। उनका कहना है कि ऐसा अधिकारी उज्जैन में रहकर स्टेशन की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी कर सके तथा यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन को देखते हुए निर्णय लेने वाले जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों को होने वाली असुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकांश प्लेटफॉर्म पर आज भी शौचालयों का अभाव है। इसका सबसे अधिक प्रभाव दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं पर पड़ता है। उन्होंने प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर आधुनिक, स्वच्छ और सुलभ शौचालयों के निर्माण की मांग की।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने स्टेशन परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्मार्ट कैमरे लगाने का सुझाव दिया। उनके अनुसार ये कैमरे संदिग्ध गतिविधियों, महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों, भीड़ नियंत्रण, हिंसा और गंदगी जैसी घटनाओं की स्वतः पहचान कर कंट्रोल रूम को तत्काल सूचना दे सकेंगे, जिससे समय पर कार्रवाई संभव होगी।

राजेश शर्मा ने टिकट चेकिंग स्टाफ, स्टेशन मास्टर, पूछताछ केंद्र के कर्मचारियों, कुलियों तथा अन्य फ्रंटलाइन कर्मचारियों को सीपीआर (सीपीआर) और प्राथमिक जीवन रक्षक प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से देने की भी मांग की।

## सवारी मार्ग से नगर निगम ने हटाए जर्जर भवन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की सवारी और आगामी सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने सवारी मार्ग को सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को निगम ने ढाबा रोड क्षेत्र में सवारी मार्ग पर स्थित एक जी+2 जर्जर एवं गिराऊ भवन के खतरनाक हिस्सों को हटाया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई।

भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता की मौजूदगी में निगम की रिमूवल टीम ने भवन का निरीक्षण कर उन हिस्सों को हटाया, जिनसे सवारी मार्ग से गुजरने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा था। कार्रवाई के दौरान आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए भवन के जोखिमपूर्ण भाग को व्यवस्थित तरीके से हटाया गया। महाकाल सवारी मार्ग पर जर्जर भवनों, अस्थायी अतिक्रमण, सड़क व नालियों में अवरोध सहित अन्य संभावित जोखिमों की लगातार पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क सुधार और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके।

## श्रावण-भादौ मास में आयोजित होने वाली श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



श्री महाकाल महालोक में श्रावण- आयोजित होने वाली श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या के प्रथम दिवस मानस शर्मा उज्जैन के समूह नृत्य, सुधा गुप्ता उज्जैन के समूह गायन व परमानंद गंधर्व नागदा के द्वारा वादन की प्रस्तुति से महाकालेश्वर महालोक का वातावरण शिवमय हुआ।

प्रथम प्रस्तुति में परमानंद गंधर्व के वादन की प्रस्तुति हुई जिसमें ताल तीनताल में तबला एवं पखावज की जुगलबंदी प्रस्तुत की इस प्रस्तुति में क्रमशः पेशकार, कायदे, रेला, विभिन्न तिहाइयां तथा अन्य पारंपरिक रचनाओं का रहा। संपूर्ण वादन के साथ प्रस्तुति का समापन किया गया। आपके साथ तबला पर चंदन दास बैरागी, नितिन गंधर्व, श्रेयांश भाटी, हारमोनियम पर रविन्द्र पंवार, वायलिन पर रोहित शर्मा व ढोलक पर फुंदालाल गंधर्व ने संगत की।

श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या की द्वितीय प्रस्तुति सुधा गुप्ता के समूह गायन की हुई। श्रीमती सुधा गुप्ता ने रूद्रांजलि सुगम्य गायन में गणेश वंदना, जागो भोलेनाथ हमारे, सदा शिव सदा, मन में एतबार एवं जिनकी करुणा से त्रिभवन के दीप जलते है शिव भजनों की प्रस्तुति दी आपके साथ गायन में डॉ. प्रीति देवले, विशाल सोनी व सुनिता जैन। हार्मोनियम में कुलदीप दुबे, तबला पर सक्षम देवले, ढोलक पर सुरज चक्रावदिया व मंजीरा पर श्री विभाष देवले ने संगत की।

बड़नगर में जन-समस्याओं को लेकर उफना जन आक्रोश पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में बड़नगर रहा पूर्णतः बंद

# बाइक रैली व पैदल मार्च निकालकर एसडीएम को सौंपा 71 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

विधानसभा क्षेत्र बड़नगर में व्याप्त गंभीर जन-समस्याओं, प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्ट कार्यप्रणाली और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित विशाल जन आक्रोश आंदोलन अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में समस्त कांग्रेस संगठन द्वारा बड़नगर शहर के समस्त व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने स्वेच्छा से अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर शासन-प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

आंदोलन के तहत सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक बड़नगर शहर पूर्णतः स्वैच्छिक बंद रहा। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एक विशाल बाइक रैली और पैदल मार्च



निकालकर संपूर्ण नगर में भ्रमण किया। रैली के माध्यम से आम जनता और व्यापारियों का आभार व्यक्त किया गया तथा प्रशासन की नाकामी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही दोपहर 11 बजे से 3 बजे गांधी चैक पर एक विशाल धरना आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### 71 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

धरना प्रदर्शन के उपरांत पूर्व विधायक मुरली मोरवाल एवं कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम धीरेंद्र पारासर, एस.डी.ओ.पी. महेन्द्रसिंह परमार, को प्रशासन और विभिन्न विभागों (कृषि, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी जल संसाधन, नगरपालिका आदि) के नाम 71 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप कर समस्त समस्यों का 15 दिवस में निदान करने की मांग की यदि समस्त मागों की समय पर कार्यवाही नही होती है तो पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने भूख हड़ताल, जेल भरों आन्दोलन, रैल चक्का जाम करने की चेतावनी दी हैं। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण आज बड़नगर का हर नागरिक त्रस्त है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जल जीवन मिशन और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान खाद, बीज, बिजली और फसल बीमा के लिए दर-दर भटक रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा की रुकी हुई राशि का तत्काल भुगतान हो, मंडियों में तौल की धांधली रुके, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए और किसानों को दिन में पर्याप्त बिजली दी जाए। सड़क एवं जल जीवन मिशन की उखड़ी पाइपलाइनों से बंद पड़े रास्ते, पीरझालर, भैंसलाकलां, खड़ोतिया, रुनीजा, जाफला आदि ग्रामीण अंचलों की बदहाल सड़कों व टूटी पुलियाओं का तत्काल जीर्णोद्धार किया जाए। नगर में शुद्ध पेयजल संकट दूर हो, बारिश के जलभराव से मुक्ति मिले, फॉगिंग और साफ-सफाई नियमित हो, नामांतरण व पीएम आवास योजना के पारदर्शी कार्य हों। युवाओं के रोजगार हेतु उद्योग लगे, नशे पर प्रभावी रोक लगे। नीट परीक्षा घोटाले की निष्पक्ष जांच हो व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही सहारा इंडिया में फंसे नागरिकों के पैसों की वापसी और अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। शासकीय अस्पतालों में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो और सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार व आमजन की अनदेखी पर लगाम लगे।

उक्त धरना कार्यक्रम को अजा विभाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश बोद्ध, निलेश शर्मा (अध्यक्ष सेवादल बड़नगर ब्लॉक), वनिषराज कटारिया (अध्यक्ष सेवादल शहर), पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, हेमन्त उपाध्याय पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण मोरवाल, जनपद सदस्य नरेन्द्रसिंह धतुरीया, पूर्व जिला पचांयत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, दिनेश सनोलिया, बालाराम कुण्डलेवती, नारायणसिंह डोडिया, सरपचं रामेश्वर बैरागी, लक्ष्मीनारायण यादव, नरेन्द्र मुण्डेल, अखलाक शेख, भारत चैधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र परमार, पूर्व जनपद सदस्य महेश विजयवर्गीय आदि ने संबोधित किया।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार, 06 अगस्त, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### हार के बाद भाजपा का बड़ा संगठनात्मक फैसला

**भोपाल।** दतिया में चुनावी हार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा संगठनात्मक कदम उठाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर जिले की सभी संगठनात्मक इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। अब जिले में बूथ, मंडल और अन्य संगठनात्मक स्तरों पर नए सिरे से गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हालिया चुनावी परिणामों और संगठन की कार्यप्रणाली की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया। नए गठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने के साथ संगठन को अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने पर जोर रहेगा। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि पुनर्गठन से कार्यकताओं में नई ऊर्जा आएगी और आगामी चुनावों की बेहतर तैयारी हो सकेगी। दतिया में संगठन को पूरी तरह भंग करना भाजपा का बड़ा संदेश है, जिससे स्पष्ट है कि पार्टी चुनावी प्रदर्शन को लेकर गंभीर है।

### बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं गैस सिलेंडर किये जब्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायत पर महू क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। रहवासी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शराब बिक्री एवं अहातों की शिकायत मिलने पर एसडीएम श्री राकेश परमार के मार्गदर्शन में प्रशासनिक दल ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान लगभग पाँच अवैध ढाबों एवं एक अहाते को जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया। अभियान के दौरान मौके से अवैध शराब का जखीरा जब्त किया गया तथा अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडरों को भी कब्जे में लिया गया। संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### इंदौर जिले के 900 आपदा मित्रों को किया जायेगा प्रशिक्षित

**इंदौर।** मंगलवार से इंदौर जिले में सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन एसडीआरएफ के प्रशिक्षण केंद्र, रालामंडल (इंदौर) में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में करीब 150 आपदा मित्रों का पंजीकरण किया गया है। जिले के लिए कुल 900 आपदा मित्रों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि आपदा की स्थिति में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित आपदा मित्रों की प्रभावी सहायता उपलब्ध हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर, खोज एवं बचाव, बाढ़ प्रबंधन, अग्निशमन के प्रारंभिक उपाय, घायलों का सुरक्षित स्थानांतरण तथा स्थानीय संसाधनों जैसे केले के तने और प्लास्टिक की बोतलों की सहायता से अस्थायी राफ्ट और स्ट्रेचर तैयार करने जैसी व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्थापित करेगा नई पहचान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल के नाथू बरखेड़ा में विकसित हो रहा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी और सबसे महत्वाकांक्षी खेल अधोसंरचना विकास परियोजनाओं में से एक है। इससे मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर की स्पधाएं होंगी, जिससे भोपाल खेलों के वैश्विक मानचित्र में अपनी नई पहचान कायम करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 985.76 करोड़ रुपये की लागत से 136.296 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा यह अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स परिसर मध्यप्रदेश को देश का स्पोर्ट्स हब बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को नाथू बरखेड़ा स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (खेल परिसर) में निर्माणाधीन कार्यों का मुआयना किया। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सचिव खेल संजीव सिंह, संचालक खेल अंशुमन यादव सहित अन्य अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## नैनो न्यूज

- **ग्वालियर में बनेगा देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन-** ग्वालियर में देश के पहले टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के लिए लगभग 5,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे हजारों रोजगार सृजित होने की संभावना है।
- **नीट-यूजी काउंसलिंग आज से शुरू-** मध्य प्रदेश में नीट और यूजी प्रवेश के लिए नीट-यूजी 2026 की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण कर सकेंगे।
- **कांग्रेस ने दतिया जीत को बताया बड़ा संदेश-** कांग्रेस नेतृत्व ने दतिया उपचुनाव में मिली जीत को प्रदेश में पार्टी की मजबूती का संकेत बताया। दिल्ली में हुई समीक्षा बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा हुई।
- **मप्र में छात्र संघ चुनाव की तैयारी तेज-** प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट को बताया है कि करीब नौ साल बाद छात्र संघ चुनाव कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।
- **आईआईटी- बीयू और मप्र सरकार के बीच समझौता-** उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी- बीयू और मध्य प्रदेश सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

राजनीतिक नगरी माने जाने वाले इंदौर में संगठन विस्तार का इंतजार अक्सर सबसे लंबा रहता

# पहले प्रदेश फिर इंदौर... भाजपा-कांग्रेस का एक जैसा संगठनात्मक फार्मूला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस वैचारिक रूप से भले ही आमने-सामने खड़ी हों, लेकिन संगठनात्मक नियुक्तियों के मामले में दोनों दलों का इंदौर को लेकर एक जैसा फार्मूला दिखाई देता है।

प्रदेश के अधिकांश जिलों, मोर्चों, प्रकोष्ठों और विभागों में नियुक्तियां पूरी होने के बाद ही इंदौर की बारी आती है। यही वजह है कि प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक नगरी माने जाने वाले इंदौर में संगठन विस्तार का इंतजार अक्सर सबसे लंबा रहता है। इन दिनों कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। पार्टी पहले विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों को भंग कर चुकी है। अब महिला कांग्रेस की नई नियुक्तियां भी शुरू हो गई हैं, लेकिन पहली सूची में इंदौर को स्थान नहीं मिला। इससे पहले भी अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित कई संगठनात्मक इकाइयों के पुनर्गठन में इंदौर को इंतजार करना पड़ा था। कमोबेश यही तस्वीर भारतीय जनता पार्टी में भी देखने को मिलती है। भाजपा प्रदेश संगठन पहले अधिकांश जिलों और मोर्चों की जिम्मेदारियां तय करता है, जबकि इंदौर शहर और जिला संगठन को लेकर फैसला बाद में होता है। कई बार प्रदेशभर में नियुक्तियां पूरी होने के बाद भी इंदौर के नामों पर मंथन चलता रहता है।



सियासी गलियारों में चर्चा है कि इंदौर केवल एक जिला नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की राजनीति का सबसे संवेदनशील और प्रभावशाली केंद्र है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने के साथ-साथ यहां के राजनीतिक फैसलों का संदेश पूरे प्रदेश में जाता है। यही कारण है कि दोनों दल इंदौर में किसी भी नियुक्ति से पहले जातीय, सामाजिक, क्षेत्रीय और गुटीय समीकरणों का गहन आकलन करते हैं।

### एक-एक पद के लिए दावेदारों की संख्या सबसे अधिक रहती

चर्चा यह भी है कि इंदौर में संगठन के एक-एक पद के लिए दावेदारों की संख्या सबसे अधिक रहती है। वरिष्ठ नेताओं, युवा चेहरों, महिला प्रतिनिधित्व, सामाजिक संतुलन और विभिन्न गुटों के बीच सामंजस्य बनाना प्रदेश नेतृत्व के लिए आसान नहीं होता। यही वजह है कि अंतिम निर्णय तक पहुंचने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जिस शहर का राजनीतिक माहौल कई बार पूरे प्रदेश की सियासत का रुख तय करता हो, वहां संगठनात्मक नियुक्तियों में जल्दबाजी की संभावना कम रहती है। दोनों दल ऐसे चेहरों पर दांव लगाना चाहते हैं जो आगामी चुनावों में संगठन को मजबूती देने के साथ सभी वर्गों को साध सकें। फिलहाल कांग्रेस में महिला कांग्रेस की नियुक्तियों के बाद अब इंदौर की नजर अगली सूची पर टिकी है, वहीं भाजपा कार्यकताओं को भी अपने शहर के संगठन विस्तार का इंतजार है। ऐसे में एक बार फिर यह सवाल सियासी हलकों में गूंज रहा है कि क्या इस बार भी प्रदेश की पूरी तस्वीर साफ होने के बाद ही इंदौर का नंबर आएगा, या फिर दोनों दल अपनी पुरानी परंपरा बदलेंगे।

### हार के बाद भाजपा का बड़ा संगठनात्मक फैसला

**भोपाल।** दतिया में चुनावी हार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा संगठनात्मक कदम उठाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर जिले की सभी संगठनात्मक इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। अब जिले में बूथ, मंडल और अन्य संगठनात्मक स्तरों पर नए सिरे से गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हालिया चुनावी परिणामों और संगठन की कार्यप्रणाली की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया। नए गठन में सक्रिय कार्यकताओं को प्राथमिकता देने के साथ संगठन को अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने पर जोर रहेगा। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि पुनर्गठन से कार्यकताओं में नई ऊर्जा आएगी और आगामी चुनावों की बेहतर तैयारी हो सकेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दतिया में संगठन को पूरी तरह भंग करना भाजपा का बड़ा संदेश है, जिससे स्पष्ट है कि पार्टी चुनावी प्रदर्शन को लेकर गंभीर है और कमजोरियों को दूर करने के लिए कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हट रही। अब सभी की नजर इस बात पर रहेगी कि नए संगठन में किन नेताओं और कार्यकताओं को जिम्मेदारी मिलती है।

भूखंड और गोदाम की लीज दर 40 रुपये वर्ग मीटर तय की गई

# मप्र की कृषि मंडियों में अधिनियम 2026 लागू

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्य प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में 17 साल बाद मंडी संचालन व भू संरचना को लेकर कर अधिनियम में बदलाव करते हुए अधिनियम 2026 लागू कर दिया है। इस अधिनियम के लागू होने के बाद अब व्यापारियों को कृषि मंडी में भूखंड से लेकर लीज की दर महंगी पड़ेगी। अनुज्ञप्ति पर 30 साल की लीज पर मिलने वाले भूखंड अथवा गोदाम की लीज दर 40 रुपये वर्ग मीटर निर्धारित की गई है।

एक अनुज्ञप्ति धारी को एक ही भूखंड लेने की पात्रता होगी। जानकारी के अनुसार सरकार ने अधिनियम 2009 को समाप्त कर करीब छह माह की मशक्कत के बाद अधिनियम 2026 लागू किया है। इसके तहत व्यापारियों को अन्य सुविधाएं भी दी गई है। अधिनियम के तहत व्यापारी को बांधकर भी रखा गया है। अधिनियम के अनुसार व्यापारी को दुकान ट्रांसफर करना महंगा पड़ेगा। अब ई-नीलामी से भूखंड का आवंटन होगा। इसकी कीमत व्यापारी को अधिक देना पड़ेगी। आवंटन भी लाइसेंस पर होगा। माना जा रहा है कि नए अधिनियम से छोटे व्यापारी मंडी कारोबार में नहीं टिक पाएंगे। अधिनियम को लेकर मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि 17 साल से अधिनियम 2009 में मंडी संचालन तथा भू-संरचना को लेकर काफी विसंगतियां थीं।

### व्यापारियों को ब्रिकी नहीं कर पा रहे थे

मंडियों में समिति के अनेक गोदाम, भूखंड को व्यापारियों का बिक्री नहीं कर पा रहे थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुसार अधिनियम 2026 लागू होने के बाद मंडी समिति के भूखंड अथवा गोदाम के आवंटन का रास्ता साफ हो गया है। व्यापारियों को आवंटित भूखंड तथा गोदाम का लीज नवीनीकरण भी अटका हुआ था, जो अब होने लगेगा। प्रदेश में वर्षों से स्थापित मंडियों में काफी कम लीज दरों पर 90 साल की लीज पर भूखंड आवंटित किए गए थे। जिस पर व्यापारी गोदाम बनाकर वर्षों से व्यापार कर रहे थे।

### लीज नवीनीकरण भी पूर्व की शर्तों के अनुसार होना चाहिए

पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुसार इन भूखंडों का लीज नवीनीकरण प्रति 30 साल में होना था। प्रीमियम की राशि भी पूर्व स्थिति में ही रहना थी। लेकिन अधिनियम 2026 के लागू होने के बाद पूर्व आवंटित भूखंडों का लीज नवीनीकरण भी वर्तमान अधिनियम के तहत ही अनुज्ञप्ति पर होगा। मामले में मध्य प्रदेश कृषि मंडी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल का कहना है कि कृषि मंडी अधिनियम 1972 के तहत आवंटित भूखंडों का लीज नवीनीकरण भी पूर्व की शर्तों के अनुसार होना चाहिए। उज्जैन मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मंडी अधिनियम 2026 में भी कुछ विसंगतियां हैं, जिन्हें दूर करने के लिए व्यापारिक संघ जल्द ही अपनी आपत्ति दर्ज करवाएगा।

गुणायतन के अधिष्ठाता बने अशोक भैया

# गुरुदेव ने की घोषणा, पूरे पांडाल में गूंजी तालियां

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

जैन समाज के प्रमुख विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र गुणायतन में आज एक ऐतिहासिक घोषणा हुई। परम पूज्य गुरुदेव ने गुणायतन के सुचारू संचालन हेतु इंदौर उदासीन आश्रम के बाल ब्रह्मचारी अशोक भैया जी को अधिष्ठाता एवं बाल ब्रह्मचारी अभय भैया जी को उप-अधिष्ठाता पद पर सुशोभित करने की घोषणा परम पूज्य गुणायतन प्रणेता प्रमाण सागर जी के सानिध्य में गुणायतन ट्रस्टियों की उपस्थिति में करतल ध्वनि के साथ की गई।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरुदेव प्रमाण सागर जी महाराज ने अपने

उद्बोधन ने कहा कि प्रतिष्ठा के बाद भी गुणायतन को संभालने के लिए त्यागी प्रतिनिधि की आवश्यकता है। ₹त्यागियों के माध्यम से ही धर्म संस्थाएं टिकती हैं। अशोक भैया और अभय भैया का समर्पण, निष्ठा और सेवा भाव सर्वविदित है। हमने चाहा कि ये दोनों अपने प्रतिनिधि के रूप में यहाँ रहें, ताकि समाज को इनका संबल हमेशा मिलता रहे।₹ गुरुदेव के इन शब्दों पर पूरा सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। घोषणा के तुरंत बाद सभी ने खड़े होकर दोनों का अभिनंदन किया।

# सुधा सागर जी महाराज मिनी बुंदेलखंड के रूप में चर्चित छत्रपति नगर को धन्य कर रहे हैं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इन दिनों मिनी बुंदेलखंड के रूप में चर्चित छत्रपति नगर श्रमण संस्कृति के महाश्रमण जगत पूज्य मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज का चातुर्मास होने के कारण जैन धर्मावलंबियों के लिए धर्म, त्याग और आस्था का पुण्य शाली महातीर्थ बन गया है।सुधा सागर जी की पीयूष वर्षिणी देशना सुनने हजारों नर -नारी, युवक- युवतियां प्रतिदिन आते हैं और भाव विभोर हो जाते हैं। छत्रपति नगर दिगंबर जैन समाज के कार्य अध्यक्ष डॉ जैनेन्द्र जैन ने बताया कि यहां प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 7:00 बजे तक दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में विराजित जगत पूज्य के पाद प्रक्षालन का सैकड़ो भक्तों को सौभाग्य मिल रहा है।



तत्पश्चात जिनालय में मुनिश्री के मुखारविंद से मंत्रोच्चार के साथ प्रभु प्रतिमा पर शांति धारा हो रही है जिसमें मुनि श्री शांति धारा पुण्यार्जक परिवार के सदस्यों के नाम का भी उच्चारण करते हैं। प्रातः 8:30 से 9:45 तक दलाल बाग में निर्मित भव्य, विशाल एवं सुदर्शनीय पंडाल मैं मुनि श्री के सामान्य जन के जीवन की दिशा और दशा बदलने की प्रेरणा देने वाले मंगल प्रवचन होते हैं जिसे श्रवण कर हजारों की संख्या में नर नारी युवक युवतियां भाव विभोर हो रहे हैं। प्रवचन पश्चात श्रावक गण शुद्ध सोले के वस्त्र पहनकर मुनि संघ जगत पूज्य सहित पडगाहन कर पृथक पृथक अपने घर आहार चर्या के लिए ले जाते हैं और नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य अर्जित कर सामयिक एवं साधना में लीन रहते हैं एवं 3 से 4:30 बजे तक मुनि श्री संघस्थ ऐलक, क्षुल्लक एवं वृहमचारियों के साथ स्वाध्याय की क्लाश लेते हैं ततपश्चात स्थानीय एवं विभिन्न शहरों से आए गुरु भक्तों को जगत पूज्य सुधा सागर जी महाराज के दर्शन अथवा चर्चा कर आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

## प्राणी संग्रहालय : 14-डी थिएटर की टेस्टिंग पूरी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

चिड़ियाघर में 3 करोड़ की लागत से बने 14-डी थिएटर की टेस्टिंग पूरी हो चुकी है। 15 अगस्त तक दर्शकों को इसकी सौगात मिल सकती है। 17 हजार वर्ग फीट में बने इस प्रोजेक्ट का लगभग अधिकतर काम पूरा हो चुका है। यह देश का पहला ऐसा जू होगा, जहां वीआर ग्लास, मोशन सीट और होलोग्राम तकनीक के जरिए जंगल सफारी जैसा असली अनुभव मिलेगा। 14-डी थिएटर में रोज सुबह 9 से शाम 6.30 बजे तक जानवरों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएंगी। चिड़ियाघर में मौजूद जानवरों की जानकारी के साथ लोगों को वर्चुअल जंगल की सैर भी कराई जाएगी।

# भगवान श्री महाकालेश्वर को कांवड़ियों ने किया जल अर्पण

### व्यवस्थाओं की कांवड़ समितियों ने की सराहना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार विभिन्न कांवड़ समितियों द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर का जलाभिषेक एवं जल अर्पण किया गया।

इस अवसर पर बड़ौदा कांवड़ संघ के तथा कांवड़ यात्रा शिवपुरा खेड़ा, तहसील सांवेर सहित विभिन्न कांवड़ समितियों के श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान श्री महाकालेश्वर को सभा मंडप स्थित जलपात्र के माध्यम जल अर्पित किया। कांवड़ समितियों के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रवेश, जल अर्पण, दर्शन, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, पेयजल, मार्गदर्शन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ अत्यंत सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु-अनुकूल रहीं, जिससे सभी कांवड़ यात्रियों को बिना किसी असुविधा के भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन एवं जल अर्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रावण-भादौ मास के दौरान अत्यधिक संख्या में कावड़ यात्रियों का आगमन होना निर्धारित रहता है। उक्त आगंतुक कावड़ यात्रियों की जल अर्पण की व्यवस्था के लिए सप्ताह में 04 दिवस मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार की गई है। कावड़ यात्री दल को द्वार नंबर 01 एवं हरसिद्धि - चौराहा स्थित विशेष दर्शन मार्ग से प्रवेश दिया जावेगा।

महाकाल की आस्था पर मनमानी का 'किराया', कई जगह के प्रीपेड बूथ बंद

# फिर बेलगाम हुए ई-रिक्शा चालक, वसूला जा रहा मनमाना किराया

**बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मचा रखी मनमानी लूट, होटलों के कमीशन के लालच में स्थानीय सवारियों की हो रही अनदेखी**

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में सावन के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन शहर में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी एक बार फिर यात्रियों की परेशानी का कारण बन गई है। रेलवे स्टेशन, देवास गेट और महाकाल मंदिर क्षेत्र में यात्रियों को निर्धारित किराए पर यात्रा उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए प्रीपेड बूथ कई स्थानों पर बंद पड़े हैं। इतना ही नहीं, बूथों पर लगी किराया सूची (रेट लिस्ट) भी हटा दी गई है, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालु वास्तविक किराए से अनजान हैं और उनसे मनमाना किराया वसूला जा रहा है।पहले प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन मालगोदाम क्षेत्र, देवास गेट और महाकाल मंदिर के आसपास प्रीपेड बूथ संचालित किए जाते थे। यहां यात्रियों को निर्धारित किराए की रसीद दी जाती थी और ट्रैफिक पुलिस की निगरानी भी रहती थी। इस व्यवस्था से मनमानी पर काफी हद तक अंकुश लग गया था, लेकिन वर्तमान में कई बूथ बंद होने से स्थिति फिर पहले जैसी हो गई है।



### महाकाल दर्शन के नाम पर मनमाना किराया

सावन माह में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु देवास गेट बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों तक ऑटो एवं ई-रिक्शा से पहुंचते हैं। शिकायतें है कि कुछ चालक महाकाल मंदिर तक पहुंचाने के लिए श्रद्धालुओं से 150 से 200 रुपये या उससे अधिक तक किराया वसूल रहे हैं, जबकि प्रशासन द्वारा पहले से निर्धारित किराया इससे काफी कम है। रेट लिस्ट उपलब्ध नहीं होने से बाहर से आने वाले यात्रियों को वास्तविक किराए की जानकारी नहीं मिल पाती।

### वाहन मिलने में हो रही परेशानी

शहर में ऑटो और ई-रिक्शा की भरमार होने के बावजूद कई चालक केवल महाकाल मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों की सवारी ही लेना पसंद कर रहे हैं। शहर के अन्य क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को अक्सर मना कर दिया जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को वाहन मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### अब फिर लौट आई मनमानी

प्रशासन ने पूर्व में प्रीपेड बूथ, किराया सूची और ट्रैफिक पुलिस की निगरानी की व्यवस्था लागू कर यात्रियों को राहत दिलाई थी। उस दौरान मनमाना किराया वसूलने की शिकायतें काफी कम हो गई थीं। लेकिन बूथ बंद होने और किराया सूची हटने के बाद व्यवस्था कमजोर पड़ गई है, जिससे एक बार फिर मनमानी का दौर शुरू हो गया है।

### होटलों तक यात्री पहुंचाने पर कमीशन का खेल

ऑटो और ई-रिक्शा चालक बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिकता इसलिए देते हैं क्योंकि उन्हें होटल और लॉज संचालकों से कमीशन मिलता है। चालक बाहर से महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए अपनी पहचान वाले होटल या लॉज में ठहरने की सलाह देते हैं। यदि श्रद्धालु वहां कमरा बुक करते है तो उसके बदले चालक को कमीशन मिलता है। यही कारण है कि कई चालक स्थानीय लोगों की अपेक्षा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अपने आंखों व ई-रिक्शा में बैठाने में अधिक रुचि दिखाते हैं।जिससे चालकों को किराए के साथ अतिरिक्त आय भी हो जाती है।

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल, बूथ ही हमारी सबसे बड़ी ताकत – सरदारसिंह मेडा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग,

भारतीय जनता पार्टी मंडल बाग की मासिक कामकाजी बैठक मंगलवार को डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक भवन, बाग में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान एवं मंडल प्रभारी मनीष भार्गव उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए सरदारसिंह मेडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है और वर्ष के 365 दिन संगठन एवं जनसेवा के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक



शक्ति बूथ स्तर का कार्यकर्ता है, जो निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बनाने में निरंतर जुटा रहता है। उन्होंने बूथ एवं शक्ति केंद्रों को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामसुंदर अगाल, अभयसिंह मंडलोई, मंडल महामंत्री अंकित झंवर, सुरेश रावत, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कैलाश झाबा, अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मंत्री डॉ. अनिल सिसोदिया, मन की बात प्रभारी प्रकाश शर्मा, शरद सोनी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अर्जुन जमरा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूरसिंह डावर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, मंडल उपाध्यक्ष प्रताप चौहान, सरपंच कलमसिंह चौहान, कैलाश भंवर, प्रेमसिंह जमरा, रौनक राठौर, राजेश बल्देवा, हेमलता चौहान, राजमल सिसोदिया, सोमला बघेल, सुकलाल ठेकेदार, शंकर मंडलोई, शेरु बामनिया, भारत मंडलोई, राजु मंडलोई, वेरसिह मोरी, लालु मंडलोई, महेश पांचाल, लालसिह मेहडा, पानसिह सिसोदिया, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मासिक पुण्य सप्तमी पर श्री जयंतसेन साधना कुटिया में दर्शनार्थ संघ का आयोजन

**बाग।** पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में मासिक पुण्य सप्तमी के शुभ अवसर पर पुण्य सम्राट की मौन साधना स्थली श्री जयंतसेन साधना कुटिया में दर्शनार्थ संघ का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः 7.30 बजे जैन मंदिरजी से श्रद्धालुओं का संघ रवाना हुआ। साधना कुटिया पहुंचकर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से दर्शन-पूजन कर आराधना की तथा नवकारसी का लाभ लिया। इस अवसर पर महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. ने अपने मंगल प्रवचन में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन में सच्चे ज्ञान, संयम और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही उन्होंने मौन की महत्ता बताते हुए कहा कि मौन आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और आंतरिक शांति का श्रेष्ठ साधन है। वाणी पर संयम और मौन का अभ्यास व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर करता है।

### न्यूज कालम



## जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए एनटीपीसी खरगोन को राष्ट्रीय सम्मान

**सनावद** -एनटीपीसी खरगोन को जल संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। संस्था को जल संरक्षण एवं प्रबंधन' श्रेणी के अंतर्गत सिल्वर अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान खरगोन जिले के सिरवेल महादेव क्लस्टर में संचालित घरेलू जल सुरक्षा परियोजना की सफलता और उसके सकारात्मक सामाजिक प्रभाव को देखते हुए दिया गया। इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित एवं सतत जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। समारोह में एनटीपीसी खरगोन की ओर से सुश्री अनुश्री एवं श्री अभिरंजन सिंह, कार्यपालक ने यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। यह उपलब्धि जल सुरक्षा को मजबूत करने तथा प्रभावी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के जरिए समुदायों के जीवन में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाने के एनटीपीसी के प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना है। एनटीपीसी खरगोन ने कहा कि यह सम्मान संस्था की समाज के प्रति जिम्मेदारी, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने तथा सतत विकास के लिए प्रभावी ष्टस्क्र परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आने वाले समय में भी संस्था जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास से जुड़े नवाचारपूर्ण प्रयासों को आगे बढ़ाती रहेगी।

## नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गुप्ता का निधन

**आलोट।** नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष



श्रीनिवास गुप्ता (८५) का निधन मंगलवार सुबह ४:०० बजे करीब हो गया है उनकी अंतिम यात्रा स्टेशन रोड स्थित उनके निवासी दोपहर में निकाली गई मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक संस्थाओं, पोरवाल समाज एवं प्रेस क्लब तथा औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी ने साल ओड़ाकर पुष्प माला से उनको अंतिम विदाई दी एवं पुष्प वर्षा कर के पदाधिकारी मुक्तिधाम परिसर में अंतिम संस्कार किया गया शोक सभा में सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## योगेश निगम मध्यप्रदेश कांग्रेस आई टी सेल आलोट विधानसभा अध्यक्ष बने

**आलोट।** झ्रमध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पुर्व



कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के निदेर्शानुसार,रतलाम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत की अनुशंसा पर आई टी सेल रतलाम ग्रामीण कमल द्वारा डांगी द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के आलोट विधानसभा के अध्यक्ष पद पर नगर के युवा योगेश निगम को मनोनीत किया गया एवं साथ ही ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिसमें आलोट ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह सोलंकी,ताल ब्लॉक में बाबु नायक, बड़ावदा ब्लॉक में बंटु सिंह राजपूत,खारवा ब्लॉक में रोहित प्रजापति, बरखेड़ा ब्लॉक में भगवानलाल सेन की नियुक्तिया की गई।

## मासिक पुण्य सप्तमी पर श्री जयंतसेन साधना कुटिया में दर्शनार्थ संघ का भव्य आयोजन



**बाग।** पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में मासिक पुण्य सप्तमी के शुभ अवसर पर पुण्य सम्राट की मौन साधना स्थली श्री जयंतसेन साधना कुटिया में दर्शनार्थ संघ का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः ७:३० बजे जैन मंदिरजी से श्रद्धालुओं का संघ रवाना हुआ। साधना कुटिया पहुंचकर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से दर्शन-पूजन कर आराधना की तथा नवकारसी का लाभ लिया। इस अवसर पर महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया।इस अवसर पर परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. ने अपने मंगल प्रवचन में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन में सच्चे ज्ञान, संयम और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही उन्होंने मौन की महत्ता बताते हुए कहा कि मौन आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और आंतरिक शांति का श्रेष्ठ साधन है। वाणी पर संयम और मौन का अभ्यास व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर करता है। इस पुण्य अवसर पर संघपति (मुख्य लाभार्थी) के रूप में सा. संतोषकुमारजी मगनलालजी परिवार ने लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम का सफल आयोजन जैन श्री संघ बाग द्वारा किया गया। संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं धर्ममय बना रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने साधना कुटिया में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा साध्वीश्री केप्रवचन से सभी लाभान्वित हुए।

## गौरव दिवस के समापन अवसर पर हुआ गीतांजलि कार्यक्रम

**खंडवा।** किशोर समाधि के सामने सद्भावना हाल में सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन व्दारा आयोजित गीतांजलि कार्यक्रम में किशोर जयंती एवं गौरव दिवस के समापन अवसर पर सुर साधकों द्वारा कराओके पर गीत संगीत गजल का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस आयोजन में खंडवा मध्यप्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात आदि से पधारे सुर साधकों ने हरफन मौला पार्श्व गायक किशोर कुमार के गाए एक से एक बेहतरीन गानों की प्रस्तुतियों के माध्यम से सबका मन मोह लिया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि वही इस मौके पर स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश, अभिनव कला समाज इंदौर अध्यक्ष तथा इंडियन फेडरेशन आफ प्रेस क्लब्स कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण खारीवाल,का सम्मान मंच की ओर से मंच संस्थापक प्रमोद जैन व्दारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

## जावरा पिपलोदा के किसानों ने फसल का बीमा व नीलगाय की समस्या को लेकर एसडीएम ऑफिस पर दिया धरना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

किसानों को खरीफ सीजन 2025 में खराब हुई सोयाबीन सहित अन्य फसलों का बीमा क्लेम नहीं मिला ।इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है ।वहीं क्षेत्र के किसान घोड़ा रोज (नीलगाय) से भी कई वर्षों से परेशान होते आ रहे। घोड़ा रोज से फसलों को हो रही नुकसान की भरपाई राजस्व एवं वन विभाग नहीं कर रहा ।ऐसे अन्य कई मुद्दों को लेकर मंगलवार को किसानों ने गीता भवन चौराहे से वाहन रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए फिर एसडीएम रचना शर्मा को ज्ञापन सोपा ।

एसडीएम ने दिए ज्ञापन में कई प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर ही फसल बीमा एवं



नुकसान की भरपाई संबंधी निराकरण के लिए कृषि एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ किसान नेताओं की बैठक हुई।

उक्त आंदोलन का नेतृत्व जिला जनपद पंचायत सदस्य डीपी धाकड़ ने किया। किसान नेता रमेश धाकड़, ,आशीष शर्मा ,दिलीप पाटीदार ,यूसुफ पठान (सरपंच), एवं जीतू मालवीय भी मौजूद रहे ।इस दौरान सेजावता से दशहरा मैदान के पास कॉलोनाइजर ने दीवार बनाकर परंपरागत रास्ता रोक दिया। जिससे कई किसानों को आने-जाने में कठिनाइयां हो रही ।इसी तरह जावरा से उपलाई व माताजी बडायला रिगनोद व बिनोली आदि स्थानों के भी रास्ता प्रकरण लंबित है ।जिनका निराकरण नहीं हो पाया इनके लिए भी पुनः आवेदन दिए गए।

## होटल त्रिनेत्रम में जुआ खेलते ८८ आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मान्धाता थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए होटल त्रिनेत्रम में छापा मारकर जुआ खेलते आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से फड़ सहित 68 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि होटल त्रिनेत्रम में रुपये-पैसों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आठ आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से कुल 68 हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।

## 3 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी।

पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिलेभर में संचालित "ऑपरेशन हवालात" के अंतर्गत स्थाई एवं फरारी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के पर्यवेक्षण में थाना वरला पुलिस ने तीन वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

थाना प्रभारी श्री नारायण रावल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना एवं सतत प्रयासों के आधार पर थाना वरला के प्रकरण में विगत तीन वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी जाय सिंह उर्फ खपाड़िया पिता जैमाल बारेला, निवासी चिखली को दिनांक ०५ अगस्त २०२६ को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़ से संबंधित प्रकरण में न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय सेंधवा के समक्ष पेश किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी श्री नारायण रावल, उप निरीक्षक श्री महेंद्र सिंह चौहान, आरक्षक राजवीर सिंह जादौन, आरक्षक शैतान सिंह एवं आरक्षक सतीश राणसोरे की सराहनीय भूमिका रही।

बड़वानी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि फरार एवं वारंटी अपराधियों के संबंध में कोई भी सूचना निकटतम पुलिस थाने अथवा डायल-११२ पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## बैंक कर्मचारी बनकर ठगी: युवती के खाते से उड़ाए 75,147 रुपए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर।

एटीएम से न निकले ५ हजार रुपए वापस पाने की कोशिश एक युवती को महंगी पड़ गई। खुद को बैंक कर्मचारी बताकर साइबर ठगों ने युवती से ७५ हजार १४७ रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने रिफंड के नाम पर व्हाट्सएप पर फर्जी ्क्क्य फाइल भेजी, जिसे इंस्टॉल करते ही ठगों ने खाते से ३ बार में रकम निकाल ली। मामला शिकारपुरा थाना क्षेत्र के राजपुरा गेट का है। पीड़िता का बैंक ऑफ इंडिया की अमरावती रोड शाखा में खाता है।

2 मई 2026 को युवती राजपुरा स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम से 5 हजार रुपए निकालने गई थी। मशीन से नकदी नहीं निकली, लेकिन खाते से राशि कट गई। रिफंड के लिए युवती ने बैंक में ३ बार शिकायत दर्ज कराई। 11 जुलाई को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक की मुंबई शाखा का कर्मचारी बताया और शिकायत की पूरी जानकारी दी। इससे युवती को लगा कि कॉल बैंक से ही है। आरोपी ने व्हाट्सएप पर अपनी कथित पहचान भेजी और रिफंड के लिए ्क्क्य फाइल डाउनलोड करने को कहा। युवती ने फाइल इंस्टॉल कर उसमें एटीएम कार्ड की जानकारी दर्ज कर दी। कुछ ही देर में खाते से मैसेज आने लगे।

## खंडवा पुलिस ने किया बलवा परेड का आयोजन

खंडवा। आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों के तहत खंडवा पुलिस ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में बलवा परेड का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारनेकर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गजेंद्र सिंह कवर के नेतृत्व में आयोजित परेड में पुलिस बल को दंगा नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। परेड के दौरान पुलिस कर्मियों को बलवा सामग्री धारण करने, उसके उपयोग एवं उद्देश्य की जानकारी दी गई।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 62 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ६२ आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियत समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके ।तहसील वरला की ग्राम पंचायत बलवाड़ी के निवासी रामचंद्र पिता परभा राठौड़ एवं उनकी पत्नी सरिताबाई राठौड़ ने पिछले 5 महीनों से विकलांगता पेंशन न मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने उक्त आवेदन सीईओ जनपद पंचायत सेंधवा को प्रेषित कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए ।नवलपुरा चर्च के पास रहने वाली रेखा पति राकेश ने अपने निमार्णाधीन मकान व प्लॉट के ऊपर से गुजर रही एल.टी. विद्युत लाइन के नग्न तारों को हटाने हेतु आवेदन दिया। कलेक्टर ने प्रकरण म.प्र. पूर्व क्षेत्र/पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को अंकित कर स्थल निरीक्षण उपरांत समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। तहसील राजपुर के ग्राम एकलबारा निवासी जामसिंह ब्राह्मणे ने दो वर्ष पूर्व दस्तावेज जमा करने को कहा।

## श्रम कार्यालय के सामने से बाइक चोरी

खंडवा। कोतवाली थाना क्षेत्र में श्रम कार्यालय के सामने खड़ी एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गई। फरियादी जावेद खान की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। चोरी गई बाइक की कीमत करीब ३० हजार रुपये बताई गई है।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**खंडवा।** पिपलोद पुलिस ने ग्राम राजगढ़ में कार्रवाई करते हुए एक युवक के कब्जे से 27 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त की। जब्त शराब की कीमत करीब 5,690 रुपये है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## किशोर कुमार के जन्मदिवस पर भव्य किशोर नाइट एवं किशोर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच द्वारा किशोर कुमार के जन्मदिवस के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य किशोर नाइट एवं किशोर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।मंच के प्रवक्ता सुनील जैन व किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि अध्यक्ष रणवीर सिंघ चावला सचिव नारायण बाहेती, कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता कार्यक्रम संयोजक अविनाश शुक्ला, पवन दीक्षित व गोविंद शर्मा मीडिया प्रभारी सुनील जैन ,उपाध्यक्ष गुरमीत सिंघ उबेजा, आशीष चटकेले व सुनील सकरगयाये के नेतृत्व में किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच,नगर पालिक निगम व जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किशोर नाइट में गायन के लिए पार्श्वगायक पी गणेश मुम्बई व प्रीति जोशी मुंबई से पधारी ।चयन समिति के निर्णय अनुसार इस वर्ष के किशोर गौरव सम्मान २०२६ के लिए किशोर दा को भगवान मानने वाले पार्श्वगायक विनोद राठौड़ को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खण्डवा की महापौर अमृता यादव,विधायक कंचन तनवे,प्रभारी कलेक्टर नागार्जुन बी देवगौड़ा, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत,जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े,नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एस डी एम व मंच के प्रबंध कार्यकारिणी चेयरमैन ऋषि कुमार सिंघई,एडिशनल एस पी महेन्द तारणेकर,सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह,किशोर नाईट के प्रायोजक आल इस वेल हॉस्पिटल के संचालक आनंद चौकसे किशोर गौरव सम्मान दिया गया।

## होटल में जुआ खेलते आठ लोग गिरफ्तार

**ओंकारेश्वर।** मांधाता पुलिस ने होटल त्रिनेत्रम के एक कमरे में दबिश देकर आठ लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 52 ताश पत्ते और 68 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पंधाना में सड़क दुर्घटना, बाइक सवार घायल

**पंधाना।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## शिवाजी महाराज प्रतिमा अनावरण समारोह के लिए साध्वी ऋतंभरा को दिया निमंत्रण

**खंडवा।** खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने ओंकारेश्वर कोठी स्थित आश्रम पहुंचकर साध्वी ऋतंभरा का आशीर्वाद लिया तथा खंडवा के शिवाजी चौक पर प्रस्तावित छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा के अनावरण समारोह एवं विशाल धर्मसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का निमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान विधायक ने श्रद्धापूर्वक आग्रह करते हुए कहा कि जब तक साध्वी ऋतंभरा खंडवा आने की सहमति नहीं देंगी, तब तक वह अपने स्थान से नहीं उठेंगी। विधायक के आग्रह से भावुक हुईं साध्वी ऋतंभरा ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए खंडवा आने की सहमति प्रदान की। विधायक ने उन्हें जिले में आयोजित होने वाली विशाल धर्मसभा को संबोधित करने का भी आमंत्रण दिया। इस अवसर पर समाजसेवी राकेश बंसल, त्रिलोक पटेल तथा प्रतिमा अनावरण समिति के संरक्षक डॉ. अनीश अर्जरे, अध्यक्ष राहुल नामदेव, डॉ. शैलेंद्र, गोवर्धन गोलानी, सौरभ श्रीवास, दुर्गेश शर्मा, विनोद मंगवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि साध्वी ऋतंभरा का खंडवा आगमन होगा।

## बाल तपस्वी रचित मेहता ने जल पीकर पूर्ण किया 9 दिवसीय कठोर तप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा।*

धार्मिक नगरी खंडवा में श्वेतांबर जैन समाज के लिए यह अत्यधिक गौरव और हर्ष का विषय है कि बाल तपस्वी रचित अजित मेहता (नवकार वाले) ने केवल जल ग्रहण कर नौ दिवसीय कठोर उपवास (नौ तप) सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। इतनी कम आयु में ऐसी कठिन तपस्या का संकल्प लेना और निष्ठापूर्वक उसका निर्वहन करना संपूर्ण समाज एवं नवयुवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

श्वेतांबर जैन श्रावक संघ एवं नवयुवक मंडल के प्रचार मंत्री गौरव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में महावीर भवनए खंडवा में चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य महासतियों के पावन सानिध्य में प्रतिदिन धर्मगंगा बह रही है। पूज्य महासतियों की प्रेरणा से ही सामाजिक बंधु/भगिनी त्याग, तपस्या और आत्म/साधना के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

*साधकों ने रच दिया श्रद्धा का इतिहास*

इसी तपस्या की श्रृंखला में रचित मेहता के ९ उपवास के साथ-साथ कीर्ति प्रदीप मेहता ने १० उपवास, रमित सेठ ने ९ उपवास तथा ऋषिका भविष्य बरडिया ने ६ उपवास की कठिन तपस्या सफलतापूर्वक पूर्ण की है। इनके अलावा भी कई अन्य श्रद्धालुओं की तपस्याएं पूर्ण हुई हैं।

*नई पीढ़ी को मिली अनुशासन की प्रेरणा*

अल्पायु में कठोर तप करने वाले बाल तपस्वी रचित मेहता की इस साधना को आत्मसंयम, त्याग और धर्म आराधना का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। समाज के वरिष्ठों व प्रबुद्धजनों ने उनकी तपश्चर्या की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे नई पीढ़ी के लिए संस्कार और अनुशासन की मिसाल बताया। इस पावन अवसर पर श्री पुखराज मांगीलाल जी मेहता एवं समस्त मेहता परिवार (नवकार वाले) ने सभी समाजजनों से बाल तपस्वी को शुभकामनाएं एवं मंगल भावनाएं प्रेषित करने का आग्रह किया है।

## न्यूज -कॉलम

### फेरी वाले से मांगा हफ्ता, नहीं देने पर मारपीट



**उज्जैन।** उत्तरप्रदेश का रहने वाला सुनील पिता मोजीलाल बाथम 28 साल कुछ साल से उज्जैन स्थित बहादूरगंज में किराये का मकान लेकर निवास कर रहा है और फेरी लगाकर नमकीन बेचने का काम करता है। बीती रात फेरी लगाकर बहादूरगंज लौट रहा था। उसी दौरान मिलन बैरागी ने उसे रोका और क्षेत्र में फेरी लगाने पर 500 रूपये रोजाना देने की मांग रखी। सुनील ने विरोध किया और रूपये देने से मना कर दिया। मिलन ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि क्षेत्र में फेरी लगाई तो अच्छा नहीं होगा। सुनील ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना पुलिस से की। पुलिस ने मिलन के खिलाफ हफ्तावसूली और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है।

### खेत में से रास्ता बनाने की बात पर दो पक्षों में मारपीट

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम गुरला में भारत पिता भंवर चंद्रवंशी 42 साल और ईश्वरलाल पिता मांगीलाल परमार का खेत पास-पास है। जिनके बीच रास्ते को लेकर तनातनी बनी हुई थी। बीती रात खेत में रास्ता बनाने के लिये ईश्वरलाल पहुंचा था। जिसका विरोध भारत ने किया तो विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। एक पक्ष से भारत और नागेश्वर घायल हो गये। दूसरे पक्ष से ईश्वरलाल को चोंट आई। मामला थाने पहुंचने पर भारत ने शिकायत दर्ज कराई कि रास्ता बनाने से मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई है। वहीं ईश्वरलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि वह पडोसी के खेत से रास्ता नहीं बना रहे थे। अपने खेत में रास्ता तैयार कर रहे थे। बावजूद भारत, नागेश्वर और अन्यों ने मारपीट की है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### पिता-पुत्र ने प्राचार्य और युवक ने लाईन मेन को पीटा

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम बटलावदी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में बच्चे खेल रहे थे। परिसर के आसपास पौधों के टी गार्ड लगे थे, जिसे ग्राम में रहने वाले मंगल चंद्रवंशी और उसके पिता बापू चंद्रवंशी द्वारा उखाड दिया गया। छात्रों ने टी गार्ड उखाडने की खबर विद्यालय के प्राचार्य सुनील सोनवा को दी। प्राचार्य खेल परिसर में पहुंचे और टी गार्ड उखाडने वाले पिता-पुत्र का विरोध कर वापस लगाने की बात कहीं। पिता-पुत्र ने प्राचार्य से अभद्रता शुरू कर दी और धक्का-मुक्की करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। शासकीय कार्य में बाधा का एक प्रकरण माकडोन थाना पुलिस ने विद्युत मंडल के लाइन परिचालक रोहित पिता रतनलाल बागरी की शिकायत पर दर्ज किया। रोहित ने बताया कि वह कर्मचारी जितेन्द्र मालवीय, प्रकाश और सौदान यादव के साथ ग्राम लिम्बादित पहुंचा था। जहां 11 केवी बिजली लाइन के आसपास पेडों की डालियां छांटने का काम कर रहा था। उसी दौरान ग्राम में रहने वाला जितेन्द्र आया और डालियां काटने की बात पर विवाद करते हुये मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा डाली।

### बदमाश बुंदेला से बरामद किया गया देशी कट्टा

**उज्जैन।** बुंदेला गैंग के बदमाश यशवेन्द्र उर्फ छिग्गु की चिमनगंज थाना पुलिस को 3 माह से ड्रग्स मामले और ढांचा भवन आगजनी में तलाश थी। बदमाश अवैध हथियारों के साथ निम्बाहेडा पुलिस की गिरफ्त में आया था। जिसे प्रोटेक्शन वारंट पर पूछताछ के लिये लाया गया है। एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि बदमाश को पूर्व में 3 दिनों की रिमांड पर लेकर ड्रग्स मामले में पूछताछ की गई। उसके चाचा धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को गरोठ ब्रिज के नीचे से पकडा गया था। 28 ग्राम ड्रग्स बरामद होने पर उसने भतीजे छिग्गु से लेना बताया था। ड्रग्स मामले में पूछताछ पूरी होने के बाद बदमाश को ढांचा भवन आगजनी और हवाई फायर करने के मामले में दोबारा रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान उससे देशी कट्टा बरामद किया गया है। आगजनी मामले में छिग्गु बुंदेला के पूर्व में गिरफ्तार साथियों से 5 देशी कट्टे बरामद किये जा चुके थे। अब तक गैंग के बदमाशों से 6 कट्टे जप्त हो चुके है। फिलहाल छिग्गु से पूछताछ जारी और कुछ वाहन बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 899-6 | 790-6 |
| मेन बाजार | 466-6 | 126-9 |
| कल्याण नाइट | 136-0 | 560-1 |
| मिलन डे | 378-8 | 127-0 |
| मिलन नाइट | 230-5 | 389-0 |
| मधुर डे | 167-4 | 237-2 |
| मधुर नाइट | 460-0 | 248-4 |
| शुभांक | 6 2 | 8 |

### नाले में फंसने पर छोड़कर भागा निकला था चालक....

# प्याज से भरी पिकअप में मिला 2.34 क्विंटल डोडाचूरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



तेजगति से दौडती पिकअप मंगलवार-बुधवार रात सडक किनारे नाले में फंस गई। चालक छोडकर भाग निकला। रात्रि गश्त में पुलिस को पिकअप दिखाई दी तो घटनाक्रम का पता लगाने पहुंची। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें प्याज की बोरियों के नीचे रखा मादक पदार्थ डोराचूरा बरामद हो गया।

नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि रात में 12.30 बजे के लगभग एसआई रामप्रसाद वेद, प्रधान आरक्षक नीरज पटेल, ईश्वर चौहान, आरक्षक गजेन्द्र दुबे, रोहित मिश्रा शासकीय वाहन से गश्त पर निकले थे। लालपुर से गरोठ ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर भ्रमण के दौरान अक्षत स्कूल के आगे सडक किनारे एक पिकअप दिखाई दी, भ्रमण टीम करीब पहुंची तो नाले में फंसी थी जिसका नम्बर पीबी 11 डीएन 2621 था। आसपास देखने पर चालक दिखाई नहीं दिया। पिकअप की तिरपाल खोली गई उसमें प्याज के बोरे दिखाई दिये। गश्त टीम ने पूरी पिकअप की तलाशी तो उसमें से मादक पदार्थ की दुर्गंध आने लगी। प्याज के बोरे हटाने पर अलग से 8 प्लास्टिक की बोरियां मिली।

जिसे खोलने पर उसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। रात में पिकअप को कस्टडी में लिया गया और उसमें रखे मादक पदार्थ के बोरों का वजन किया गया, जो 2 क्विंटल 34 किलो होना सामने आया। थाना प्रभारी के अनुसार बरामद मादक पदार्थ 3 से 4 लाख रूपये का है, वहीं पिकअप 10 लाख कीमत की पाई गई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

#### गरोड़ रोड से नागझिरी आ रही थी पिकअप

एसआई वेद ने बताया कि अक्षत स्कूल के सामने जिस तरह से पिकअप लावारिस हालत में खड़ी मिली, उससे प्रतीत हो रहा था कि गरोठ रोड से नागझिरी की ओर आ रही थी, रफ्तार तेज होने पर चालक नियंत्रण नहीं रख पाया और सडक किनारे उतरकर नाले में फंस गई। फिलहाल नम्बर के आधार पर चालक और पिकअप मालिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी चैक किये जा रहे है।

#### प्याज की आड में मादक पदार्थ का परिवहन

पुलिस की माने तो प्याज की आड में मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा था। आशंका यह भी जताई है कि मादक पदार्थ राजस्थान या मंदसौर के रास्ते लाया जा रहा था। चालक के हिरासत में आने ही पता चलेगा कि मादक पदार्थ का परिवहन कहां से कहां के लिये हो रहा था और मामले कौन-कौन शामिल है, जो इतनी अधिक मात्रा में अवैध परिहवन करा रहे थे।

## फव्वारा चौक पर रात 11 बजे चेन स्नेचिंग की वारदात की गई

### बाइक से आए थे दो बदमाश, पुलिस पहुंची वारदात स्थल

**उज्जैन।** व्यावसायिक क्षेत्र फव्वारा चौक पर रात 11 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दे दिया। दंपति कोतवाली थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। चेन दो तोला वजनी होना बताया जा रहा है।



मिली जानकारी अनुसार डाबरी पीठा में रहने वाले मुकेश नीमा फव्वारा चौक पर नीमा ड्रायफ्रूट दुकान संचालित करते हैं। रात 9 बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचे। भोजन करने के बाद प्रतिदिन की तरह रात में पत्नी के साथ पैदल टहलने के लिए फव्वारा चौक तक आए थे। चौक का राउंड लगाकर वह 11 बजे के लगभग वापस लौट रहे थे उसी दौरान बाइक से आए दो बदमाशों ने उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपटी और तेजगति से भाग निकले। रात का समय होने पर व्यवसायिक क्षेत्र पूरी तरह से बंद हो चुका था और मार्ग पर आवागमन भी काफी कम था। चेन स्नेचिंग के बाद मीणा दंपति ने अपने परिचित और परिजनों को सूचना दी। दोनों वारदात की शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाने पहुंचे। बताया जा रहा है कि पुलिस वारदात स्थल पर जांच करने पहुंची थी। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से बाइक सवार बदमाशों के भागने का रास्ता ट्रेस किया जाएगा। इन दिनों शहर में बदमाश सक्रिय दिखाई दे रहा है, कुछ दिनों पहले चिंतामण थाना क्षेत्र में आठ बदमाशों ने आभूषण व्यापारी के साथ लूट के वारदात को अंजाम दे दिया था। पुलिस ने बदमाशों को घेराबंदी में पकड़ा था। इससे पहले भी नीलगंगा थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार भोपाल के बदमाश ने अपने दो नाबालिक साथियों के साथ लूट और चेन स्नेचिंग की वारदात के साथ चिंतामण क्षेत्र में महिला से चांदी का कंदोरा झपट लिया था। चोरी की वारदात तो आए दिन सामने आ रही है। बदमाश लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं।

## ट्रेन में शराब पीकर हुडदंग कर रहे 4 युवक को पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस में मंगलवार-बुधवार रात 4 युवक शराब पीकर हुडदंग कर रहे थे। यात्रियों के मना करने पर अभद्रता की जा रही थी। यात्रियों ने मामले की सूचना रेलवे हेल्पलाइन नम्बर पर दी। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचते ही जीआरपी ने चारों युवकों को हिरासत में ले लिया।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एम-3 में शराब पीकर हुडदंग कर रहे चार युवकों की सूचना मिलने पर रात को प्लेटफार्म नम्बर 1 पर टीम को अलर्ट किया गया। ट्रेन के आते ही प्रधान आरक्षक मानसिंह टेकाम, श्याम सुंदर चौबे, वीर भूपेंद्र, जितेंद्र छाडी, आरक्षक अरुण सारस्वत, दिलीप लोधी, रजत चौहान, शिल्पा मोगिया, पायल पालीवाल, नेहा शर्मा की टीम ने कोच में सर्चिंग शुरू की और यात्रियों की निशानदेही पर चारों युवकों को कस्टडी में लिया गया।

थाने लाने पर पूछताछ में उनके नाम सतीश पिता सुरेशचंद्र सोनी 47 वर्ष, कुलदीप पिता महेंद्र राठौर 26 वर्ष, मनीष पिता सुरेशचंद्र सोनी 37 वर्ष और धीरज पिता जटालसिंह परमार 40 वर्ष निवासी कालापीपल शाजापुर सामने आये। चारों को रात में ही मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चारों शराब के नशे में होना पाये गये। मामले में उनके खिलाफ धारा 34(6) और 35 (3) का प्रकरण दर्ज कर किया। चारों को यात्रा के दौरान नशा कर शांति भंग नहीं करने की हिदायत देकर नोटिस पर रिहा किया गया।

## राजस्थान के युवकों से मिली हजारों की अवैध शराब

**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस से पहले रेलवे स्टेशन पर चैकिंग अभियान की शुरूआत कर दी गई है। बुधवार सुबह चैकिंग के दौरान राजस्थान के 2 युवकों को पकडा गया। जिनके पास से बेग में भरी हजारों की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता के निर्देश पर एसआई बीएस कुशवाह, प्रधान आरक्षक मानसिंह टेकाम, आरक्षक नीरज पंत अरूण सारस्वत और रजत चौहान चैकिंग अभियान संदिग्धों पर नजर रख तलाशी ले रहे थे। इसी बीच नागदा छोर स्थित फुटओवर ब्रिज पर 2 युवकों ने चैकिंग देख बचकर निकलने का प्रयास किया, दोनों पर संदेह होते ही टीम ने उनका पीछा किया और ब्रिज उतरने से पहले रोक लिया। उनके बेग की तलाशी ली गई तो दोनों के पास से अंग्रेजी शराब की बोतले बरामद हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि हिरासत में आये युवक राजस्थान के बाडमेर स्थित ग्राम नांद (चौखनिया की ढाणी) के रहने वाले भाई प्रवीण पिता रामाराम जाट 22 वर्ष और नरेश पिता रामाराम जाट 19 वर्ष है। दोनों के पास से बरामद शराब 20 हजार से अधिक की पाई गई है। दोनों आदतन शराब तस्कर है। उनके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है और न्यायालय से वारंट जारी हो चुका है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है। गुरूवार दोपहर को न्यायालय में पेश किया जायेगा।



## चेन चोरी करने वाली महिला को भेजा गया जेल

**उज्जैन।** सावन के प्रथम सोमवार को हरसिद्धी मंदिर चौराहा से महिला श्रद्धालु की चेन चोरी करने वाली अमरी पति सुरेश बाछडा 40 साल निवासी ग्राम हाडी पिपलिया मनासा को लोगों की मदद से पकडा गया था।

उसके पास से चेन में लगा पेंडल बरामद हुआ था। चेन बरामदगी के लिये महाकाल थाना पुलिस ने एक दिन की रिमांड पर लिया था, इस दौरान सामने आया कि उसने चेन अपने साथ आई दूसरी महिला को दी थी, पुलिस ने उसके साथ वारदात करने वाली महिला की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। एसआई नेहा जादौन ने बताया कि बुधवार को आरोपिया का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपिया काफी शातिर है, वह पूछताछ के दौरान चेन चोरी की वारदात से इंकार करती रही। जबकि उसे रंगेहाथ पकडा गया था।

### 40 सेक्टर में बनेगें 80 थाने, 63 हजार पुलिसकर्मी की होगी तैनाती....

## एआईतकनीक से होगी 30 करोड़ श्रद्धालुओं की निगरानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ 2028 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिये बुधवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। 30 करोड श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाकर एआई तकनीक निगरानी की योजना बनाई गई है। 3 हजार हेक्टेयर में सिंहस्थ का आयोजन किया जायेगा। जिसे 10 जोन, 40 सेक्टर और 80 थानों में विभाजित कर 63 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी।

पुलिस कंट्रोलरूम पर आयोजित बैठक एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में शुरू हुई। इस दौरान एएसपी, सीएसपी, ट्रेफिक डीएसपी, सभी थाना प्रभारी, एएसआई शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने सिंहस्थ-2028 की प्रस्तावित सुरक्षा व्यवस्था का प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि 9 अप्रैल से 8 मई 2028 तक प्रस्तावित महाकुंभ में करीब 30 करोड श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। तृतीय अमृत स्नान पर 5 करोड श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है। करीब 3 हजार हेक्टेयर में प्रस्तावित मेला क्षेत्र को 10 जोन, 40 सेक्टर और 80 थानों में विभाजित करने का प्रस्ताव है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 62,950 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों और 500 राजपत्रित अधिकारियों की तैनाती की योजना बनाई गई है। बैठक में एआई आधारित सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। पूरे मेला क्षेत्र और शहर में 3,500 एआई सीसीटीवी कैमरे, 416 ड्रोन, अंडरवाटर कैमरे और 2,700 से अधिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएंगे। एआई आधारित स्टाम्पीड अर्ली वार्निंग सिस्टम संभावित भगदड की पहले ही चेतावनी देगा, जबकि एएनपीआर और फेसियल रिकग्निशन तकनीक से चोरी के वाहन और संदिग्ध अपराधियों की पहचान की जाएगी। कार्तिक मेला क्षेत्र में 24.7 इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने तथा माधवनगर और राणोजी की छत्री क्षेत्र में बैकअप कंट्रोल सेंटर बनाने की योजना भी प्रस्तुत की गई। साइबर सुरक्षा के लिए साइबर थाना, 10 साइबर हेल्प डेस्क और 1,000 साइबर वॉरियर्स की तैनाती पर भी चर्चा हुई।

#### आठ मार्गों पर विशेष ट्रेफिक प्लान

यातायात व्यवस्था को लेकर इंदौर, देवास, मक्सी, आगर, गरोठ, नागदा, उन्हेल और बडनगर सहित आठ प्रमुख मार्गों पर विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया जा रहा है। बाहरी क्षेत्र में 100 से अधिक पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे, जहां प्रतिदिन 2.20 लाख वाहनों और 52.60 लाख श्रद्धालुओं की क्षमता के अनुरूप व्यवस्था रहेगी। अंतर्राज्यीय समन्वय, रेलवे पुलिस के साथ तालमेल और प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान सुरक्षा प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में एडीजी राकेश गुप्ता और डीआईजी नवनीत भसीन ने सभी तैयारियां समयबद्ध और तकनीक आधारित तरीके से पूरी करने के निर्देश देते हुए सुरक्षित सिंहस्थ, सफल सिंहस्थ के लक्ष्य की प्राथमिकता पर जोर दिया।

## साड़ी का फंदा डाला गले में, हालात गंभीर

**उज्जैन।** कचौरी-समोसे की दुकान लगाने वाले युवक ने बुधवार शाम साडी का फंदा गले में डाल लिया। बच्चों ने लटका देखा तो शोर मचाया पापा मर गये। पडोसी दौडकर आये और युवक को फंदे से उतारा। सांस चलने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

मामला महिदपुर की गणेश चौपाटी है। जहां से शाम को पवन पिता दयाराम भोई 30 साल को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया। परिजनों ने बताया कि पवन कचोरी-सोमसे की दुकान लगता है। उसके तीन बच्चे है, पत्नी मजदूरी करती है। शाम को बच्चों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाया पापा मर गये, आवाज सुनकर आसपास के रहने वाले पहुंचे और साडी के फंदे पर लटके पवन को नीचे उतारा, उसकी सांस चल रही थी। तत्काल महिदपुर अस्पताल लाया गया। खबर मिलते ही मजदूरी पर गई पत्नी, भाई और मां अस्पताल पहुंच गये। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया। परिजनों का कहना था कि शराब का नशा करता है, 2 दिन पहले घर में जमकर झगडा किया था। पत्नी का कहना था कि कई बार शराब पीने से मना किया लेकिन मारपीट पर उतारू हो जाते थे।

## हजारी हनुमान मंदिर में सवा ग्यारह लाख पार्थिव पूजन, देशभर से जुटेंगे संत

**उज्जैन।** मक्सी रोड पवासा स्थित श्री हजारी हनुमान मंदिर में सावन मास के तहत 13 से 19 अगस्त तक सवा ग्यारह लाख चिंतामणी पार्थिव शिवलिंग पूजन और रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान की शुरुआत 12 अगस्त को शाम 4 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। श्री हजारी हनुमान मंदिर पवासा के श्री श्री 1008 महंत काशीदास जी त्यागी ने बताया कि यह विशाल धार्मिक आयोजन श्री श्री 1008 महंत जगदीश्वरदास जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है। विजय हनुमान टेकरी तपोवन मलाड़ मुंबई के परमाध्यक्ष जगद्गुरु टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री माधवाचार्यजी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न होगा। मंदिर परिसर में 13 से 19 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का क्रम जारी रहेगा।

www.awantika.com

# मनन से बनता मानव



एक जिज्ञासु का प्रश्न है, प्रकृति के रहस्य को कैसे जान सकते हैं? सृष्टि के क्रमिक विकास में मानव का उद्भव एक महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। सनातन दर्शन के अनुसार, पंचमहाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) से निर्मित यह दृश्य जगत ब्रह्मचेतना की अंतिम स्थूल अभिव्यक्ति है। सृष्टि के प्रति संचार अर्थात सूक्ष्म से स्थूल की विकास यात्रा में पंचमहाभूतों पर जब परम चेतना का प्रभाव पड़ना प्रारंभ हुआ, तभी उनमें जीवन-स्पंदन का उदय हुआ। यही जीवन-स्पंदन आगे चलकर विभिन्न जीवों के रूप में विकसित हुआ।

जैसे-जैसे जीवधारी परम चेतना के प्रकाश से अधिक प्रभावित होते गए, उनमें चिंतन, मनन और आत्मबोध की क्षमता का विकास होने लगा। इस चिंतन शक्ति ने उन्हें केवल जीवित रहने की प्रवृत्ति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि अपने अस्तित्व, प्रकृति और ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने की प्रेरणा भी दी। जिन प्राणियों में यह शक्ति सर्वाधिक विकसित हुई, वे सृष्टि की विकास-यात्रा में तेजी से आगे बढ़े। इन्हीं श्रेष्ठ चिंतनशील प्राणियों को मानव कहा गया। मानव शब्द का अर्थ ही है, जो मनन करने की क्षमता रखता हो।

हालांकि, सभी मनुष्यों में चिंतन की शक्ति समान रूप से विकसित नहीं होती। प्रत्येक व्यक्ति की बौद्धिक और आध्यात्मिक क्षमता अलग-अलग होती है। समय के साथ यह शक्ति भी विकसित होती गई है। आदिम मानव की तुलना में आज का मनुष्य कहीं अधिक विकसित चिंतन-शक्ति का स्वामी है। इसका कारण केवल जैविक विकास नहीं, बल्कि लंबे सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक विकास की प्रक्रिया भी है। सृष्टि के प्रारंभिक चरण में, जब पहले मनुष्य अस्तित्व में आए, उनके सामने जीवन अत्यंत कठिन था। तब भोजन जुटाना, हिंसक जीवों से बचना और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना ही उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य था। उन्हें अपने अंतर्मन के अन्वेषण या गहन चिंतन का बहुत कम अवसर मिल पाता था। समय के साथ परिस्थितियां बदलीं। जैसे-जैसे जीवन सुरक्षित और व्यवस्थित हुआ, मनुष्य की चिंतन-शक्ति को भी विकसित होने का अवसर मिला। इस दृष्टिकोण से मानव की महानता केवल उसकी शारीरिक संरचना में नहीं, बल्कि उसकी चिंतनशीलता में निहित है। चिंतन ही मनुष्य को अन्य जीवों से अलग पहचान देता है और उसे आत्मबोध के मार्ग पर अग्रसर करता है। मानव सभ्यता का समूचा इतिहास इस तथ्य का प्रमाण है कि जब भी मनुष्य को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से कुछ मुक्ति मिली, उसने अपने भीतर झांकने की कोशिश की। इसलिए चिंतन-शक्ति का विकास ही मानव जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**सम्पादकीय**

## बदले की राजनीति

तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन की मंगलवार सुबह हुई गिरफ्तारी और फिर कुछ घंटों में मद्रास हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद रिहाई, एक पुरानी पटकथा का नया मंचन ही था। बदले की राजनीति के इस नाटक के बस किरदार बदल गए थे। उदयनिधि की यह गिरफ्तारी सोमवार को तंजावुर रैली में तमिल अभिनेत्री तृषा के खिलाफ कथित अशोभनीय टिप्पणी को लेकर हुई थी। तृषा मुख्यमंत्री विजय की करीबी हैं। जाहिर है, विजय की पार्टी टीवीके ने उदयनिधि के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई। उदयनिधि कोई पहली बार विवादित बयान के कारण सुर्खियों में नहीं आए हैं। सनातन के खिलाफ उनके विषवमन को लोग अभी तक भूले नहीं हैं। सितंबर 2023 में चेन्नई में आयोजित लेखकों-कलाकारों के एक जलसे में खेल मंत्री के तौर पर उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों से करते हुए इसके उन्मूलन तक की बात कह डाली थी। जाहिर है, तब देश भर में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुए थे। मद्रास हाईकोर्ट तक ने इसे समाज में नफरत फैलाने वाला बयान माना था। उदयनिधि आज भी इससे जुड़े मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

अब अभिनेत्री तृषा पर अभद्र टिप्पणी से जुड़े विवाद के बाद ऐसा लगता है कि वह आदतन एक बदजुबान नेता हैं। सनातन धर्म के विरुद्ध टिप्पणी करते वक्त तो उदयनिधि सत्ता में थे और तब शायद उन्हें यह गुमान रहा हो कि उनके पिता सूबे के मुख्यमंत्री हैं, वह स्वयं मंत्री हैं, इसलिए उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता; मगर तृषा के खिलाफ टिप्पणी करते हुए वह भूल गए कि अब वह विपक्ष में हैं और तंत्र उनके प्रति बहुत मुरव्वत नहीं बरतेगा। ताजा कार्रवाई के बाद उन्हें एहसास हो जाना चाहिए कि बड़बोलापन कितना भारी पड़ सकता है। दरअसल, मौजूदा दौर में बड़बोलेपन को एक गुण के रूप में देखा जाने लगा है, इसलिए छुटभैये नेता ही नहीं, पार्टियों के शीर्ष स्तर से भी कई ऐसे बयान सुनने को मिल जाते हैं, जो सभ्यता के दायरे में नहीं कहे जा सकते। इस अप-संस्कृति पर जितनी जल्दी लगाम लगे, देश के राजनीतिक वातावरण के लिए उतना ही शुभकारी होगा। दक्षिण भारत में अब यह लगभग परिपाटी सी बन गई है कि जो भी दल सत्ता में आता है, वह अपने विरोधियों के खिलाफ आक्रामक जांच में जुट जाता है।

**सावन माह विशेष पर**

# भावनात्मक और आध्यात्मिक पवित्र माह- सावन

जब तपती धरती वर्षा की पहली बूंदों से शीतल होती है,जब सूखे वृक्षों पर फिर से हरियाली लौट आती है और जब वातावरण में मिट्टी की सोंधी सुगंध जीवन के पुनर्जन्म का एहसास कराती है,तभी भारतीय संस्कृति का सबसे भावनात्मक और आध्यात्मिक पवित्र माह- सावन आरंभ होता है। यह केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि मनुष्य,प्रकृति और परमात्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का काल है। भारतीय परंपरा ने सावन को मात्र धार्मिक अनुष्ठानों का समय नहीं माना,बल्कि आत्मशुद्धि,सामाजिक अनुशासन,स्वास्थ्य-संरक्षण और पर्यावरण चेतना का जीवंत पर्व बनाया है। यही कारण है कि सहस्राब्दियों बाद भी सावन की प्रासंगिकता अक्षुण्ण बनी हुई है। आज जब मनुष्य अभूतपूर्व भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक तनाव,सामाजिक विखंडन और पर्यावरणीय संकट से जूझ रहा है,तब सावन का संदेश पहले से कहीं अधिक अर्थपूर्ण प्रतीत होता है।



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

यह माह हमें स्मरण करता है,कि सभ्यता की वास्तविक उन्नति प्रकृति पर विजय प्राप्त करने में नहीं,बल्कि उसके साथ सहअस्तित्व स्थापित करने में निहित है। सावन का सबसे गहरा संबंध भगवान शिव से है। शिव भारतीय दर्शन में केवल देवता नहीं, बल्कि संतुलन, त्याग और लोककल्याण के सर्वोच्च प्रतीक हैं। समुद्र मंथन के समय समस्त सृष्टि की रक्षा के लिए विषपान करने वाले शिव हमें यह शिक्षा देते हैं कि समाज की भलाई के लिए कठिनाइयों को स्वीकार करना ही सच्चा धर्म है। इसलिए सावन में भगवान शिव की आराधना केवल जलाभिषेक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, उसका वास्तविक उद्देश्य अपने भीतर के क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और ईर्ष्या जैसे विषों का परित्याग करना है। यदि मनुष्य अपने आचरण को पवित्र नहीं बनाता, तो बाहरी पूजा-अर्चना अधूरी रह जाती है।

सावन की सबसे विराट और प्रेरणादायक अभिव्यक्ति कांवड़ यात्रा में दिखाई देती है। प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालु गंगोत्री, हरिद्वार, गौमुख, नर्मदा, श्रीप्रा और अन्य पवित्र नदियों व तीर्थों से



पवित्रजल लेकर सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा करते हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन नहीं, बल्कि तप, अनुशासन, धैर्य और सामूहिक चेतना का अद्वितीय उदाहरण है। तपती सड़कों पर नंगे पाँव चलना,कठिन नियमों का पालन करना और अंततः शिवलिंग पर पवित्र जल अर्पित करना भारतीय संस्कृति के उस संदेश को साकार करता है जिसमें लक्ष्य तक पहुँचने के लिए त्याग और संयम को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। कांवड़ यात्रा का एक महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है। मार्ग में असंख्य सेवा शिविर,चिकित्सा सहायता,भोजन,जल और विश्राम की निःस्वार्थ व्यवस्था भारतीय समाज की सेवा-परंपरा को जीवंत करती है। यह यात्रा बताती है कि श्रद्धा केवल मंदिरों तक सीमित नहीं होती,वह सेवा,सहयोग और परोपकार के रूप में भी प्रकट होती है। साथ ही यह भी आवश्यक है कि श्रद्धा के इस महापर्व में अनुशासन,यातायात व्यवस्था,स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का समान रूप से ध्यान रखा जाए। धार्मिक आस्था तब और अधिक महान बन जाती है जब वह समाज की सुविधा और प्रकृति की सुरक्षा के साथ आगे बढ़े। इस माह का महत्व आयुर्वेद में भी अत्यंत गहन माना गया है। वर्षा ऋतु में वातावरण की आर्द्रता बढ़ने से शरीर की पाचन क्षमता कमजोर हो जाती है तथा संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए भारतीय ऋषियों ने इस समय उपवास,सात्विक भोजन, संयमित दिनचर्या और इंद्रिय-निग्रह को जीवन का हिस्सा बनाया। अधिक तैलीय,मसालेदार तथा तामसिक भोजन से बचने की परंपरा केवल धार्मिक विश्वास नहीं,बल्कि वैज्ञानिक स्वास्थ्य-दर्शन है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता है कि संतुलित आहार,नियंत्रित भोजन और स्वच्छ जीवनशैली रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है। इस दृष्टि से सावन भारतीय ज्ञान-परंपरा और वैज्ञानिक सोच का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। सावन पर्यावरण संरक्षण का भी मौन संदेश देता है। वर्षा ऋतु धरती के पुनर्जीवन का समय है। नदियाँ भरती हैं,जलस्रोत पुनर्जीवित होते हैं और वृक्षों में नई चेतना जागती है। भारतीय संस्कृति ने नदियों को माता, वृक्षों को देवतुल्य और जल को जीवन का आधार मानकर उनका सम्मान करना सिखाया। यदि सावन के धार्मिक आयोजनों के साथ वृक्षारोपण, जल संरक्षण,प्लास्टिक-मुक्त आयोजन और स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जाए,तो यह पर्व पर्यावरण संरक्षण की सबसे प्रभावी सामाजिक शक्ति बन सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि सावन को केवल उत्सव या अवकाश का महीना न समझा जाए। यह आत्ममंथन का अवसर है। यह अपने जीवन की दिशा पर विचार करने का समय है। यह परिवार,समाज और प्रकृति के साथ अपने संबंधों को पुनः सुदृढ़ करने का अवसर है। यदि हम शिव की करुणा,गंगा की पवित्रता,वर्षा की निर्मलता और कांवड़ियों के अनुशासन को अपने जीवन में उतार सकें,तो सावन की साधना सार्थक हो जाएगी। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि उसने धर्म को केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं रखा,बल्कि उसे जीवन जीने की कला बना दिया। सावन उसी जीवन-दर्शन का श्रेष्ठ उदाहरण है। यह हमें सिखाता है कि श्रद्धा तभी पूर्ण होती है जब उसमें सेवा हो,उपासना तभी सार्थक होती है जब उसमें आत्मसंयम हो, और धार्मिकता तभी सफल होती है जब उससे समाज,प्रकृति और मानवता का कल्याण हो। सावन की रिमझिम वर्षा केवल धूल से ढकी धरती को ही स्वच्छ नहीं करती,बल्कि मनुष्य को भी अपने अंतर्मन का परिशोधन करने का संदेश देती है। यदि यह संदेश हमारे व्यवहार,विचार और जीवनशैली का हिस्सा बन जाए,तो सावन केवल एक पवित्र महीना नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्र के सांस्कृतिक पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों के पुनर्स्थापन का आधार बन सकता है। यही सावन का वास्तविक महत्व है और यही उसकी सनातन प्रासंगिकता।

## सावन अब पहले सा नहीं रहा

सावन और प्रेम का रिश्ता वैसा ही है जैसा चाय और पकौड़ों का, संसद और हंगामे का या फिर मोबाइल और चार्जर का। एक के बिना दूसरा अधूरा लगता है। सदियों से सावन आते ही प्रेमियों के दिलों में ऐसी हरियाली छा जाती थी कि पेड़ों पर झूले पड़ते थे और दिलों में फूल खिल जाते थे। बादलों की गड़गड़ाहट प्रेम का बैकग्राउंड म्यूज़िक बन जाती थी और रिमझिम फुहारें प्रेम-पत्रों पर प्राकृतिक लैमिनेशन का काम करती थीं।

हिंदी फिल्म उद्योग ने भी सावन पर खूब भरोसा किया। जितने गीत सावन पर बने हैं, उतने शायद बजट पर नहीं बने। किसी फिल्म का नाम सावन, किसी का सावन को आने दो, तो कहीं आया सावन झूम के। ऐसा लगता था कि बॉलीवुड का मौसम विभाग केवल एक ही ऋतु जानता था–सावन। नायक-नायिका को प्रेम में पड़ना हो तो निर्देशक बादलों को बुला लेता था। जैसे ही पहली बूंद गिरती, दोनों पेड़ के इर्द-गिर्द नाचने लगते। दर्शक समझ जाते–अब प्रेम पक्का हो गया।

सावन की असली जिम्मेदारी प्रेम की आग बुझाना नहीं, उसे और भड़काना रही है। भीगते कपड़े, ठंडी हवा, झूला, कजरी और कोयल–ये सब मिलकर प्रेम का ऐसा सरकारी पैकेज तैयार करते थे कि दिल बिना किसी सब्सिडी के फिसल जाता था। उस दौर में प्रेमी मौसम विभाग की वेबसाइट नहीं देखते थे, सीधे आसमान देखते थे। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। अल नीनो महोदय ने सावन की छुट्टियाँ कम कर दी हैं। बादल आते हैं, फोटो खिंचवाते हैं और बिना बरसे लौट जाते हैं। मौसम विभाग रोज कहता है–आज भारी वर्षा की संभावना है। शाम तक केवल संभावना ही बरसती है। उधर प्रेमियों की हालत भी कम दयनीय नहीं। पहले वे कहते थे–चलो, बारिश में मिलते हैं। अब कहना पड़ता है–चलो, एसी कैफे में मिलते हैं, बाहर तो धूल उड़ रही है। झूले पेड़ों पर कम और सोशल मीडिया की रील्स में ज्यादा झूल रहे हैं। कजरी की जगह मोबाइल की रिंगटोन बज रही है। - **ओमप्रकाश चोरमा**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 अगस्त 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:04 सूर्यास्त 19:02
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - अष्टमी 18:52 उपरांत नवमी
नक्षत्र - भरणी 20:14 उपरांत कृतिका
योग - गण्ड 15:01 उपरांत वृद्धि
करण - बालव
चन्द्रमा - मेष में है। 25:53 पर वृषभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 22

**मेष-** रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-** नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**कर्क-** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह-** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**कन्या-** व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला-** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**धनु-** नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कुंभ-** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा।

**मीन-** आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**समसामयिक**

## दीवाना हूँ महाकाल का

दीवाना हूँ महाकाल का, दीवानगी महाकाल की।
कालों के भी काल की, मृत्युंजय मुण्डमाल की।
सावन में हर सोमवार को, निकले तेरी पालकी।
दीवाना हूँ महाकाल का, दीवानगी महाकाल की॥
जिस पर तेरी कृपा बरसती, उसका कौन बिगाड़े।
तू सबको गले लगाए, जो भी आए तेरे द्वारे।
तेरे नाम से रोशन होती, किस्मत हर बदहाल की।
दीवाना हूँ महाकाल का, दीवानगी महाकाल की॥
माथे चंदा, जटा में गंगा, कंठ सजा विष प्याला।
हाथ में डमरू, गले भुजंगा, अद्भुत रूप निराला।
जो निशिदिन तेरा नाम जपे, उसे चिंता नहीं काल की।
दीवाना हूँ महाकाल का, दीवानगी महाकाल की॥
सप्तपुरी उज्जैन की धरती, बाबा तेरा धाम है।
बारह ज्योतिलिंगों में, सबसे ऊँचा तेरा नाम है।
भस्म आरती की महिमा गाए, दुनिया तेरे भाल की।
जय-जय गूँजे महाकाल की, जय-जय शिव कृपाल की।
दीवाना हूँ महाकाल का, दीवानगी महाकाल की॥
कालचक्र भी शीश झुकाए,
ऐसी तेरी माया।
दीन-दुखी की हर पुकार पर,
तूने हाथ बढ़ाया।
जय हो, जय हो, जय हो शंकर,
जय हो मुण्डमाल की।
दीवाना हूँ महाकाल का,
दीवानगी महाकाल की॥



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

## नीट का कड़वा घूंट

जब कलम काँपी, प्रश्न भी रोए,
उत्तरों से पहले सपने को खोए।
मेहनत की गठरी कंधों पर थी,
पर राह में कितनी धूल संजोए।
जब शिक्षा का मंदिर डगमगाता,
विश्वास का दीप भी बुझ जाता।
अंकों से बढ़कर होता हैं भविष्य,
जो अन्याय से घायल हो जाता।
यहाँ कुर्सियाँ आती-जाती रहतीं,
त्यागपत्र भी इतिहास हैं बनाते।
ये खोया हुआ विश्वास लौटे कैसे,
जब छात्र आँसू पीकर मुस्काते?
युवाओं की आँखों में जो कल था,
वह केवल मात्र एक परीक्षा नहीं;
माँ की प्रार्थना व पिता का संघर्ष,
साथ में वर्षों की साधना थी कहीं।
सत्ताधारियों का धर्म उत्तर देना है,
सिर्फ.इन घटनाओं पर मौन नहीं।
शिक्षा तभी राष्ट्र की शक्ति बनेगी,
जब न्याय मिले, फिर संदेह नहीं।
आओ वर्तमान हम ऐसा समय रचें,
जहाँ श्रम शक्ति का सम्मान अटल।
हर एक विद्यार्थी निडर होकर कहे–
मेरी मेहनत ही मेरी सफलता का संबल हो।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

# उच्च रक्तचाप होने पर बढ़ता है बीमारियों का खतरा

यह आपकी धमनियों में रक्त का दबाव है। रक्तचाप की रीडिंग में दो अंक होते हैं, जो आमतौर पर एक के ऊपर एक लिखे होते हैं और मिलीमीटर ऑफ मरकरी में मापे जाते हैं। यदि आपकी रीडिंग '120 ओवर 80' है, तो आपके डॉक्टर या नर्स इसे '120 ओवर 80' कह सकते हैं। पहला (ऊपरी) अंक आपके हृदय के संकुचन के दौरान रक्तचाप के उच्चतम स्तर को दशार्ता है - जिसे सिस्टोलिक दबाव कहा जाता है। दूसरा (निचला) अंक हृदय की धड़कनों के बीच आराम के दौरान रक्तचाप के निम्नतम स्तर को दर्शाता है - जिसे डायस्टोलिक दबाव कहा जाता है।

जब तक आपके डॉक्टर अन्यथा न कहें, रक्तचाप 140/90 से कम होना चाहिए।

उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) का मतलब है कि आपका रक्तचाप लगातार अनुशंसित स्तर से अधिक रहता है। जब तक आपका डॉक्टर कुछ और न कहे, रक्तचाप 140/90 से कम होना चाहिए। हृदय रोग , मधुमेह या गुर्दे की बीमारी वाले लोगों का रक्तचाप आदर्श रूप से 130/80 से कम होना चाहिए।

### समस्या का पैमाना क्या है?

ब्रिटेन में 14 मिलियन से अधिक वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं - इनमें से लगभग 5 मिलियन लोगों में इस बीमारी का पता नहीं चल पाया है, क्योंकि इसके लक्षण बहुत कम ही दिखाई देते हैं। आपको इस समस्या का पता तभी चल सकता है जब आपको दिल का दौरा या स्ट्रोक हो जाए । ब्रिटेन में होने वाले लगभग आधे दिल के दौरे और स्ट्रोक का कारण उच्च रक्तचाप होता है।

### उच्च रक्तचाप का खतरा किसे होता है?

जोखिम कारकों में अधिक वजन होना, आहार में अधिक नमक का सेवन, पर्याप्त शारीरिक गतिविधि न करना , अत्यधिक शराब पीना और परिवार में उच्च रक्तचाप का इतिहास होना शामिल हैं। हम यह भी जानते हैं कि अफ्रीकी कैरेबियन पृष्ठभूमि के लोग और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोग अधिक जोखिम में हो सकते हैं।

### इसकी रोकथाम कैसे की जा सकती है?

स्वस्थ वजन बनाए रखना, नमक का सेवन कम करना, भरपूर मात्रा में सब्जियां और फल खाना और शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, ये सभी चीजें फायदेमंद हैं। ये तब भी महत्वपूर्ण हैं जब आप रक्तचाप कम करने के लिए दवा ले रहे हों।

अपना रक्तचाप मापें। इंग्लैंड में, 40 से 74 वर्ष की आयु के वयस्क अपने डॉक्टर (जीपी) के माध्यम से (और कुछ फार्मेसियों में भी) मुफ्त एनएचएस स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं। उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में भी इसी तरह की योजनाएं हैं। यदि आपकी आयु 40 वर्ष से कम है और आपको लगता है कि आपको उच्च रक्तचाप का खतरा हो सकता है, तो अपने डॉक्टर से जांच करवाने का अनुरोध करें।

### क्या मुझे दवाइयां लेने की जरूरत है?

उच्च रक्तचाप की दवा उच्च रक्तचाप वाले लोगों में दिल का दौरा और स्ट्रोक के जोखिम को कम करती है। लेकिन ब्रिटेन के मौजूदा दिशानिर्देश सभी के लिए दवा लेने की सलाह नहीं देते हैं। यदि आपका रक्तचाप केवल थोड़ा सा बढ़ा हुआ है, तो आपका डॉक्टर साधारण रक्त और मूत्र परीक्षण (कोलेस्ट्रॉल और रक्त शर्करा के स्तर की जांच सहित ) करेगा, ईसीजी करेगा और आपके चिकित्सीय इतिहास पर विचार करके यह तय करेगा कि आपको दवा की आवश्यकता है या नहीं।

**धर्म-आस्था**

# नकली धर्मगुरुओं के खिलाफ कार्रवाई करना क्यों आवश्यक है?

भारत को हमेशा से संतों, ऋषियों और आध्यात्मिक ज्ञान की भूमि के रूप में जाना जाता रहा है। सदियों से पवित्र पुरुष और महिलाएं दूसरों को करुणा, सत्य, आत्म-अनुशासन और सेवा के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। विभिन्न सुधारकों और संतों के सिद्धांतों ने भारतीय समाज को व्यापक रूप से प्रभावित किया है और लोगों को अज्ञानता, अंधविश्वास और सामाजिक बाधाओं से ऊपर उठने के लिए प्रेरित किया है। लाखों भारतीयों के जीवन में आस्था का सर्वोपरि स्थान है, क्योंकि यही पवित्रता परम वास्तविकता है।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

लेकिन देश में ऐसे लोगों का उदय हुआ है जो अपनी निजी जरूरतों को पूरा करने के लिए धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग करते हैं, जिन्हें धर्मगुरु का उपनाम दिया गया है। वे धन, प्रभाव और निर्विवाद सत्ता के साम्राज्य स्थापित करने के लिए तथाकथित आध्यात्मिक भाषा को बढ़ावा देते हैं। भारत में कई मामलों में ऐसी महिलाओं पर यौन शोषण, संपत्ति मालिक को धोखा देना, अवैध भूमि अधिग्रहण, धमकी आदि जैसे गंभीर अपराधों का आरोप लगाया गया है या उन्हें दोषी ठहराया गया है। इससे न केवल ये प्रथाएं अवैध हो जाती हैं, बल्कि धार्मिक रूप से आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन करने वालों की प्रतिष्ठा भी धूमिल होती है। इसीलिए, किसी भी अधिकारी द्वारा धर्म को आपराधिक कृत्यों की आड़ में इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ उठाया गया कोई भी कदम न्याय और कानून के शासन का हिस्सा माना जाना चाहिए, न कि किसी के धर्म पर अत्याचार। संवैधानिक लोकतंत्र में कोई भी नागरिक कानून से ऊपर नहीं होता। गलत कामों की कोई खुली छूट नहीं होनी चाहिए और किसी को भी उसकी धार्मिक पहचान के आधार पर कानून से छूट नहीं मिलनी चाहिए।

भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को धार्मिक आस्था, धार्मिक रीति-रिवाजों और उनके प्रचार-प्रसार के अधिकार को एक विशेषाधिकार के रूप में मान्यता देता है। यह स्वतंत्रता सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य की अन्य संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त सीमाओं के अधीन भी है। संविधान धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करता है, लेकिन धार्मिक आड़ में वास्तविक धार्मिक गतिविधियों को आपराधिक गतिविधियों में शामिल करने की अनुमति नहीं देता है। इसलिए, सरकार द्वारा अधिकांश अनधिकृत आध्यात्मिक नेताओं, स्व-घोषित या आध्यात्मिक नेताओं की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने, उनकी गतिविधियों में वित्तीय अनियमितताओं या अन्य गैरकानूनी आचरण के मामलों की जांच करना, सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है, न कि धार्मिक आस्था में हस्तक्षेप।

धर्म का शोषण, पाखंडी धर्मगुरुओं द्वारा लोगों के लिए उत्पन्न किए जाने वाले सबसे बड़े खतरों में से एक है। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त, भावनात्मक या मानसिक तनाव से जूझ रहे, या आर्थिक तंगी से परेशान लोग, बिना किसी संदेह के ऐसे करिश्माई व्यक्तित्व के संपर्क में आ जाते हैं जो चमत्कारिक इलाज, अचानक धन-दौलत और जीवन की समस्याओं का चमत्कारिक, अलौकिक समाधान देने का वादा करता है। इस शोषण के कारण पीड़ितों और उनके परिवारों को आर्थिक नुकसान, मानसिक तनाव या इससे भी बदतर, जीवन भर कष्ट भोगना पड़ सकता है।

दुर्भाग्य से, अंधविश्वास फैलाने वाले ही एकमात्र लोग नहीं हैं। बल्कि यह समाज की भी ज़िम्मेदारी है जो पूछताछ करने और आलोचनात्मक रूप से सोचने की अनिच्छा को बढ़ावा देता है। आस्था तर्क के विरुद्ध नहीं है। सच्ची आध्यात्मिकता विनम्रता, सहानुभूति और आत्मनिरीक्षण को बढ़ावा देती है, जबकि बिना सोचे-समझे आज्ञापालन आलोचनात्मक चिंतन को दबा देता है। एक स्वस्थ लोकतंत्र की समस्या यह है कि उसे ऐसे नागरिकों की आवश्यकता होती है जो आध्यात्मिक मार्गदर्शन और हेरफेर के मामले में विवेकशील हों।

आधुनिक तकनीक के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। आजकल, एक स्वघोषित धर्मगुरु सोशल मीडिया पर लाखों अनुयायियों का समर्थन हासिल कर लेता है, जो सोच-समझकर गढ़ी गई कहानियों, भावनात्मक हेरफेर और बेतुके दावों के जाल में फंस जाते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली-5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर-4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,43,300 रवा- 1,43,100 चांदी- टंच- 2,24,500 पाट- 2,23,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## पड़ोसियों के बीच विवाद, मामला दर्ज

**शुजालपुर।** कुम्हार मोहल्ला में मंगलवार सुबह पड़ोसियों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एक पक्ष की संगीता सेन ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले दंपती मंजु नाथ और जितेंद्र नाथ ने विवाद के दौरान गाली-गलौज करते हुए उस पर पत्थर की फ रसी से हमला किया, जिससे उसके होंठ और कंधे पर चोट आई। वहीं दूसरे पक्ष की मंजु नाथ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि संगीता सेन ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे उसकी उंगली में चोट लगी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

## निजी स्कूल संचालकों ने मांगों का सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मध्यप्रदेश प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्था संघ के बैनरतले निजी स्कूल संचालकों ने ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को निजी विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और गृह मंत्रालय के नाम डिप्टी कलेक्टर जगदीश वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि दो वर्षों से लंबित आरटीई फीस प्रतिपूर्ति की राशि का तत्काल भुगतान किया जाए, पहली से 12वीं तक के विद्यालयों को स्थायी मान्यता देने और राज्य शिक्षा सलाहकार परिषद का गठन कर उसमें अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों को शामिल करने, निजी विद्यालय संचालकों, प्राचार्यों और शिक्षकों के लिए डॉक्टरों एवं अस्पताल कर्मचारियों की तर्ज पर प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने आदि मांग की गई।

## लंबित मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संघ का चरणबद्ध आंदोलन

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि प्रदेशभर में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन के माध्यम से शासन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 7 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 1 से 12 अगस्त तक वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से छूट देने की मांग को लेकर सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। तीसरे चरण में 8 सितंबर को संभाग स्तर पर प्रदर्शन कर कमिश्नर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## रेलवे ब्रिज की रेलिंग से लटका मिला युवक

**देवास।** देवास शहर के कालूखेड़ी रेलवे ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह एक युवक का शव सीढ़ियों की रेलिंग से फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस मौत की परिस्थितियों और मृतक की पहचान से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### कावड़ यात्रा के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा, 12 वर्षीय बालिका भी आई करंट की चपेट में

# डीजे पर खड़ा होकर ध्वज लहरा रहे युवक की करंट लगने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

आष्टा मार्ग पर कावड़ यात्रा के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम अमलाय पत्थर, गुर्दाखेड़ी एवं निपानिया की संयुक्त कावड़ यात्रा शुजालपुर आ रही थी। देहंडी जोड़ के समीप कोल्ड स्टोरेज के सामने डीजे पर खड़े एक युवक द्वारा रॉड लगा ध्वज लहराया जा रहा था।

इसी दौरान रॉड ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गई, जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। साथ ही एक अन्य 12 वर्षीय बालिका भी करंट की चपेट में आई, जिसकों उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।



मिली जानकारी अनुसार जटाशंकर महादेव मंदिर शुजालपुर में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालुओं की यह कावड़ यात्रा सुबह लगभग 11 बजे अमलाय से प्रारंभ हुई, इस कावड़ यात्रा में महिलाएं व पुरूष भगवान के भजनों की प्रस्तुति देते चल रहे थे। यह यात्रा जब देहण्डी जोड के समीप कोल्ड स्टोरेज के सामने पहुंची तो यात्रा में आगे चल रहे डीजे की छत पर खडे होकर अमलाय निवासी युवक संतोष पिता हरिसिंह गेहलोत 36 वर्ष स्टील रॉड में लगे ध्वज हो लहरा रहा था तभी यह रॉड ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार से टकरा गई और करंट लगने से संतोष डीजे से नीचे गिर गया।

उधर डीजे को पकड़ कर चल रही 12 वर्षीय लक्ष्मी पिता अर्जुन मेवाड़ा निवासी अमलाय को भी करंट लगा, दोनों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल शुजालपुर लाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच उपरांत संतोष को मृत घोषित कर दिया। करंट से घायल हुई लक्ष्मी मेवाड़ा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसकी हालत में सुधार है। कावड़ यात्रा में हुई इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक छा गया और यात्रा में शामिल कावड़िए वापस गांव चले गए। मृतक संतोष के शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया।



## किसानों की मांग पर मूंग खरीदी शुरू चक्काजाम के बाद प्रशासन ने बदला अपना फैसला

**खातेगांव।** खातेगांव में किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार सुबह पुष्पदीप वेयरहाउस में मूंग की खरीदी शुरू हो गई। सोमवार को खरीदी केंद्र बदलने के विरोध में किसानों ने चक्काजाम किया था, जिसके बाद प्रशासन ने उनकी मांग मान ली। किसानों की सुविधा के लिए वेयरहाउस में तौल की व्यवस्था बढ़ाई जा रही है। सोमवार को किसानों ने खातेगांव-सतवास मार्ग पर करीब एक घंटे तक चक्काजाम किया था। वे खरीदी केंद्र बदलने के निर्णय से नाराज थे। किसानों का आरोप था कि पहले उन्हें बाकलीवाल वेयरहाउस से पुष्पदीप वेयरहाउस भेजा गया, और फिर अजनास के किसान वेयरहाउस जाने को कहा गया। अजनास में कच्चे रास्ते और पर्याप्त व्यवस्थाएं न होने के कारण किसानों ने वहां माल तुलवाने का विरोध किया। मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक, पुलिस और कृषि विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि मूंग की खरीदी पुष्पदीप वेयरहाउस में ही की जाएगी। इस आश्वासन के बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

# अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का भांडाफोड़, 2 लाख की 4 बाइकों के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में वाहन चोरों के नेटवर्क पर करारी चोट करते हुए कालापीपल पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस की विशेष टीम ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक ऐसे अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो शाजापुर से लेकर राजधानी भोपाल तक वाहन चोरी की वारदातों को बेखौफ अंजाम दे रहा था। इस कार्रवाई में पुलिस ने 4 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 2 लाख रुपये कीमत की 4 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार 3 अगस्त 2026 को राजीव चौक, कालापीपल मंडी निवासी धनपाल जैन 44 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल निजी गार्डन के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति ने चुरा ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।



### पुलिस चेकिंग देखकर भागे

जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा एसडीओपी (शुजालपुर) निमेश देशमुख के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। इसी कड़ी में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवि भंडारी के नेतृत्व में थाने के सामने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए और गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा।

### कड़ाई से पूछताछ में खुले भोपाल के राज

पकड़े गए आरोपियों से जब वाहन के वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे बगले झांकने लगे। पुलिस ने जब सख्ती दिखाई, तो उन्होंने माधव मैरिज गार्डन से मोटरसाइकिल चोरी करने का जुर्म कुबूल कर लिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि यह गिरोह केवल शाजापुर तक सीमित नहीं था। आरोपियों ने भोपाल के ईटखेड़ी, भानपुर बायपास रोड और आसपास के अन्य क्षेत्रों से भी मोटरसाइकिलें चुराने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से कुल 04 चोरी की गाड़ियां जब्त कर ली हैं। सभी 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है, और अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद में विवेचना अभी जारी है।

### शिप्रा शुद्धीकरण पर संतों का अल्टीमेटम

# दूषित नालों का सुधार नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री को मौका दिखाएँगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच शिप्रा नदी के शुद्धीकरण का मुद्दा अब संत समाज ने उठाया है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक संत उज्जैन से देवास पहुंचे। उन्होंने नागधम्मन नदी और शिप्रा में मिलने वाले दूषित नालों का निरीक्षण किया।

हवनीखेड़ी में संतों ने नागधम्मन नदी में बहते काले और दूषित पानी को देखा। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि सिंहस्थ से पहले शिप्रा को हर हाल में स्वच्छ करना होगा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास ने बताया कि वे पहले भी यहां आ चुके हैं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब शिप्रा में दूषित पानी का मिलना हर हाल में बंद कराया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन या सड़क जाम करना संतों का कार्य नहीं है, लेकिन प्रशासन से समाधान करवाना उनकी जिम्मेदारी है। यदि आवश्यकता पड़ी तो मुख्यमंत्री से भोपाल में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर इस विषय को उठाया जाएगा। डॉ. रामेश्वर दास ने दो टूक कहा कि यदि शिप्रा स्वच्छ नहीं हुई तो मुख्यमंत्री को भी यहां लाकर वास्तविक स्थिति दिखाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे उज्जैन के हैं, इसलिए कार्रवाई क्यों नहीं होगी, हम खुद जाकर मिलेंगे और उन्हें यहां लाएंगे।

### ट्रीटमेंट के बाद भी पीने योग्य नहीं पानी

डॉ. दास ने कहा, यह पानी इतना दूषित है कि ट्रीटमेंट के बाद भी पीने योग्य नहीं है। ऐसे जहरीले पानी से जीव-जंतुओं का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उज्जैन में 13 नालों को लेकर भी संत समाज लगातार प्रयास कर रहा है।

## श्रावण सोमवार बाबा बैजनाथ के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

**आगर मालवा।** श्रावण माह के पहले सोमवार पर प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गईं, जो देर रात तक जारी रहीं। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक, पूजन-अर्चन और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा अच्छी बारिश की कामना की। इस अवसर पर बाबा बैजनाथ का अर्धनारीश्वर स्वरूप में भांग, मेवा और पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। मंदिर परिसर पूरे दिन हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए। मंदिर के पास नया पार्किंग स्थल बनाया गया, जिससे जाम की स्थिति नहीं बनी। वहीं, पुलिस बल भी पूरे समय तैनात रहा। व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष टेलर के स्वागत में शक्ति प्रदर्शन, कई स्थानों पर पुष्पवर्षा

**आगर मालवा।** आगर मालवो भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम आगमन पर सोमवार को जिला मुख्यालय पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों ने अलग-अलग स्थानों पर स्वागत मंच लगाकर शक्ति प्रदर्शन किया। इसके बाद गांधी उपवन परिसर के मांगलिक भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और प्रत्येक कार्यकर्ता से पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक मधु गहलोत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीमा क्लेम और मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**सोयतकला।** भारतीय किसान संघ द्वारा तहसील अध्यक्ष रामदयाल पाटीदार के नेतृत्व में किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने खरीफ वर्ष 2025-26 के फसल बीमा क्लेम, फसल नुकसान मुआवजा, लंबित राजस्व प्रकरणों और विद्युत संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि किसानों से फसल बीमा का प्रीमियम काटकर बीमा कंपनी में जमा कराया गया, लेकिन अधिकांश किसानों को अब तक बीमा दावा राशि नहीं मिली। कई गांवों में फसल पूरी तरह नष्ट होने के बावजूद शून्य क्लेम मिलने का आरोप लगाया गया। किसानों ने लंबित नामांतरण और बंटवारा प्रकरणों के निराकरण, सोयतकला में स्थायी विद्युत अभियंता की नियुक्ति व टूटे बिजली पोल और झूलते तारों की मरम्मत की भी मांग की।

# जनसुनवाई में दिव्यांग छात्र को मिली व्हीलचेयर

### 129 शिकायतों पर निराकरण के निर्देश

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने 129 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। सुनवाई के दौरान दो दिव्यांग छात्रों से जुड़े मामलों पर कलेक्टर ने तुरंत एक्शन लिया। इसमें एक छात्र को मौके पर ही व्हीलचेयर सौंपी गई, वहीं दूसरे छात्र के स्कूल में दाखिले के निर्देश दिए गए। लसुल्डिया गोयल निवासी गज्जू सिंह ने जनसुनवाई में शिकायत की थी कि उनके दिव्यांग बेटे विजयपाल को सुदवास हाई स्कूल में 9वीं कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को स्कूल प्राचार्य से बात कर छात्र का दाखिला तुरंत कराने के आदेश दिए। भीमपुरा के रहने वाले दिव्यांग छात्र संदीप ने जनसुनवाई में पहुंचकर व्हीलचेयर दिलाने की मांग की। कलेक्टर के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग ने जनसुनवाई कक्ष में ही संदीप को निशुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। जनसुनवाई में सुसनेर क्षेत्र के कवराखेड़ी की ममता डाबी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती से जुड़ी आपत्ति दर्ज कराई, जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश मिले। कलेक्ट्रेट पहुंची इस जनसुनवाई में जिले के अलग-अलग गांवों से आए लोगों ने कुल 129 आवेदन जमा किए।



## शांति समिति की बैठक में अपील की त्योहार भाईचारे और सौहार्द से मनाएं

**आगर-मालवा।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डा. शेर सिंह मीणा ने की। उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सद्भाव और भाईचारे की परंपरा रही है, जिसे सभी नागरिक मिलकर आगे भी बनाए रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, एडीएम डा. शालिनी श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र बोयट सहित प्रशासनिक अधिकारी और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को जुलूस मार्ग, अखाड़ों, गणेश प्रतिमा स्थापना और विसर्जन स्थलों का संयुक्त निरीक्षण कर जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाएं दुरुस्त रखने की बात कही गई।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म CEMENT PIPES AND POLES, Address 64-65 Industrial Area, Maksi Road Ujjain (M.P.), Registration No. 851 Dated 27/01/1989.

तथा जिसमें दिनांक 01/07/2026 को नीलू जिंदल पति विनीत जिंदल, पता 55, दशहरा मैदान, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) को नये भागीदार के रूप में फर्म CEMENT PIPES AND POLES, Address 64-65 Industrial Area, Maksi Roar, Ujjain (M.P.) में प्रवेश हुआ है।

तथा जिसमें दिनांक 01/07/2026 को मधु जिंदल पति स्व. श्री कृष्ण कुमार जी जिन्दल, पता 55, दशहरा मैदान, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) अपनी स्वेच्छा से फर्म CEMENT PIPES AND POLES, Address 64-65 Industrial Area, Maksi Roar, Ujjain (M.P.) से पृथक हो गये है। उक्त दिनांक 01/07/2026 से इस फर्म CEMENT PIPES AND POLES, Address 64-65 Industrial Area, Maksi Roar, Ujjain (M.P.) से पार्टनर (भागीदार) का कोई लेना देना नहीं है। वर्तमान में इस फर्म CEMENT PIPES AND POLES में निम्न भागीदार रहेगे।

(1) अमित जिंदल
(2) विनीत जिंदल
(3) नीलू जिंदल

**न्यायालय नायब तहसीलदार श्यामपुरा**
**मोडी तहसील सुसनेर, जिला आगर-मालवा**
**प्रकरण क्रमांक/0648/अ-6/2026-27 दिनांक 03/08/2026**

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण जनता ग्राम माणा/घाटाखेड़ी को सुचित किया जाता है कि आवेदक धिरज गुर्जर पिता मोहनलाल गुर्जर जाति गुर्जर निवासी ग्राम बनबोर तहसील मोहन बडोदिया जिला शाजापुर द्वारा ग्राम माणा के भूमि सर्वे नं0 439/2 रकबा 0.14 हे0, 440/1 रकबा 0.04 हे0, 465 रकबा 0.09 हे0, 482/2/1 रकबा 0.01 हे0, 673/1 रकबा 0.15 हे0, 696/1 रकबा 0.001 हे0, 952/2 रकबा 0.08 हे0, 963/2 रकबा 0.08 हे० कुलकिता 8 कुल रकबा 0.8310 हे0 तथा ग्राम घाटाखेड़ी के भूमि सर्वे नं0 405/2 रकबा 0.60 हे०, 406/2 रकबा 0.68 हे0 कुलकिता 2 कुल रकबा 1.28 हे0 भूमि पर वसीयतकर्ता गोरधन पिता फुल जी जाति गायरी गुर्जर निवासी ग्राम माणा के मृत्यु उपरान्त रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर नामान्तरण हेतु इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वसीयत नामान्तरण के संबंध इस्तहार का प्रकाशन किया गया है। उपरोक्त नामान्तरण के संबध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से 15 दिवस मे अपनी आपत्ति इस न्यायालय मे स्वयं या स्वयं के द्वारा नियुक्त विधिक व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजर जाने पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से विज्ञप्ति जारी की गई।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील सुसनेर**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती इन्दिरा बोहरा पत्नी श्री पवन बोहरा निवासी 18, मेघदूत परिसर, निजातपुरा, उज्जैन के मालिकी का एक भूखण्ड मोहल्ला गायत्री नगर कॉलोनी, सेक्टर-बी, अशोक मंडी मार्ग, आगर रोड, उज्जैन पर स्थित हैं। जिसका भुखण्ड नगर पालिक निगम क्रमांक 13, गायत्री नगर कॉलोनी सेक्टर-बी, उज्जैन हैं, इस भुखण्ड का कुल क्षेत्रफल 167.67 वर्गमीटर हैं तथा एक भूखण्ड जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 28, गायत्री नगर कॉलोनी सेक्टर-बी, उज्जैन है। इस भुखण्ड का कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर है। उक्त दोनो भूखण्ड क्रमांक 13 व 28 गायत्री नगर कॉलोनी, सेक्टर बी, उज्जैन को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का तय पाया है, जिसमें मेरे पक्षकार से बयाना राशी भी श्रीमती इन्दिरा बोहरा पत्नी श्री पवन बोहरा के द्वारा प्राप्त कर ली गई है। मेरे पक्षकार द्वारा शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना शेष हैं। उक्त भूखण्ड के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी का उक्त भूखण्डों में स्वत्व हित निहित हो, व इस भूखण्ड को किसी के हित में किसी भी प्रकार से अनुबन्धित किया गया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्डों को शेष विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक : 05/08/2026 ई., स्थान उज्जैन

**मानमल दुग्गड़ अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन- 94250-91829**

The Court Of II Civil Judge Class I, District Court, Ujjain Tehsil badnagar Presiding Officer:
**श्री गौरव चौरसिया**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000011/2025)
**मेहरबान खान ------------वादी**
**Vs**
**प्रभात उर्फ निर्मलकुमार--------- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 12/10/2026**

**प्रेषिती**

(1) प्रभात उर्फ निर्मलकुमार पिता प्रमोदकुमार बाजपेयी पता- निवासी ग्राम कुलावंदा तहसील बडनगर

यह कि प्रार्थी मेहरबान खान ने आपके विरूद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 30 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(गौरव चौरसिया)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,**
**बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

The Court Of II Civil Judge Class I, District Court, Ujjain Tehsil badnagar Presiding Officer:
**श्री गौरव चौरसिया**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000011/2025)
**मेहरबान खान ------------वादी**
**Vs**
**प्रभात उर्फ निर्मलकुमार--------- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 12/10/2026**

**प्रेषिती**

(1) विकास बाजपेयी पिता प्रमोद बाजपेयी
पता- निवासी ग्राम कुलावंदा तहसील बडनगर

यह कि प्रार्थी मेहरबान खान ने आपके विरूद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 30 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(गौरव चौरसिया)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,**
**बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

BHOPAL-GWALIOR REGIONAL



## कर्ज से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

**गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हड्डीमिल इलाके में बुधवार को एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक का शव पानी की टंकी के पास एक पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान हरवीर जाटव निवासी ग्राम सुमेर (मगराना के पास) के रूप में हुई है। वह लंबे समय से गुना में रहकर ही प्रॉपर्टी का काम करता था। मृतक का निजी मकान विनायकखेडी रोड पर है जहां वह निवास करता था। बताया गया है कि युवक ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें 4 नाम बताए जा रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों एवं प्राथमिक जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया आत्महत्या का कारण सिर पर चढ़ा कर्ज बताया जा रहा है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज होने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पूरी तरह खुलासा हो सकेगा।

## एक ही विषय में बड़ी संख्या में एटीकेटी मिलने पर सौंपा ज्ञापन

**शुजालपुर।** विक्रम विश्वविद्यालय की वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा में आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी भाषा विषय में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को पूरक पात्रता एटीकेटी मिलने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर विद्यार्थियों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। नगर मंत्री अजय गुर्जर ने बताया कि वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष के अधिकांश विद्यार्थी अन्य सभी विषयों में उत्तीर्ण हैं, लेकिन केवल आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी भाषा विषय में बड़ी संख्या में पूरक पात्रता मिलने से उनका शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसके कारण विद्यार्थियों में निराशा और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विद्यार्थी परिषद ने मांग की है कि आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी भाषा विषय के परीक्षा परिणाम का पुनर्मूल्यांकन कराया जाए तथा मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा की जाए।

## तीन गांवों से निकलेगी कावड़ यात्रा, होगा जलाभिषेक

**शुजालपुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर क्षेत्र में कावड़ यात्रा का दौर जारी है, गुरुवार 6 अगस्त को मितेरा, अमलावती और अजनई गांवों से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भगवान शिव के जयकारों के साथ जटा शंकर महादेव मंदिर पहुंचेंगी। आयोजन को लेकर तीनों गांवों में धार्मिक उत्साह का माहौल है। आयोजकों के अनुसार कलश यात्राएं सुबह 10 बजे अपने-अपने गांवों से प्रस्थान करेंगी और दोपहर करीब 2 बजे जटा शंकर महादेव मंदिर पहुंचेंगी। यहां मां नर्मदा से लाए गए पवित्र जल से भगवान जटा शंकर महादेव का विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजकों का कहना है कि श्रावण मास के इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

## कूरियर ऑफिस में चोरी के मामले में तीन संदिग्ध हिरासत में

**शुजालपुर।** मंडी थाना क्षेत्र के फ्रीगंज स्थित प्रिंसी इन्टरनेशनल कूरियर ऑफिस में तीन दिवस पूर्व चोरी की वारदात हुई थी, कंपनी मैनेजर ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि बदमाश छत की रोशनदान के सरिए काटकर कंपनी के गौदाम में तार के सहारे नीचे उतरे और 2.96 लाख रुपए नगदी चुरा ले गए। कूरियर कंपनी के गोदाम में हुई इस सनसनी खेज वारदात का वीडियों फूटेज भी सामने आया था जिसमें एक बदमाश नकाब पहनकर फिल्मी स्टाइल में छतर से नीचे तार के सहारे उतरता दिखाई दिया और इसी तार के सहारे नगदी रखे लॉकर को ऊपर पहुंचाया। शहर में हुई इस चोरी के मामले में पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देख रही थी, सुत्रों के अनुसार इस चोरी के अपराध की पड़ताल के दौरान पुलिस को तीन संदिग्धों के संबंध में सूचना मिली, जिन्हे पुलिस ने राउंडअप कर लिया और दो संदिग्धों ने चोरी करना कबुल भी किया, हालांकि जितनी राशि चोरी जाना बताई गई उतनी राशि लॉकर में होना नहीं बताया जा रहा है।

## कलेक्टोरेट पहुंचे बरखेड़ा कलां ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**गुना।** विकासखंड चांचौड़ा की ग्राम पंचायत बरखेड़ा कलां के निवासियों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव सुरेश मीना और रोजगार सहायक बाबूलाल गुर्जर पर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाते हुए सचिव को तत्काल पद से हटाने व स्थानांतरण की मांग की है। ज्ञापन में शपथकर्ताओं ने उल्लेख किया कि सचिव व रोजगार सहायक द्वारा पीएम आवास योजना के सत्यापन के नाम पर सुमित्रा लोधा सहित अन्य हितग्राहियों से 1500-1500 रुपये की रिश्वत ली गई, फिर भी पात्र लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला। इसके अलावा आरोप है कि सचिव सुरेश मीना निवासी अमृतखेड़ी ने अपनी पत्नी राधे बाई का नाम फर्जी तरीके से बरखेड़ा कलां पंचायत में जोडकर पीएम आवास हड़प लिया। मामले में पीसीओ शिवराज सिंह भील ने बताया कि कंप्यूटर ज्ञान कम होने के कारण उन्होंने अपनी आईडी सचिव को दी थी, जिसका दुरुपयोग कर सचिव ने पात्र हितग्राहियों के नाम हटाकर अपनी पत्नी का नाम जोड़ा। कार्यशैली से परेशान होकर जितेंद्र लोधा कैलाश, सहित अन्य के हस्ताक्षरों से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई हेतु ज्ञापन सौंपा।

# चार साल का रिपोर्ट कार्ड महापौर ने महाकाल के चरणों में किया समर्पित, अब सिंहस्थ 2028 की तैयारियों पर महापौर का फोकस

**उज्जैन।** नगर निगम बोर्ड के चार वर्ष पूर्ण होने पर महापौर मुकेश टटवाल ने बुधवार को बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का प्रतीकात्मक लेखा-जोखा भगवान महाकाल के चरणों में समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी एक वर्ष में शहर के विकास को नई गति देने तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया।



महापौर ने कहा कि बीते चार वर्षों में नगर निगम ने सड़क, स्वच्छता, पेयजल, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और शहर के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उज्जैन को विकास की नई दिशा मिली है। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण, आधुनिक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बहुमंजिला आवास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार जैसे कई कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में 6 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन को देश में प्रथम स्थान तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में भी राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि मिली है। चक्रतीर्थ विकास, हॉकर्स जोन, महाकाल सवारी मार्ग और मंछामन स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परियोजना के कार्यों को शीघ्र पूरा करना नगर निगम की प्राथमिकता है। महापौर ने कहा कि आने वाले समय में बाबा महाकाल की सवारी मार्ग के चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा, ताकि सिंहस्थ और महाकाल की सवारी में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन मिल सके। सड़क, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता और नालियों से जुड़े कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहर के विकास के साथ छोटे और फुटकर व्यापारियों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए व्यवस्थित हॉकर्स जोन विकसित किए जाएंगे, जिससे रोजगार और यातायात व्यवस्था के बीच संतुलन बनाया जा सके। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा एवं कैलाश प्रजापत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग ने यात्री किराया में बढोत्री को लेकर निर्देश जारी किए...

# इधर राजपत्र का प्रकाशन, उधर बढ़ाए गए किराया की वसूली शुरू

### अब यात्रियों को 2 रूपए प्रति किमी या न्यूनतम 10 रूपए देना होंगे

**उज्जैन।** महंगाई के इस दौर में आम आदमी पर एक और बोझ आ गया है। अब इंदौर जाना करीब 30 रूपए से अधिक महंगा हो गया है। अब तक इंदौर का किराया 75 रूपए लिया जा रहा था जो अब करीब 110 रूपए हो सकता है। वैसे बुधवार से ही यात्री किराए की वसूली कुछ बसों में शुरू हो गई थी। इस दौरान 90 से लेकर 100 रूपए प्रति यात्री की वसूली किए जाने की बात सामने आ रही है। खास कर ऐसे यात्रियों से यह राशि ली गई जो महाकाल दर्शन करने आ जा रहे हैं।



बुधवार को परिवहन विभाग ने मध्यप्रदेश राजपत्र में किराया वृद्धि गजट नोटिफिकेशन किया है। अधिसूचना अनुसार बुधवार 5 अगस्त से राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं समस्त क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों को मंजिली गाडी के लिए यात्री किराया निर्धारित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इधर नानाखेडा बस स्टैंड पर इंदौर से आने वाले यात्रियों का कहना था कि कुछ बसों में आज ही से नई किराया सूची चस्पा कर दी गई है,जबकि बसों में पूराने किराए की सूची ही नहीं लगी थी।

#### ये की गई किराया वृद्धि-

सामान्य मंजिली गाडी में अधिकतम प्रभार्य यात्री किराये के रूप में रूपए 2 प्रति यात्री प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए न्यूनतम किराया रूपए 10 के अंतर्गत रहेगा। इसी प्रकार रात्रि बस सेवा में सामान्य मंजिली गाडी के कराए से 10 प्रतिशत अधिक रहेगा। डीलक्स बस वातानुकूलित में सामान्य मंजिली गाडी के किराए से 25 प्रतिशत अधिक रहेगा । स्लीपर बस में सामान्य मंजिली गाडी के किराए से 40 प्रतिशत अधिक रहेगा। डीलक्स बस वातानुकूलित में सामान्य मंजिली गाडी के किराए से 50 प्रतिशत अधिक रहेगा।सुपर लग्जरी कोच वातानुकूलित में सामान्य मंजिली गाडी के किराए से 75 प्रतिशत अधिक किया गया है। इसमें अतिरिक्त रात्रि प्रभार, डीलक्स (नॉन ए.सी.) स्लीपर, डीलक्स (ए.सी.) बस और सुपर लग्जरी कोच के किरायों पर प्रभार्य नहीं होगा। एक्सप्रेस बस सेवाओं के लिए कोई अतिरिक्त प्रभार अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा समय-समय पर, जारी दिशा-निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए, बस सेवाओं का रात्रिकालीन सेवा, डीलक्स, ए.सी. डीलक्स और सुपर लग्जरी कोच सेवाओं के रूप में वर्गीकरण किया जाएगा।

#### सिटी बसों को छोडकर किराया वृद्धि-

अधिसूचना के अनुसार सिटी बसों को छोडकर यह अधिकतम किराया वृद्धि रहेगी।

## अंगारों पर नंगे पेर चली आस्था

**शुजालपुर।** शहर से सटे हुए शिवपुरा स्थित हुसैन टेकरी शरीफ दरगाह पर बुधवार को चालीसवें का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे और दरगाह पर हजरत अब्बास आलमदार की बारगाह में मत्था टेककर देश, प्रदेश तथा परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। साथ ही विभिन्न प्रकार की बाधाओं को दुर करने के लिए आस्था का धागा बांधा गया। यहां पर दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा। सुबह साढ़े नौ बजे विशेष लुबान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दोपहर में भोपाल से आए इरानी समुदाय के प्रतिनिधियों ने धार्मिक सभा एवं मातम कार्यक्रम आयोजित किया। इसके बाद अपराह्न तीन बजे धार्मिक ध्वज के साथ अंगारों पर चलने की परंपरा का निर्वहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंगारों से गुजरे। धार्मिक आयोजन के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए सामूहिक प्रसाद का वितरण किया गया। चालीसवें के आयोजन के कारण सुबह से शाम तक हुसैन टेकरी परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बड़ी संख्या में बाहर से आए लोगों के कारण शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। आयोजन को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं शांतिपूर्वक संचालित होती रहीं। सामाजिक सेवा समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन में सहयोग देने वाले प्रशासन, पुलिस और सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय श्री बालाई महासंघ ने की नियुक्ति

**शुजालपुर।** अखिल भारतीय श्री बालाई महासंघ श्री बालाई समाज संगठन समिति ने समाज के संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से शाजापुर जिले के लिए नई नियुक्ति की है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने सुरेश मालवीय को जिला अध्यक्ष शाजापुर पद पर नियुक्त किया है। संगठन ने अपेक्षा व्यक्त की है कि सुरेश मालवीय संगठन के उद्देश्यों, नीतियों एवं नियमों का पालन करते हुए समाज के उत्थान, संगठन विस्तार तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सुरेश मालवीय को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में शाजापुर जिले में संगठन और अधिक मजबूत होगा। तथा समाजहित के कार्यों को नई गति मिलेगी।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा - 104 गोपाल प्लाजा प्रथम मंजिल -11 वरूचि मार्ग ऐ.के. बिल्डिंग के पास फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 619 एवं 620 का भाग स्थित ज्ञान टेकरी जानकी नगर के पास उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में - अन्य का भूखण्ड, पश्चिम मे - रोड़, उत्तर में- भगवंता बाई का भवन, दक्षिण में - संगीता राजोरिया का भवन स्थित है। उक्त संपत्ति कमला बाई पति रामदेव जी भाटी ने इसके पूर्वस्वामी कैलाशचंद्र पिता जगन्नाथ से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए 1/3419 दिनांक 12/10/2007 के माध्यम से क्रय कि। एवं कमलाबाई का स्वर्गवास दिनांक 09/05/2024 को हो जाने के पश्चात योगेश भाटी पिता कन्हैयालाल ने अपना नामांतरण नायब तहसीलदार कार्यालय उज्जैन कें प्रकरण क्रमांक 0.647/ए 6/2024-2025 दिंनाक 07/03/2025 को अपना नाम दर्ज करवाया। एवं योगेश भाटी ने उक्त संपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18842025ए101063186 दिनांक 24/11/2025 को श्रीमति कोमल बाई पति राजेश को विक्रय कि। तथा श्रीमति कोमल बाई ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी।

सूचित हो । दिनांक 5.8.2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मुझ श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री बाबूलाल सूर्यवंशी निवासी-66, सुभाष नगर कालोनी, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 42 स्थित महाकाल सिंधी कालोनी, उज्जैन में हैं, जिसके लिंक मूल दस्तावेज रजिस्ट्रीया कही पर रखा गई हैं, जिसे काफी तलाशने पर नही मिले हैं, उक्त दस्तावेज का मेरे द्वारा कही दुरूपयोग नही किया गया हैं, तथा उक्त दस्तावेज को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन या खरीदी बिक्री का अनुबन्ध करे तो वह उसके लिये स्वयं जावबदार रहेंगे, तथा उक्त दस्तावेज किसी को भी मिले या किसी के पास रखे हो तो मेरे निवास के पते पर पहुंचाने का कष्ट करे या मेरे द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर-95754-40406 पर सूचना करे तथा उक्त दस्तावेज किसी को भी मिले व उसका दुरूपयोग किया जावे तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी । दिनांक- 05.08.2026

**श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री बाबूलाल सूर्यवंशी**
**निवासी-66, सुभाष नगर कालोनी, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 95754-40406**

## जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी क्रमांक 1 अशोक पिता रामचंद्र निवासी जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 307/1 रकबा 0.020 हेक्टर सर्वे नंबर 308/1 रकबा 1.250 हेक्टर भुमि जो कि ग्राम ताजपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है व भुमि स्वामी क्रमाक 2 शिवम पिता अशोक निवासी जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 308/2 रकबा 0.250 हेक्टर सर्वे नंबर 308/3/1 रकबा 0.900 हेक्टर भुमि जो कि ग्राम ताजपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है, भुमि स्वामी क्रमांक 3 घृतिक पिता कैलाशचंद्र शर्मा निवासी जावरा जिला रतलाम से उनके स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 308/3/2 रकबा 0.380. हेक्टर भुमि जो कि ग्राम ताजपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है इस प्रकार कुल विकित रकबा 2.800 हेक्टर भुमि जो कि ग्राम ताजपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय कर अनुबंध पत्र/सोदा चिटठी का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है। उक्त भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त भुमि की रजिस्ट्री करवा लेवेंगे। दिनांक 05.08.2026, उज्जैन

**प्रेमलता शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय - भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन मो. 9826354843**

## संदीपनी विद्यालय में 'सृजन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार गुना कलेक्टर किशोर कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के निर्देशन में गुना के संदीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज 'सृजन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरवय विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार, कानून, व्यक्तिगत सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत सिंह सुमन, रक्षित निरीक्षक श्रीमती पूजा उपाध्याय, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, उप निरीक्षक ज्योति राजपूत, उप निरीक्षक चंचल तिवारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आशीष टांटिया के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किशोरवय विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। जानकारी एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव में कई बार बच्चे भय, भ्रम अथवा गलत संगति का शिकार हो जाते हैं। ऐसे समय में बच्चों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं संरक्षण संबंधी कानूनों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार अपनाने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त पहल 'सृजन कार्यक्रम' विद्यार्थियों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान और उनके मार्गदर्शन का पालन करना अत्यंत आवश्यक है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सौदानसिंह पिता दुलेसिंह, जाति बंजारा, निवासी ग्राम पानबड़ोदिया, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन के द्वारा आशाराम वर्मा पिता श्री कन्हैयालाल वर्मा, जाति नाई, निवासी ग्राम सिलोदा रावल, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रं. 53/1/1/1 रकबा 0.35 हे. स्थित ग्राम सिलोदारावल, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा तय किया जाकर विक्रेता आशाराम वर्मा को बयाना राशि भी मेरे पक्षकार के द्वारा अदा की जा चुकी है, केवल नियत समयावधि में विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार के हित में होना शेष है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, समुह, पेढ़ी, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बकाया हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा विक्रय व्यवहार से किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन व निष्पादन करा लेंगें व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। मेरे पक्षकार द्वारा प्रदत्त निर्देश व जानकारी के आधार पर इस जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया जा रहा है।

**योगेश जोशी, एडवोकेट**
**पता - नवीन न्यायालय परिसर,उज्जैन**
**मों. 9584112186**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्रीमती गीता पंडया पति श्री भागीरथ पंडया निवासी-09, अभिषेक नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 328/3/3/1/4, वर्तमान म्युनिसिपल क्रमांक 109 जिसका कुल क्षेत्रफल 88.24 वर्गमीटर जो कि, भूमि सर्वे क्रमांक 328/3/3 में का एक भाग, स्थित अर्पिता एनक्लेव के पास अभिषेक नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-सड़क, पश्चिम में-खुली भूमि राजकुमार की , उत्तर में-बसंतीलाल परमार का मकान एवं दक्षिण में-भवन अन्य का है, को बंधक रखकर ऋण सुविधा की मांग की गयी है, उक्त संपत्ति पर श्रीमती गीता पंडया पति श्री भागीरथ पंडया द्वारा अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में दर्ज करवा लिया गया है, तथा उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन से भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त कर भवन निर्माण कार्य करवाया गया है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने में को कोई आपत्ति हो या किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांक:-05.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग,**
**फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.मो. 9827228461**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री बृजेश पण्ड्या पिता श्री बालकृष्ण जी पण्ड्या, निवासी-4, आजाद नगर, उज्जैन व कृषक ग्राम धतरावदा, तहसील कोठी महल व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 124/8/2 रकबा 0.200 हेक्टर, स्थित ग्राम धतरावदा, तहसील कोठी महल व जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं तथा जिसे अन्तिम नगर विकास स्कीम क्रमांक 03/2022 के तहत उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन द्वारा तैयार किया गया हैं व जिसका आवासीय उपयोग का अन्तिम भूखण्ड क्रमांक 03/49, कुल क्षेत्रफल 1000.00 वर्गमीटर हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं । उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी।

दिनांक 03.08.2026. उज्जैन।

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन मो. 9301376778**

## न्यूज-कॉलम

### स्लाट बुक करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**रतलाम।** किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने प्रदेश के किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के खरीद की अंतिम तारीख बढ़ाकर किसानों को बड़ी राहत दी गई है। उपार्जन प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत मूंग उत्पादक किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए स्लाट बुक करने की अंतिम तिथि १० अगस्त और मूंग एवं उड़द उत्पार्जन की अंतिम तिथि २० अगस्त कर दी है। इसके तहत किसान को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, रजिस्टर में पूरा ब्यौरा दर्ज करना होगा। उल्लेखनीय है कि खाद वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए 'हाइब्रिड मोड' लागू किया गया है। किसानों के हित में उपार्जन नीति में आंशिक संशोधन करते हुए मूंग का उपार्जन कृषकों के उत्पादन का ६० प्रतिशत किये जाने का प्रावधान किया गया है।

### लोक निर्माण विभाग ने विकास कार्यो में दर्ज की उल्लेखनीय प्रगति

**रतलाम।** कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग रतलाम से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न विभागों के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत ४८ करोड़ 98 लाख रुपए लागत के कुल 7 निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है। जिनमें शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत शा. बालक उत्कृष्ट उ.मा. वि. सैलाना में सी.एम. राईज (सांदीपनी) विद्यालय का निर्माण कार्य 31 मार्च 2026 को पूर्ण किया गया।लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत 08 करोड 52 लाख रुपए की लागत के कुल ४ निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 5 कार्य प्रगतिरत है। जिनमें शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत 3 सी.एम. राईज (सांदीपनि) विद्यालय आलोट, जावरा एवं बिरमावल के निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 3 सी.एम. राईज (सांदीपनी) विद्यालय कार्य प्रगतिरत है जिन्हे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत १३ करोड़ 34 लाख रुपए लागत के कुल ०२ निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 1 कार्य निविदा स्तर पर होकर अप्रारंभ है, जिसे निविदा स्वीकृति उपरान्त शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।

### महांकाल पैदल यात्रा का बोल बम सेवा समिति ने किया स्वागत

**पिपलिया मंडी।** बुधवार को मानसा से महांकाल उज्जैन के लिए निकली पैदल यात्रा का स्थानीय बोल बम सेवा समिति प्रमुख किशोर रोचानी के नेतृत्व में लवली चौराहे पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 5 हजार से अधिक किसानों के हित में बड़ा निर्णय

**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान कल्याण को सर्वाधिक महत्व देते हुए सहकारिता विभाग की कवच योजना को मंजूरी दी, जिससे सहकारिता विभाग के लगभग 5 हजार किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। कवच योजना का अनुमोदन : 5 हजार से अधिक किसानों के हित में बड़ा निर्णय मंत्रि-परिषद ने सहकारिता विभाग की "कवच योजना" को अनुमोदित किया। यह योजना सहकारी समितियों के ऐसे लगभग 5 हजार किसानों के लिए है।

# पीएम आवास में बकाया राशि न देने पर नगर निगम द्वारा बेदखली की कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ›› रतलाम**

डोसीगांव स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना की मल्टी में रहने वाले २०० से अधिक परिवारों द्वारा बकाया राशि जमा न करने पर नगर निगम द्वारा दी गई ४ अगस्त की समय-सीमा समाप्त होते ही प्रशासन का बुलडोजर और अमला एक्शन में आ गया। बुधवार सुबह भारी महिला पुलिस बल, जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमों ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से रह रहे कब्जाधारियों से फ्लैट खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी। किसी भी अप्रिय स्थिति और विवाद से निपटने के लिए कलेक्टर कार्यालय के बाहर भी कड़ा पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया है।



कलेक्टर कार्यालय का घेराव और विरोध प्रदर्शन

नगर निगम की बेदखली कार्रवाई के विरोध में डोसीगांव मल्टी के रहवासी अपने घरों पर ताले लगाकर नए कलेक्टर से गुहार लगाने निकले। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। इसके बाद आक्रोशित रहवासी कलेक्टर कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए और कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाने की मांग करने लगे। मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया और औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी सहित भारी बल स्थिति को संभालने में जुटा रहा।

कार्रवाई की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता पारस सकलेचा डोसीगांव मल्टी पहुंचे और रहवासियों का पक्ष जाना। बारिश के मौसम में गरीब परिवारों को बेघर करने की कार्रवाई को उन्होंने अमानवीय बताते हुए तुरंत रोकने की मांग की। इस दौरान उनकी नगर निगम आयुक्त अनिल भाना से तीखी कहासुनी हो गई। बहस के दौरान माहौल इतना गरमा गया कि सकलेचा द्वारा कमिश्नर को नौकरी से हटवाने संबंधी बयान देने पर अधिकारी भड़क गए, वहीं उपस्थित रहवासियों ने भी निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

उल्लेखनीय है कि जावरा रोड स्थित शिवशंकर कॉलोनी और प्रकाश नगर स्लम बस्ती रेलवे भूमि पर बसी थी, जिसे हटाकर डोसीगांव में पुनर्वासित किया गया था। तत्कालीन प्रशासन और विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से ३९६ हितग्राहियों की सूची स्वीकृत की गई थी। प्रत्येक हितग्राही से २० हजार रुपये मार्जिन मनी (जिसमें १० हजार रुपये विधायक फाउंडेशन द्वारा दिए गए) जमा कराई गई थी, जबकि शेष १.८० लाख रुपये पंजाब नेशनल बैंक से लोन लेकर जमा कराने थे। २०८ हितग्राहियों ने पिछले छह वर्षों में छह बार नोटिस मिलने के बाद भी न तो लोन लिया और न ही राशि जमा की। जिन लोगों ने लोन लिया था, उनमें से भी कई की किस्तें पेंडिंग होने से खाते हक्क हो गए। इसके अलावा, अवैध बिजली और पानी कनेक्शन से निगम को लाखों का नुकसान हुआ है। ३१ जुलाई को नोटिस देने पहुंची टीम पर पथराव भी हुआ था।

## पीजी कॉलेज में विकसित भारत के नशा मुक्त युवा विषय पर यूथ कनेक्ट कार्यक्रम सम्पन्न

**दैनिक अवन्तिका ›› मंदसौर।**

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के श्री कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा भारत अभियान की जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में च्विकसित भारत के नशा मुक्त युवाज विषय पर यूथ कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूथ आइकॉन प्रियांशु चौधरी तथा नशा मुक्त भारत वॉरियर डॉ. नीलेश नगायच रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने की।

कार्यक्रम में विकसित भारत-२०४७ एवं नशा मुक्त युवा अभियान से संबंधित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गईं। जिला एनएसएस संगठक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने अतिथियों का परिचय कराया, वहीं माय भारत अभियान की जिला युवा अधिकारी सुश्री मुस्कान जैन ने पॉवरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य वक्ता प्रियांशु चौधरी ने नशे के दुष्प्रभाव और विकसित भारत के च्पंच प्रणज पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता डॉ. नीलेश नगायच ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए योग, परिवार के साथ समय बिताने और अच्छी आदतें अपनाने के व्यावहारिक उपाय बताए। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने अध्यक्षीय संबोधन में युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों में संलग्न रहने का आह्वान किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक वर्षा झाला ने किया एवं आभार विनय शर्मा ने माना।

## थोड़ी सी बात पर मन में बैर पाल लेना सदैव कष्टदायी-साध्वी श्री नेहाश्रीजी म.सा

**दैनिक अवन्तिका ›› मंदसौर**

शास्त्री कालोनी स्थित नवकार भवन में आयोजित धर्मसभा के दौरान परम पूज्य आचार्य श्री विजयराजजी म.सा. की आज्ञानुवर्ती साध्वी श्री नेहाश्रीजी म.सा. ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में बैर की भावना ही जन्म-मरण का मुख्य कारण रही है। किसी की थोड़ी सी बात पर मन में बैर पाल लेना सदैव कष्टदायी होता है, इसलिए जीवन में बैर छोड़कर धर्म से नाता जोड़ना चाहिए।

साध्वी जी ने कहा कि जिस प्रकार हम घर की अनुपयोगी और व्यर्थ वस्तुओं को कचरे के डिब्बे (डस्टबिन) में डाल देते हैं, उसी प्रकार पुरानी बातों और दुर्भावनाओं को भी अपने मन-मस्तिष्क से निकालकर डस्टबिन में डाल देना चाहिए। मन में बैर रखने से आत्मा की दुर्गति होती है, जबकि क्षमापना और समता भाव रखने से ही परम शांति और मोक्ष की प्राप्ति संभव है।

धर्मसभा के दौरान जानकारी दी गई कि आचार्यश्री एवं साध्वी जी की प्रेरणा से नवकार भवन में तपस्याएं जारी हैं। इसके अंतर्गत विकास जैन, इन्दू भण्डारी एवं ज्योति उकावत ने ८ उपवास (अठाई) की तपस्या पूर्ण की, जिनकी संघ द्वारा अनुमोदना की गई।



## रणजीत सिंह असंगठित कामगारों की समस्याओं से हुए रूबरू

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में असंगठित कामगारों से रूबरू हुए एवं असंगठित कामगारों की समस्याओं को सुनने के साथ ही साथ उनकी समस्याओं को मध्य प्रदेश शासन और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तक पहुंचाने का वादा किया। प्रदेश अध्यक्ष के सामने असंगठित कामगारों मजदूरों ने सरकारी ठेके में काम करने पर उन्हें मजदूरी नहीं मिलती इस प्रकार की शिकायत करते हुए मजदूरों ने कहा हम लोग कृषक भी हैं खेती भी करते हैं और हम लोगों को खाद,बीज,बिजली,फसल बीमा,कीटनाशक दवाइयां आदि नहीं मिलने के कारण हमें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है एवं हम लोग रात्रि के समय खेतों में काम करते हैं वहां शॉर्ट सर्किट तथा वन्य प्राणियों के आक्रमण से हमारे लोगों की जाने भी चली जाती हैं उचित मुआवजे नही मिलता।

# ट्रैक्टर के टायरों में छिपाकर ले जाया जा रहा 76 किलो डोडाचूरा जब्त

**दैनिक अवन्तिका ›› मंदसौर**

जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए योजनाबद्ध तरीके से नाकाबंदी कर बिना नंबर के ट्रैक्टर के टायरों के अंदर विशेष रूप से बनाई गई जगह (स्कीम) में छिपाकर ले जाया जा रहा ७६ किलो ४१० ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया है।



जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दलौदा से सीतामऊ की ओर जा रहे लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर को घेराबंदी कर रोका। वाहन चालक ने अपना नाम दिनेश पिता सुरता राम विश्नोई निवासी कोटडा, थाना रानिवाड़ा, जिला जालोर (राज.) बताया। ट्रैक्टर के पिछले बड़े टायरों के भीतर प्लास्टिक के कट्टों में पीसा हुआ डोडाचूरा भरा हुआ मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 55 हजार रु. बताई है। पुलिस ने मौके से आरोपी दिनेश विश्नोई को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा ८/१५ के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर व एक मोबाइल भी जब्त किया।

## ओसवाल युवा स्वयंसेवकों का दल गठित करेगा

**मंदसौर।** बड़े साथ ओसवाल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ की कार्यसमिति की बैठक संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा के मुख्य आतिथ्य तथा उपाध्यक्ष अरुण मारू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में तय किया गया है कि समाज सेवा को संस्कारित करने के लिए समाज में एक स्वयंसेवक दल का गठन किया जायेगा, जिसमें वर्तमान में 50 स्वयंसेवक जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन स्वयंसेवकों का व्यवस्थित प्रशिक्षण भी आयोजित किया जायेगा। बैठक में यह विषय भी उठाया गया कि नई आबादी रोड नं. 1 का दानवीर भामाशाह की स्मृति में नामकरण के पश्चात वहां शिलालेख लगाया जिसे नष्ट कर दिया गया है। इस पर रोष व्यक्त करते हुए नगरपालिका से मांग की गई कि वह दानवीर भामाशाह मार्ग नाम को प्रचलित करने के आवश्यक कदम उठाये। इसके साथ ही ओसवाल समाज के इतिहास को 11 अगस्त को ओसवाल दिवस पर प्रचारित करने के लिए संगठन की एक विशेष समिति सक्रिय रहेगी।

## धनवंतरी पौधा बैंक की बैठक मे पौधारोपण

नीमच। रविवार शाम को धनवंतरी पौधा बैंक संगठन ने विकास नगर स्थित दुर्गा वाटिका में साधारण सभा और मानसून सत्र का आयोजन किया। संस्था सदस्यों ने वाटिका का भ्रमण किया और पौधों से संबंधित जानकारी का आदान-प्रदान किया। आने वाले दिनों में संस्था के द्वारा पर्यावरण के लिए की जाने वाली गतिविधियों के लिए कई सुझाव प्रस्ताव लिए गए। संस्था अध्यक्ष एवं संयोजक श्रीमती पुष्पलता सक्सेना द्वारा इस बारिश के मौसम में सभी से अपनी अपनी बगिया में लगाई समाई जा सकने वाली सब्जियों का जैविक तरीके से उत्पादन करने हेतअिनुरोध किया

## प्रत्यक्ष प्रणाली से किये जाये छात्रसंघ चुनाव-एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धनोतिया

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा छात्रसंघ चुनाव संबंधी जनहित याचिका पर राज्य शासन को अकादमिक कैलेंडर 2026-27 के अनुसार सितंबर माह में चुनाव आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत करते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मंथन धनोतिया ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए इसे विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की बड़ी जीत बताया।




श्री धनोतिया ने कहा कि प्रदेश के शासकीय उच्च शिक्षा संस्थानों में करीब 9 वर्षों से छात्रों को चुनाव से वंचित रखा गया है। अब उच्च न्यायालय के रुख के बाद चुनाव का रास्ता साफ हुआ है, इसलिए राज्य सरकार से मांग है कि ये चुनाव पूरी तरह से प्रत्यक्ष प्रणाली और लिंगदोह कमेटी के नियमानुसार ही संपन्न कराए जाएं। उन्होंने बिना किसी विलंब के सितंबर 2026 के तय कैलेंडर अनुसार प्रत्यक्ष वोटिंग प्रणाली की आधिकारिक अधिसूचना तुरंत जारी करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने चुनाव टालने का प्रयास किया, तो एनएसयूआई सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

## न्यूज कालम




### पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, परेशान हो रहे ग्रामीण किसान

**नीमच-** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर जिले में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। वेतन विसंगति और लंबित मांगों को लेकर पटवारियों के आंदोलन से राजस्व कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। जिला पटवारी संघ के बैनर तले जिला अध्यक्ष घनश्याम पांडे सहित बड़ी संख्या में पटवारी गण मैं बैठक की जिसके बाद रैली के रूप में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सोपा गया ।तहसील कार्यालयों में नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति प्रमाण पत्र और गिरदावरी जैसे जरूरी काम रुकने से किसानों व आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों का कहना है कि मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

### कांग्रेस नेताओ के हस्तक्षेप के बाद छात्रावास छात्रों को मिली बस सुविधा

**पिपलीया मंडी।**अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के छात्र 4 से 5 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर सांदिपनी विद्यालय पहुंच रहे थे।जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ,गोपाल भारती,बाबुखा मेवाती की सज्ञान में मामला आने के बाद कांग्रेसनेता अनिल शर्मा ने अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी से चर्चाकर बस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की थी।बुधवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष लियाकत मेव,गोपाल भारती,भेरूपप्पू गुर्जर,अनिल मुलासिया आदि सांदिपनी विद्यालय पहुंचे व प्राचार्य ए के वाघेला से चर्चा की वाघेला ने बताया कि छात्रावास के बच्चो के लिए ५ अगस्त से बस सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।शर्मा ने कहा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों व लगातार बस सुविधा की मांग के बाद सांदिपनी विद्यालय की प्राचार्य ने बस सुविधा उपलब्ध कराई है इससे ९ वी से ११ वी तक के बच्चो के समय की भी बचत होगी ।

### 15 अगस्त की संध्या को रोशन होंगे शास. भवन व राष्ट्रीय महत्व के स्मारक

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों को १५ अगस्त २०२६ की संध्या पर आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर, जिला नीमच द्वारा आदेश जारी करते हुए बताया गया है कि कलेक्टर महोदय के निदेशों तथा राज्य शासन के निर्णय के अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके तहत जिले के सभी शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर सायंकाल रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को कलेक्ट्रेट भवन पर रोशनी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भी अपने-अपने स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, ताकि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन गरिमामय एवं आकर्षक ढंग से संपन्न हो सके।

### दशपुर इनरव्हील ने दो छात्राओं की स्कूल फीस का किया भुगतान



**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर द्वारा समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एमएलबी कन्या हाईस्कूल की दो जरूरतमंद मेधावी छात्राओं की पूरी स्कूल फीस का भुगतान किया गया। यह आर्थिक सहयोग क्लब की सदस्या ऐना पोरवाल के सौजन्य से प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सोनम मेहता ने कहा कि शिक्षा ही समाज के सशक्तिकरण का सबसे सशक्त माध्यम है। इनरव्हील क्लब हमेशा ऐसे प्रतिभावान बच्चों का सहयोग करने के लिए तत्पर रहता है ताकि आर्थिक तंगी के कारण किसी भी बच्चे के सपने अधूरे न रहें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य राजेश रत्नावत, क्लब की नेहा डोसी, राखी पोरवाल, शिखा गोयल, सुरक्षा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- रवि पिता दौलतराम क्रेता- श्रीमती रत्ना पति रविन्द्र जैन वार्ड क्रं. 34 पता- 702 स्कीम नं. 114 प्रथम इन्दौर पिन- 1000991381 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अलका शर्मा पति विजय शर्मा क्रेता- श्री अविनाश पिता चिंतामणी बघेल व अन्य वार्ड क्रं. 34 पता- 423 स्कीम नं. 78 प्रथम इन्दौर पिन- 1000989456 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मे. एटलस स्टील सेल्स प्रो. मो. शफी क्रेता- श्रीमती बबीता पति ओमप्रकाश सूर्यवंशी वार्ड क्रं. 34 पता- 216-बी स्कीम नं. 78 प्रथम लोहा मंडी इन्दौर पिन- 1000980798 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्री रोमिल पिता राकेश बंसीलाल क्रेता- श्रीमती संगीता पति मुकेश कुमार जैन वार्ड क्रं. 34 पता- 18-डीएम ड्रिम सिटी निरंजनपुर इन्दौर पिन- 2000176680 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- संजय पिता नत्थूलाल क्रेता- श्री अजय पिता नत्थूलाल बंसल पता- 100-बीजी स्कीम नं. 74-सी इन्दौर पिन- 1000968259 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नाथूलाल पिता स्व. कन्हैयालाल बंसल क्रेता- श्री संजय पिता नत्थूलाल बंसल पता- 72-बीजी स्कीम नं. 74-सी इन्दौर पिन- 1000968683 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- कृष्णा पति नवनीत जालानी व अन्य क्रेता- श्री रमेशचंद्र पिता माणकलाल पंवार व अन्य वार्ड क्रं. 29 पता- 189-बीजी स्कीम नं. 74-सी इन्दौर पिन- 100968968 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

## सरपंच जाट ने स्कूली बच्चों की उपस्थिति में किया पौधारोपण

**महिदपुर रोड।** ग्राम पंचायत बरूखेडी की सरपंच निर्मला भरत जाट ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में बिल्व पत्र के पौधे का रोपण किया। इस दौरान माध्यमिक विद्यालय चंद्रकांता चौरसिया शासकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधाना ध्यापक सेवाराम सोनगरा शिक्षिका रुचि पाठक पप्पू सेन आदि उपस्थित रहे स्कूली बच्चों में सरपंच द्वारा लगाये गये पौधों को संरक्षण देकर बड़ा करने का संकल्प लिया। जानकारी प्रभारी प्रधान अध्यापिका संगीता राठौर ने दी

## खुशियों का ओटला पर 90 बच्चों को वितरित की गई शिक्षण सामग्री

**ब्यावरा।** जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला में सेवा, शिक्षा और मानवता का सुंदर संगम देखने को मिला। संस्था द्वारा लगभग 90 जरूरतमंद बच्चों, विशेष रूप से बेटियों को कॉपियां, किताबें, पेन, पेंसिल एवं अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस सेवा कार्य का आयोजन गुरु सिंह सभा ब्यावरा के सेवादार ईश्वर सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कराया। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि ईश्वर सिंह ने जन्मदिन पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग का निर्णय लिया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

## सामाजिक अभियान के तहत मंत्री पौधारोपण

**ब्यावरा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्यावरा एवं बामलाबे जोड़ स्थित अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत समाज परिसर में सामाजिक अभियान के अंतर्गत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने पौधारोपण किया। मंत्री पंवार ने कहा कि पेड़ केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की अमूल्य धरोहर हैं। पौधारोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी दीर्घकालिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए और उसे पेड़ बनने तक संरक्षित करने का संकल्प ले, तभी हमारा यह प्रयास सार्थक होगा। उन्होंने बताया कि ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक व्यक्तियों एवं संस्थाओं के सहयोग से 5,100 पौधे लगाए गए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनभागीदारी है।

## योग व वॉलीबॉल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सारंगपुर।** स्थित मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-12 वॉलीबॉल एवं वेस्ट जोन योग प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाडियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। योग प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों के पारंपरिक, टीम, आर्टिस्टिक एवं रिदमिक इवेंट आयोजित हुए। इन स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## त्यौहारों से पहले ट्रैफिक व्यवस्था हुई बेदम

**सारंगपुर।** रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे बड़े त्योहार सिर पर हैं, लेकिन शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पहले ही घुटनों पर आ चुकी है। शहर के सबसे व्यस्त बाजारों में अस्थायी अतिक्रमण इस कदर हावी हो गया है कि सडकें दिन-ब-दिन सिकुड़ती जा रही हैं। फुटपाथ, जो पैदल चलने वालों के लिए बनाए गए थे, अब हाथ ठेलों और अस्थायी दुकानों की गिरफ्त में हैं। दुकानों का सामान सडक तक फैल चुका है, जबकि बेतरतीब पार्किंग ने बची-खुची जगह भी निगल ली है। नतीजा यह है कि बाजार में दिनभर जाम लगना अब आम बात बन गई है। सबसे खराब हालात भेरू दरवाजा रोड, ओल्ड एबी रोड और अकोदिया नाका क्षेत्र के हैं। यहां कुछ मिनटों की खरीदारी के लिए आने वाले लोग कई बार आधे घंटे तक जाम में फंसे रहते हैं। एम्बुलेंस और स्कूली वाहन भी इस अव्यवस्था से अछूते नहीं हैं।

### लोकार्पण की तैयारी, नए स्वरूप में नजर आएगा दीनदयाल उपाध्याय चौक

# दीनदयाल चौक का सौन्दर्यीकरण पूरा होने पर सुसनेर को मिली नई पहचान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी के नेतृत्व एवं प्रयासों से नगर में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। नगर की सुंदरता को नई पहचान देने और नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पुराना बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक का सौंदर्यीकरण कार्य पूरी तरह पूर्ण हो गया है। आधुनिक डिजाइन के अनुरूप विकसित किए गए इस चौक का स्वरूप अब पूरी तरह बदल चुका है। चौक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की भव्य प्रतिमा स्थापित कर दी गई है जबकि आकर्षक रंगीन फव्वारा, आधुनिक लाइटिंग लगाई गई है। जल्द ही हरियाली और बैठने की सुविधाए भी लगाई जाएगी। इसे नगर के सबसे सुंदर स्थलों में शामिल कर दिया है। नगर परिषद द्वारा आगामी एक-दो दिनों में इस चौक का विधिवत



लोकार्पण किए जाने की तैयारी की जा रही है। नगर परिषद द्वारा किए गए इस सौंदर्यीकरण कार्य का उद्देश्य केवल चौक का स्वरूप बदलना नहीं, बल्कि नगर को एक ऐसी पहचान देना है जिस पर हर नागरिक गर्व महसूस कर सके। लंबे समय से पुराना बस स्टैंड क्षेत्र को व्यवस्थित और आकर्षक बनाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब यह क्षेत्र आधुनिक स्वरूप में विकसित होकर नगर की नई पहचान बनने जा रहा है।

चौक के मध्य में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा इस पूरे परिसर का प्रमुख आकर्षण है। प्रतिमा के आसपास आकर्षक लैंडस्केपिंग से सजावटी की गई है। जिससे पूरे परिसर की भव्यता और बढ़ गई है। इसके साथ ही नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने के लिए आकर्षक बेंच, पेवर ब्लॉक, सुचारु पैदल मार्ग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

चौक की सबसे खास विशेषता आधुनिक रंगीन फव्वारा है जिसका हाल ही में सफल ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान फव्वारे से निकलती पानी की ऊंची फुहारें और रंग-बिरंगी एलईडी रोशनी ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। शाम होते ही पूरा चौक रंगीन रोशनी से जगमगा उठता है। जिससे यहां का दृश्य अत्यंत आकर्षक दिखाई देता है। इसके अलावा चौक पर लगाए गए आधुनिक डेकोरेटिव लाइट पोल रात के समय पूरे क्षेत्र को रोशन करते हैं और इसकी सुंदरता को कई गुना बढ़ा देते हैं।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित एजेंसी को सभी अंतिम कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए परिषद निरंतर कार्य कर रही है तथा नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है।

**विकास की दिशा में एक शानदार उपलब्धि**

लोगों का कहना है कि पहले जहां यह स्थान सामान्य चौक के रूप में जाना जाता था वहीं अब आधुनिक फव्वारे, आकर्षक लाइटिंग, भव्य प्रतिमा और सुव्यवस्थित सौंदर्यीकरण के कारण यह पूरे नगर का सबसे सुंदर स्थल बनकर उभरा है। शाम के समय यहां का दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा और परिवारों के लिए यह एक बेहतर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। नगर परिषद के इस प्रयास को नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीनदयाल उपाध्याय चौक का नया स्वरूप नगरवासियों को पसंद आएगा और यह आने वाले समय में सुसनेर की पहचान बनेगा।नगरवासियों में भी इस परियोजना को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

# पतंजलि योग समिति ने पौधारोपण कर मनाया जड़ी-बूटी दिवस

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

पतंजलि नियमित योग समिति छापीहेड़ा के तत्वावधान में गायत्री मंदिर परिसर में श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण का जन्मोत्सव जड़ी-बूटी दिवस के रूप में उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर योग कक्षा से जुड़े सभी साधकों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा औषधीय पौधों के संवर्धन का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान नागरबेल पान की बेल, पत्थर चट्टा, सफेद कनेर एवं पीली गुड़हल सहित अनेक औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सभी योग साधकों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम तथा पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ के जोशीले उद्घोषों से वातावरण को



राष्ट्रभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर बाबूलाल सेन ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने सभी से पौधा लगाओ, पेड़ बनाओ का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला योग प्रचारक संतराम आर्य, मुस्तफा भाई बोहरा, रामचंद्र चौहान, भगवत सिंह परमार, मनीष भंडारी, बसंत नागर, डॉ. प्रद्युम्न रॉय, बाबूलाल सेन सहित पतंजलि परिवार एवं योग समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, औषधीय पौधों के संवर्धन तथा स्वस्थ एवं स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

# स्थाई अकाउंटेंट की मांग तेज, नागरिकों ने सौंपा आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ टोंक खुर्द

नगर परिषद टोंक खुर्द में लंबे समय से स्थायी अकाउंटेंट की नियुक्ति नहीं होने का मामला अब जोर पकड़ने लगा है। मंगलवार को नगर परिषद उपाध्यक्ष महोदय पार्षद, नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं एल्डरमैन ने संबंधित अधिकारी को आवेदन सौंपकर शीघ्र स्थायी अकाउंटेंट की नियुक्ति की मांग की।

आवेदन में कहा गया कि नगर परिषद में लंबे समय से अस्थायी कर्मचारी के माध्यम से लेखा संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि नगर परिषद जैसे महत्वपूर्ण निकाय में स्थायी अकाउंटेंट होना आवश्यक है। स्थायी अकाउंटेंट नहीं होने से वित्तीय कार्यों, लेखा संधारण, भुगतान प्रक्रिया तथा विकास कार्यों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

आवेदनकर्ताओं का कहना है कि शासन के नियमों के अनुरूप नियमित एवं योग्य अकाउंटेंट की नियुक्ति होने से परिषद के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने शासन और संबंधित अधिकारियों से जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द स्थायी नियुक्ति करने की मांग की।

**नेताओं ने दिया जनसुनवाई में आवेदन**

इस दौरान नगर के उपाध्यक्ष आरिफ पटेल एवं पार्षद सुनील मालवीय पार्षद प्रतिनिधि अनवर पटेल पार्षद प्रतिनिधि जीवन प्रजापति पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र गहलोत जाकिर सिद्दीकी एल्डरमैन सुरेश अधिकारी राजेश शर्मा पूर्व पार्षद लाल सिंह पवार आदि नगर के वरिष्ठ नेताओं ने जनसुनवाई में आवेदन दिया एवं शासन से मांग की के जल्द से जल्द लेखपाल शाखा में नियुक्ति करें जिससे नगर पंचायत में आ रही समस्या का तत्काल निराकरण हो।



## सांदीपनी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत करियर कैंप का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

स्थानीय सांदीपनी विद्यालय सुसनेर में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत नगर के अधिवक्ता राणा दिव्यांश विक्रमसिंह द्वारा करियर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें राणा दिव्यांश सिंह ने करियर विकल्पों पर प्रेरणादाई उद्बोधन दिए एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

करियर कैंप में संस्था के प्राचार्य डॉ. पुनीत शुक्ला, करियर काउंसलर रंजीत सोनगरा, वरिष्ठ शिक्षक नरेन्द्र लोहार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश राठौर ने किया और आभार संस्था के वरिष्ठ शिक्षक गिरिराज पाटीदार ने किया। कार्यक्रम पश्चात एक पेड़ मां के नाम अन्तर्गत पौधारोपण भी अतिथि दिव्यांश राणा द्वारा किया गया।

# फसल बीमा की राशि न मिलने से रामपुरिया खेड़ा के किसानों में भारी रोष

### तहसीलदार और विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विस क्षेत्र के ग्राम रामपुरिया खेडा में खरीफ फसल 2025 का फसल बीमा का लाभ नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। शासन-प्रशासन की उपेक्षा और बीमा कंपनी की वादा खिलाफी से परेशान किसानों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। किसानों ने अपनी फसल बीमा की मुआवजा राशि का भुगतान जल्द से जल्द कराने की मांग को लेकर राज्यमंत्री के सेवा सदन कार्यालय पहुंचकर स्थानीय विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल को ज्ञापन सौंपा। वहीं तहसीलदार कार्यालय भी ज्ञापन देने के लिए किसान पहुंचे थे।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे रामपुरिया सरपंच महेश जाट ने बताया कि गांव के किसानों ने पिछले सीजन में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और मौसम की अनिश्चितता के कारण उनकी फसलें पूरी तरह से चौपट हो गई थीं। खरीफ की फसलों में हुए भारी नुकसान के बाद किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से बहुत आस थी। किसानों ने समय पर प्रीमियम भरकर अपनी फसलों का बीमा भी कराया था, ताकि विपत्ति के समय उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके।

**आर्थिक संकट में किसान**

समय पर बीमा राशि न मिलने के कारण किसानों के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खाद, बीज, डीजल और कृषि यंत्रों का खर्च जुटाना भारी पड रहा है। किसानों के सामने परिवार के भरण-पोषण और कर्ज चुकाने की गंभीर चुनौती पैदा हो गई है।

# बिछड़ौद में निकली श्री नीलकंठेश्वर महादेव की सवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बिछड़ौद

हिन्दू धर्म के पवित्र सावन माह की शुरूआत होते ही अंचल क्षेत्रों के शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं और ग्रामीण महिलाओं का दर्शन-पूजन को लेकर सैलाब उमड़ने लगा है। श्रद्धालुओं और महिलाओं ने बड़ी शांति और सद्भावना के साथ भगवान शिवजी (भोलेनाथ) के मंदिरों पर श्रद्धा और मन की सच्ची आस्था से सराबोर होकर अपना मत्था टेक रहे है। वहीं अनेक जगहों पर भगवान शिवजी की पालकी यात्राएं भी निकाली गई।




नगर के श्री मारुतिनंदन हनुमान मंदिर परिसर में स्थित श्री चिंताहरण महादेव मंदिर में महादेव की प्रतिमा का पं. बबलू शर्मा ने केशर, चंदन, कुमकुम इत्यादि से आकर्षक श्रृंगार कर प्रतिमा को मूर्त रूप दिया। जिन्हें निहारने के लिए कई ग्रामीणजन श्रद्धालु बनकर मंदिर पहुंचे, जिन्होंने दर्शन- पूजन कर परिवार की सुख- समृद्धि मांगी। नगर के शिवालय स्थित अतीप्राचीन श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भी सुबह 7 बजे से गांव के सैंकड़ों भक्तों की भीड़ लगी। बड़ी शांति और सद्भावना के साथ भक्तों ने बाबा श्री नीलकंठेश्वर महादेव का दर्शन- पूजन किया। दोपहर 3 बजे करीब मंदिर परिसर से श्री नीलकंठेश्वर महादेव की पहली सवारी निकाली गई। जिसमें श्री नीलकंठेश्वर महादेव ने अपने मुखोटे के रूप में पालकी में सवार होकर संपूर्ण नगर का भ्रमण किया।

सवारी में गांव सहित आस- पास के सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया। श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई सवारी का गांव में जगह- जगह कई संगठनों, युवा मंडलियों के साथ ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर तो महिलाओं ने पूजा- अर्चना करते हुए सवारी का स्वागत किया। सवारी में कई ग्रामीण और युवा झांझ- मजीरा बजाते हुए तो झुमते- गाते हुए और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए चले। सवारी गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस शिवालय स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची। जहां विधि- विधान पूर्वक समापन पूजा- अर्चना पं. नवीन शर्मा ने संपन्न करवाई। समापन पर महाआरती के बाद महाप्रसादी बांटी। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में बच्चें, युवा और ग्रामीणजन आदि शामिल रहे।

## पंचायत सचिव संगठन की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन

**उन्हेल।** खाचरौद जनपद पंचायत के संचिव संगठन की महत्वपूर्ण बैठक चंबल तट स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर मे आयोजित की गई





जिसमें बैठक की समस्त व्यवस्थाएं नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेन्द्रसिह व उपाध्यक्ष भारतसिह आंजना ग्राम बागला डेम व धर्मेन्द्र पाटीदार कोषध्यक्ष द्वारा की गई । बैठक मे खाचरोद उन्हेल के पंचायत सचिव शामिल हुये । बैठक में सचिवों ने अपनी अपनी विभागीय चुनौतियां खुलकर संगठन के समक्ष रखी। पदाधिकारियों द्वारा सभी सचिवों की समस्या सुनी गई जिस पर उन्होने संगठन को मजबुत बनाया जायेगा और विश्वास दिलाया कि सभी सचिवों की समस्या संगठन द्वारा ,सुनी जावेगी एवं जब जब भी कोई समस्या उत्पन्न होगी। संगठन द्वारा सभी सचिव साथियों की समस्या को पुरे जोश के साथ उपर तक पहुंचाया जायेगा। सचिवों के लिए संगठन हमेशा तत्पर रहेगा, बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यो की सर्वसम्मति से पंचायत सचिव, जनपद पंचायत खाचरौद की नई कार्यकारिणी के गठन में अध्यक्ष लोकेन्द्रसिह राठौर ग्राम हिडी, उपाध्यक्ष भारतसिह आंजना ग्राम बागला डेम, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाटीदार ग्राम कलालखेडी के मनोनयन पर मुख्य रुप से पूर्व उपाध्यक्ष पदमसिह आंजना, पूर्व अध्यक्ष चंद्रभानसिह देवड़ा , मदनसिह डोडिया, रामसिह हिंदल, अजय परमार मिडिया प्रभारी, प्रकाष मालवीय, कन्हैयालाल पांचाल ,मुन्नालाल, आशाराम , अखमसिह आंजना, मनोहर आजना ,दिलीपसिह डोडिया, अशोक परमार ,गोवर्धनलाल एवं नागदा उन्हेल खाचरौद के समस्त सचिव बैटक मे उपस्थित रहे जिसमें सभी सचिवों की माग को ध्यान में रखते हुये संगठन को अधिक से अधिक मजबुत बनानें का प्रयास किया ।

## रक्त वर्गीकरण शिविर में 118 लोगों की हुई जांच मुस्लिम महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा




**नागदा।** रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं आवश्यकता के समय रक्त समूह की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लायंस क्लब नागदा एवं हेल्प फॉर यू मेडिकल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को इमामवाड़ा, चंबल मार्ग पर निःशुल्क रक्त वर्गीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 118 लोगों का रक्त समूह परीक्षण किया गया। विशेष बात यह रही कि मुस्लिम समाज की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी प्राप्त की। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ प्रतिभागियों को कपड़े की थैलियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब अध्यक्ष एस.एस. शर्मा ने की। इस अवसर पर सचिव घनश्याम बब्बू राठी, कोषाध्यक्ष मनोज सोनी, गोविंद मोहता, अरविंद नाहर, सुनील त्रिवेदी, लता खेतान, राजेश इंद्र, डॉ. प्रमोद बाथम सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। रक्त वर्गीकरण डॉ. यश पोरवाल एवं डॉ. अनूप सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख मस्जिद के इमाम, हेल्प फॉर यू मेडिकल सोसायटी के रहीम भाई मिर्जा मामू, गब्बर चाचा ऑटो यूनियन उपाध्यक्ष, रईस पठान सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश तिवारी ने किया तथा अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रदीप रावल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पीएमश्री विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर में छात्राओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी





**तराना।** विद्यालय की छात्राओं को विधि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए पीएमश्री विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पीएमश्री एडीजे श्रीमती प्रेमा साहू के सानिध्य में संपन्न हुआ। विधिक सेवा अभिकरण समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश प्रेमा साहू ने छात्राओं को विधि के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए किशोर अपराध,किशोर न्यायालय, पाक्सो एक्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन के पश्चात पीएमश्री परिवार और छात्रा कैबिनेट ने न्यायाधीश साहू का स्वागत किया। स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गेहलोत ने दिया एवं इस अवसर पर उन्हें विद्यालय की वार्षिक पत्रिका उदिता भेंट की।

## सड़कों पर निराश्रित फिर रही गौमाता को बचाने आगे आई अखिल भारतीय ओबीसी महासभा

**ब्यावरा-राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय ओबीसी महासभा द्वारा गौमाता की दुर्दशा को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ओबीसी महासभा ने बताया कि बीते कई सालों से गौमाता की दुर्दशा हो रही है। भूख- प्यास से गौमाता सड़कों पर निराश्रित फिर रही है। सड़कों पर जगह जगह दुर्घटना में गौ माता मर रही है। गोवंश की देखरेख नहीं होने के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश खुले में घूम रहे है उनको नजदीकी गौशाला में शिफ्ट किए जाने की मांग की गई है। ओबीसी महासभा का कहना है कि शासन -प्रशासन बेजुबान जानवरों का इलाज करने वाले डॉक्टरों के अस्पताल में जो रिक्त पद है उनको भरकर डॉक्टरों की पूर्ति की जाए। साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में शासकीय भूमि है उसको निकाल कर गौ माता के नाम से गौशाला बनाई जाए। अगर इन सब बातों पर अमल नहीं होता है तो अखिल भारतीय ओबीसी महासभा उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। ज्ञापन सौपने वालों में राष्ट्रीय कार्यकारी महामंत्री नारायण सिंह सोंधिया, प्रदेश अध्यक्ष डॉ कन्हैयालाल भारतीय, प्रदेश संरक्षक माधो सिंह तंवर, जिला अध्यक्ष कमल सिंह दांगी, जिला उपाध्यक्ष बद्रीलाल तंवर रसभरी, जिला सचिव रामबाबू कारपेंटर, नारायण सिंह तंवर, प्रदेश महामंत्री रामबाबू पुष्पद, महामंत्री कालू सिंह सोंधिया, जिला संगठन मंत्री मनीष मालवीय, जिला संगठन महामंत्री करण सिंह तंवर, जिला मीडिया प्रभारी संजय विश्वकर्मा, जिला संयोजक भगवान सिंह दांगी,मीडिया प्रभारी रामेश्वर, लोकसभा प्रभारी बद्रीलाल, घीसालाल मालवीय, रोडजी आदि शामिल है

## सावन स्पेशल...

# नागपंचमी और महाशिवरात्रि पर खुलने वाले दुर्लभ मंदिर...

**उज्जैन के नागचंद्रेश्वर और रायसेन के सोमेश्वर महादेव मंदिर अपनी अनूठी धार्मिक परंपराओं के लिए विख्यात हैं जो साल में केवल एक बार भक्तों के लिए खुलते हैं। नागपंचमी और महाशिवरात्रि पर होने वाले इन विशेष दर्शनों का आध्यात्मिक महत्व अत्यधिक है क्योंकि यहाँ की प्रतिमाएं और प्रवेश द्वार शेष वर्ष बंद रहते हैं। सावन के महीने में इन दुर्लभ तीर्थस्थलों की यात्रा और दर्शन से जुड़ी विस्तृत जानकारी श्रद्धालुओं हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है।**



श्रावण मास भगवान शिव को अति प्रिय है। कइस महीने का इंतजार शिवभक्त लंबे समय से करते हैं। देशभर के शिवालयों में भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलती है। कुछ भक्तजन जलाभिषेक करने जाते हैं, तो कई लोग अपनी मनोकामना को लेकर भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंच सकती हैं। क्या आप भी सावन में भगवान शिव के अनोखे मंदिरों के दर्शन करना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है।

## भगवान शिव के अनोखे मंदिर

भारत में भगवान शिव के हजारों मंदिर हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी मंदिर हैं जो अपनी अनोखी परंपराओं के लिए अलग पहचान रखते हैं। इन्हीं में से दो मंदिर ऐसे हैं जिनके कपाट पूरे साल बंद रहते हैं। सिर्फ साल में एक बार इनके कपाट खोले जाते हैं। बता दें कि, एक मंदिर के कपाट सावन में खुलते हैं। दूसरे के कपाट भगवान शिव के ही खास त्योहार पर खोले जाते हैं। आइए आपको इन दोनों मंदिर के बारे में बताते हैं।

## कैसे पहुंचें उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर?

यहां जाने के लिए आपको उज्जैन पहुंचना होगा। सबसे पहले आप उज्जैन जंक्शन मेन रेलवे स्टेशन पहुंच जाए। वहां से मंदिर मात्र 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर है, जहां से ऑटो या ई-रिक्शा आसानी से मिल जाएगा। फ्लाइट से आने के लिए आपको इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट पर उतरना होगा, जो कि उज्जैन से करीब 53 किलोमीटर दूर है। यहां से आप बस या ट्रैक्सी लेकर पहुंच सकते हैं। इसके अलावा आप बस या प्राइवेट कार से भी उज्जैन पहुंच सकते हैं। उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर इस तरह पहुंच सकते हैं- नागचंद्रेश्वर मंदरि के लिए आपको महाकाल मंदिर के लिए ऑटो या टैक्सी ले सकते हैं।

## उज्जैन का नागचंद्रेश्वर मंदिर

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिला में स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में तीसरी मंजिल पर भगवान नागचंद्रेश्वर का भी मंदिर है। इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि इसके कपाट सिर्फ साल में एक बार नाग पंचमी के दिन 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। जबकि पूरा साल यह मंदिर बंद रहता है।

### क्यों है यह मंदिर इतना खास?

इस मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की दुर्लभ प्रतिमा है। यहां भगवान शिव नाग की शय्या पर हैं। ऐसी प्रतिमा बहुत कम जगह देखने को मिलती है। माना जाता है कि नाग पंचमी के दिन यहां दर्शन करने और पूजा करने से भगवान शिव और नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यहां आने वाले श्रद्धालु मानते हैं सच्चे मन से प्रार्थना करने पर उनकी मनोकामनाएं जरुर पूर्ण होती हैं। वैसे इस मंदिर के दर्शन के कालसर्प दोष दूर हो जाता है।

## रायसेन का सोमेश्वर महादेव मंदिर

एमपी के रायसेन जिले की पहाड़ियों पर स्थित है सोमेश्वर महादेव मंदिर, जो अपनी अनोखी परंपरा के लिए जाना जाता है। यह मंदिर ऊंचाई पर बना हुआ और यहां पर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को चढ़ाई करनी पड़ती है।

### कब खुलते हैं मंदिर के कपाट?

यहां के लोकल के अनुसार, इस मंदिर के कपाट महाशिवरात्रि के दिन कुछ घंटों के लिए खोले जाते हैं। इसी समय भक्तजन पूजा



और दर्शन के लिए आते हैं। वरना पूरे साल यह मंदिर बंद रहता है।

जब यह मंदिर बंद रहता है, तो तभी श्रद्धालु यहां आना नहीं छोड़ते है। लोग मंदिर के बाहर से ही भगवान शिव को प्रणाम करते हैं और अपनी श्रद्धा को दशार्ते हैं। यहां पर आने वाले कई श्रद्धालुओं अपनी मनोकामना मांगते समय मंदिर के प्रवेश द्वार पर कलावा बांधते हैं। कहा जाता है कि इच्छा पूरी होने पर भक्त यहां पर दोबारा आकर कलावा खोलते हैं। वैसे यह यह स्थानीय परंपरा है।

### कैसे पहुंचें रायसेन के सोमेश्वर महादेव मंदिर?

यह मंदिर मध्य प्रदेश के रायसेन में स्थित है। इसलिए आपको रायसेन पहुंचना होगा। एमपी की राजधानी भोपाल से रायसेन करीब 45 किलोमीटर दूर है। रेलवे स्टेशन भोपाल जंक्शन से आप रायसेन के लिए टैक्सी ले सकती हैं। जब आप रायसेन पहुंचेगी तो आपको किले के निचले हिस्से (तलहटी) तक जाना होगा। उधर से मंदिर तक जाने के लिए पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है।

## झटपट बालीवुड

- **प्रदीप रावत को अंतिम विदाई-** 'गजनी' सहित कई फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता प्रदीप रावत का मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। आमिर खान समेत फिल्म जगत की कई हस्तियां उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचीं।
- **शाहरुख की 'किंग' का नया लुक वायरल-** फिल्म 'किंग' के सेट से शाहरुख खान का खून से लथपथ एक्शन लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फैंस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं।
- **तब्बू ने हाईकोर्ट का रुख किया-** अभिनेत्री तब्बू ने अपनी पहचान और एआई से तैयार अनधिकृत सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।
- **सनी-प्रिटी की जोड़ी फिर चर्चा में-** सनी देओल और प्रीति जिंटा फिल्म बटवारा 1947 के प्रमोशन में साथ नजर आए। दोनों की केमिस्ट्री ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा।





### 17 अगस्त से नई दिल्ली में टूर्नामेंट

# वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी, सिंधु का मैच सोफिया से, आयुष वर्ल्ड चैंपियन से भिड़ेंगे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने बुधवार को नई दिल्ली में वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी किया। चैंपियनशिप 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली में होगी। पहले दौर में भारत के आयुष शेट्टी का मुकाबला वर्ल्ड चैंपियन और टॉप सीड चीन के शी यू क्वी से होगा। पीवी सिंधु पहले मैच में आयरलैंड की सोफिया नोबल से खेलेंगी।

सात्विक-चिराग की जोड़ी को बाई मिला है।

पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ियों का ड्रॉ है। तीनों युगल स्पधाओं में 48-48 जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु अपने अभियान की शुरूआत आयरलैंड की सोफिया नोबल के खिलाफ करेंगी। हालांकि, आगे का सफर उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

सिंधु को राउंड ऑफ 16 में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी और क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वदार्नी का सामना करना पड़ सकता है। सिंधु का ड्रॉ ओलंपिक चैंपियन एन से यंग वाले हाफ में है।

उन्नति हुड्डा अपने वर्ल्ड चैंपियनशिप डेब्यू में म्यांमार की थेट हतार थुजार से भिड़ेंगी। अगर उन्नति तीसरे राउंड से आगे बढ़ती हैं, तो क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जापान की अकाने यामागुची से हो सकता है।

### मेंस सिंगल्स में कई रोमांचक मुकाबले होंगे

मेंस सिंगल्स में 14वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले राउंड में ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स फिलिमोन से खेलेंगे। अगर लक्ष्य क्वार्टर फाइनल तक पहुंचते हैं, तो तीसरे राउंड में उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न से हो सकता है। क्वार्टर फाइनल में उनकी टक्कर फ्रांस के एलेक्स लानियर या क्रिस्टो पोपोव से हो सकती है। वहीं, आयुष शेट्टी को पहले राउंड में सबसे कठिन ड्रॉ मिला है।

# आर प्रज्ञानानंदा सेंट लुईस टूनामेंट के रैपिड में टॉप पर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका में खेले जा रहे सेंट लुईस रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस टूनामेंट के रैपिड में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने 18 संभावित पॉइंट्स में से 12 पॉइंट्स जुटाकर 1 पॉइंट की बढ़त बनाई। अब खिताब का फैसला 18 ब्लिट्ज मैचों से होगा। इस प्रदर्शन से साल के अंत में होने वाले ग्रैंड चेस टूर फाइनल में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं।

रैपिड सेक्शन के नौवें और अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा को नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरीस्ट से हार मिली। इसके बावजूद वह 12 पॉइंट्स के साथ टॉप पर बने रहे। रैपिड सेक्शन में उन्होंने 4 मैच जीते, 4 ड्रॉ खेले और सिर्फ एक मुकाबला गंवाया। सिंजारोव और वेस्ली सो संयुक्त दूसरे स्थान पर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंजारोव और अमेरिका के वेस्ली सो 11-11 पॉइंट्स के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। सिंजारोव इसी साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के डी गुकेश को चुनौती देंगे।

टूनामेंट का रैपिड सेक्शन खत्म हो चुका है। अब सभी खिलाड़ियों को 18 ब्लिट्ज मुकाबले खेलने हैं, जिनके बाद चैंपियन का फैसला होगा। 2 लाख डॉलर (करीब ?1.67 करोड़) की कुल इनामी राशि वाले इस टूनामेंट के विजेता को 50 हजार डॉलर (करीब ?42 लाख) मिलेंगे। ब्लिट्ज में हर जीत पर 1 पॉइंट मिलेगा, इसलिए प्रज्ञानानंदा के लिए अपनी बढ़त बनाए रखना आसान नहीं होगा। 9-9 पॉइंट्स के साथ अमेरिका के लेवोन अरोनियन, लेनियर डोमिंग्वेज, नीदरलैंड्स के अनीश गिरी और जर्मनी के विंसेंट कीमर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

### अल्काराज कलाई की चोट के कारण से बाहर

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कलाई की पुरानी चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में उनके खेलने पर भी सस्पेंस बढ़ गया है।

## नैनो न्यूज

- **श्रीलंका दौरे पर भारत तैयार-** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम आज श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए तैयारियां तेज कर रही है।
- **श्रीजेश ने खिलाड़ियों को चेताया-** पी.आर. श्रीजेश बोले, जर्सी विवाद छोड़ विश्व कप में पदक जीतने पर पूरा ध्यान दें।
- **रूट ने रचा नया इतिहास-** इंग्लैंड के जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में नया कीर्तिमान स्थापित किया।
- **मेसी की वापसी से जीत-** लियोनेल मेसी की शानदार वापसी के दम पर इंटर मियामी ने लीग कप में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।
- **भारत चौथे स्थान पर कायम-** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत 39 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है।
- **बॉक्सिंग में भारत का दबदबा-** भारतीय मुक्केबाजों ने सात स्वर्ण पदक जीतकर कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।
- **नीरज चोपड़ा ने बढ़ाया उत्साह-** स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए पदक जीतने का संदेश दिया।

# वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट करियर पर अजिंक्य रहाणे का बयान, युवा खिलाड़ी पर दबाव न डालें

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट करियर को लेकर अपनी राय रखी है। रहाणे का मानना है कि वैभव के टेस्ट करियर को लेकर अभी कोई भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट और क्ढछ में काफी अंतर है।

रहाणे ने 'स्टिक टू क्रिकेट' पॉडकास्ट पर डेविड लॉयड, फिल टफनेल, एलिस्टेयर कुक और माइकल वॉन के साथ बातचीत में यह बात कही। वैभव को अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए और मौके दिए जाने चाहिए। रहाणे ने 30 जुलाई को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल





चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी थी।

### रहाणे बोले- वैभव पर काफी बातें हो रही

रहाणे ने कहा कि वह वैभव पर दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि लोग पहले ही उनके बारे में काफी चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा- क्ढछ में 4-5 ओवर में 70 रन बनाना आसान हो सकता है, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में वही लक्ष्य हासिल करना पूरी तरह अलग चुनौती है।

वैभव सूर्यवंशी के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली सीरीज अच्छी नहीं रही थी। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में डेब्यू करने वाले वैभव तीन मैचों में सिर्फ 42 रन ही बना सके थे। हालांकि जिम्बाब्वे दौरे पर उन्होंने वापसी की।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें
रवि गुप्ता
9926466157

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### झाबुआ में 50 किमी पैदल मार्च पर किसान

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद क्षेत्र में फसल बीमा की मांग को लेकर मंगलवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बनी और रूपगढ़ गांव के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर सुबह 7 बजे से 50 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च शुरू किया और दोपहर करीब 3.30 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर किसानों ने जमकर नारेबाजी की, बैरिकेड्स हटाए और धरने पर बैठ गए। शाम को कलेक्टर के आश्वासन के बाद यह धरना समाप्त हुआ। बनी और रूपगढ़ गांवों के किसान सुबह 7 बजे से पैदल यात्रा करते हुए दोपहर में कलेक्ट्रेट पहुंचे। मुख्य गेट पर धरना देकर बैठे किसानों ने स्थानीय राजस्व अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

### 10 लाख की अफ्रीकन बकरियां चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा

**धार।** धार शहर के जिराबाग पैलेस स्थित बकरी फार्म से लाखों रुपए की अफ्रीकन नस्ल की बकरियों की चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। कोतवाली थाना पुलिस ने मंगलवार शाम बताया कि इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी की गई आठ अफ्रीकन नस्ल की बकरियां बरामद हुई हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, 31 जुलाई की देर रात अज्ञात बदमाशों ने जिराबाग पैलेस के बकरी फार्म का ताला तोड़कर 16 बकरा-बकरियां चुरा ली थीं। इनमें अफ्रीकन बोर, बोर क्रॉस और बरबरी नस्ल की बकरियां शामिल थीं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए थी।

### धार के 39 प्राचार्य पदस्थापना आदेश का इंतजार कर रहे

**धार।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग में पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद भी पदस्थापना नहीं होने से सरकारी स्कूलों की प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विभाग ने 12 जुलाई को 178 हाईस्कूल प्राचार्यों को हायर सेकेंडरी प्राचार्य और 20 जुलाई को 279 व्याख्याताओं को हाईस्कूल प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया था। लेकिन कई सप्ताह बाद भी पदस्थापना आदेश जारी नहीं हुए हैं। पदस्थापना में देरी का असर धार जिले में भी दिखाई दे रहा है। यहां 39 व्याख्याताओं को हाईस्कूल प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिली है। लेकिन उन्हें अब तक नई पदस्थापना नहीं मिली है।

### वन विभाग की जमीन पर हनुमानजी की मूर्ति खंडित



**पांच नामजद आरोपियों पर केस दर्ज, आरोपी बोले थे- सरकारी जमीन पर बनाया मंदिर**

**झाबुआ।** झाबुआ में रायपुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम अमलवानी में वन विभाग की जमीन पर स्थापित हनुमानजी की मूर्ति को खंडित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। अमलवानी निवासी अमरीबाई भाभर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके घर के पास वन विभाग की भूमि पर हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित थी। घटना के दिन अमरीबाई घर पर अकेली थीं और अपने बच्चों को खाना खिला रही थीं। उनके पति खुनसिंह और बेटा मेहजी अपनी बीमार बहू अल्लु को इलाज के लिए मोहनखेड़ा-राजगढ़ अस्पताल ले गए थे। शाम करीब 4:30 बजे गांव के ही रामा पिता बिजिया भुरिया, बादू पिता रामा भुरिया, शारदा पिता मानसिंह भूरिया, अमरिया भूरिया की बेटी और बीमा भुरिया का बेटा मौके पर पहुंचे। इन आरोपियों ने पत्थरों से हनुमानजी की मूर्ति को तोड़कर खंडित कर दिया, जिससे धार्मिक स्थल को क्षति पहुंची। जब अमरीबाई ने मूर्ति तोड़ने से रोका, तो आरोपियों ने कथित तौर पर कहा, यहां भगवान कहां दिख रहा है, यह मूर्ति सरकारी जमीन में बना रखी है। विरोध करने पर आरोपियों ने अमरीबाई को जान से मारने की धमकी भी दी। पति के घर लौटने पर अमरीबाई ने उन्हें घटना की जानकारी दी। मंगलवार देर रात रायपुरिया पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की। पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## नैनो न्यूज

- इंदौर में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए व्यापारिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। हाल के निवेश आयोजनों और औद्योगिक विस्तार से शहर में नए निवेश और रोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं।
- इंदौर सहित देशभर में प्रीमियम स्मार्टफोन की मांग तेजी से बढ़ रही है। एप्पल का भारत में कारोबार पहली बार करीब 1 लाख करोड़ रु. तक पहुंच गया है, जिसका असर इंदौर के इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार पर भी देखने को मिल रहा है।
- इंदौर-उज्जैन संभाग के कई जिलों में बारिश की कमी से कृषि और कृषि आधारित व्यापार पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। व्यापारी खरीफ फसलों की आवक को लेकर सतर्क हैं।
- इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक बेल्ट में ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और फार्मा इकाइयों में उत्पादन बढ़ाने की तैयारी चल रही है। उद्योग जगत आगामी महीनों में मांग बढ़ने की उम्मीद जता रहा है।

एमवाय अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी

# ईओडब्ल्यू छापे में आय से 108 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली

### करोड़पति निकला एमवाय हॉस्पिटल का फार्मासिस्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इंदौर ने मंगलवार को एमवाय अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट राकेश गोरखे के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी की।

शुरूआती जांच में सामने आया कि आरोपी ने सरकारी दवाओं के स्टॉक में कथित गड़बड़ी कर आय से 108 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की थी। जांच में बिना विभागीय अनुमति थाईलैंड यात्रा करने का भी खुलासा हुआ। छानबीन सुबह 8 बजे से दोपहर करीब 1 बजे तक चली। कार्रवाई पूरी करने के बाद ईओडब्ल्यू की टीम आवश्यक दस्तावेज लेकर लौट गई। तलाशी के दौरान टीम ने घर से करीब 1 लाख रुपए नकद जब्त किए। इसके अलावा संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और अन्य अहम रिकॉर्ड भी जांच के लिए जब्त किए गए।



**2007 में फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्ति हुई थी-** ईओडब्ल्यू के अनुसार राकेश गोरखे की साल 2007 में फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्ति हुई थी। साल 2015 में उनका मासिक वेतन 18,711 रुपए था, जो 2025 में बढ़कर 54,664 रुपए हो गया। उनकी पत्नी कीर्ति गोरखे वर्ष 2010 से शासकीय दंत चिकित्सालय में लाइब्रेरियन हैं और वर्तमान में उनका मासिक वेतन 42,402 रुपए है।

- **1.11 करोड़ की आय, 2.13 करोड़ की संपत्ति-** जांच में सामने आया कि जांच अवधि (चेक पीरियड) के दौरान दंपती की कुल वैध आय 1 करोड़ 11 लाख 31 हजार 383 रुपए रही, जबकि उनके पास 2 करोड़ 13 लाख 85 हजार रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति मिली। यह उनकी वैध आय से करीब 108 प्रतिशत अधिक थी।
- **अलग-अलग इलाकों में दो मंजिला मकान, 4 प्लॉट-** ईओडब्ल्यू की कार्रवाई में इंदौर के अलग-अलग इलाकों में स्थित छह संपत्तियों का खुलासा हुआ। इनमें स्कीम नंबर-140 स्थित वृंदावन गार्डन का दो मंजिला मकान, साकार एनआरआई सिटी का बड़ा प्लॉट, साहिल इंद्रांचल होम्स, संघवी रेजीडेंसी और सद्गुरु नंदी विहार में प्लॉट शामिल हैं। इसके अलावा ओमेक्स डेवलपर्स में प्लॉट बुकिंग के लिए 6.70 लाख रुपए का भुगतान भी मिला।

### अक्टूबर 2023 में बिना विभागीय अनुमति थाईलैंड गए थे

छापेमारी के दौरान जब्त पासपोर्ट से पता चला कि राकेश गोरखे अक्टूबर 2023 में बिना विभागीय अनुमति थाईलैंड गए थे। ईओडब्ल्यू इस विदेश यात्रा पर हुए खर्च का आकलन कर रही है और उसे आरोपी के कुल व्यय में शामिल करेगी। कार्रवाई के दौरान टीम ने छह संपत्तियों के दस्तावेज, बैंक पासबुक, पासपोर्ट और 1.51 लाख रुपए नकद भी जब्त किए। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने कई संपत्तियों की जानकारी अपने विभाग को नहीं दी थी। फिलहाल दस्तावेजों की जांच और संपत्तियों के सत्यापन की कार्रवाई जारी है।

हथियार तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, ई-रिक्शा किराए पर देता था

# क्राइम ब्रांच ने 17 केस वाले संजय मराठा को पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय उर्फ संजू मराठा (50) निवासी गुमास्ता नगर के रूप में हुई है। वह प्रॉपर्टी ब्रोकिंग के साथ ई-रिक्शा किराये पर देने का काम करता है। पुलिस आरोपी से हथियारों के स्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, इस मामले में पहले परसराम उर्फ परसिया श्रीवास्तव और सोहेल उर्फ बलबली पटेल को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों के कब्जे से 4 देसी पिस्टल, 4 मैगजीन, 4 जिंदा कारतूस, एक मारुति स्विफ्ट कार और 3 मोबाइल फोन जब्त किए गए थे। जब्त सामान की कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को संजय मराठा की भूमिका का पता चला था। घटना के बाद से वह फरार था। क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार किया।



### 2005 से 2020 के बीच 17 मामले दर्ज

एडिशनल डीसीपी (क्राइम ब्रांच) राजेश दंडोतिया ने बताया, आरोपी संजय मराठा के खिलाफ वर्ष 2005 से 2020 के बीच 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के अलावा मारपीट, धमकी और अवैध वसूली समेत अन्य धाराओं के केस शामिल हैं। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके पुराने रिकॉर्ड को भी जांच में शामिल किया जा रहा है। क्राइम ब्रांच यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अवैध हथियार कहां से लाता था और किन लोगों तक उनकी सप्लाई करता था। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के आधार पर मामले में जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# बुजुर्ग मां से बेटियों ने की 80 लाख रुपये की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला ने अपनी दो बेटियों पर 80 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति की मौत के बाद बिजली विभाग से मिले रुपयों को बेटियों ने जालसाजी कर निकाल लिया। पुलिस से कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। कोर्ट के निर्देश पर मंगलवार को दोनों बेटियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

फिरदौस नगर निवासी आयशा उर्फ आशा खान के पति अब्बास खान विद्युत मंडल में सुपरवाइजर थे। अक्टूबर 2012 में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। इसके बाद उनके बेटे दिलावर को अनुकंपा नियुक्ति मिली, जबकि विभाग से मिले 80 लाख रुपए चेक के जरिए आयशा के बैंक अकाउंट में जमा हुए थे। आयशा की बेटी मेहरून पढ़ी-लिखी थी, इसलिए बैंक खाते की देखरेख और पासबुक उसी के पास रहती थी। आरोप है कि मेहरून ने धोखाधड़ी करते हुए धीरे-धीरे खाते से पूरे 80 लाख रुपए निकाल लिए।

# इंदौर एयरपोर्ट पर आबूधाबी से आई फ्लाइट में यात्री के पास मिला 2 करोड़ का सोना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आबूधाबी से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से पहुंचे एक यात्री के पास से करीब एक किलो सोना बरामद किए जाने की सूचना है। सोने की कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोमवार तड़के की। बीते महीने ही मुख्यमंत्री ने इस सीधी उड़ान की शुरूआत की थी। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

सूत्रों के अनुसार डीआरआई की टीम को पहले से सूचना थी कि विमान में तस्कर है। इस आधार पर यात्रियों की प्रोफाइलिंग की गई। फ्लाइट के इंदौर पहुंचने के बाद सन्देह के आधार पर संबंधित यात्री को रोका गया। जांच के दौरान उसके पास से एक किलो सोना बरामद हुआ। बरामद सोने की कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। मामले की जांच के दौरान एयर इंडिया एक्सप्रेस अथवा एयरपोर्ट से जुड़े एक कर्मचारी की भूमिका भी संदेह के घेरे में आई है। सूत्रों का कहना है कि डीआरआई के अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारी से भी लंबे समय तक पूछताछ की है।

# सुधा सागर जी महाराज छत्रपति नगर को धन्य कर रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इन दिनों मिनी बुंदेलखंड के रूप में चर्चित छत्रपति नगर श्रमण संस्कृति के महाश्रमण जगत पूज्य मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज का चातुर्मास होने के कारण जैन धर्मावलंबियों के लिए धर्म, त्याग और आस्था का पुण्य शाली महातीर्थ बन गया है।सुधा सागर जी की पीयूष वर्षिणी देशना सुनने हजारों नर -नारी, युवक- युवतियां प्रतिदिन आते हैं और भाव विभोर हो जाते हैं। छत्रपति नगर दिगंबर जैन समाज के कार्य अध्यक्ष डॉ जैनेन्द्र जैन ने बताया कि यहां प्रतिदिन प्रातः 6.30 से 7 बजे तक दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में विराजित जगत पूज्य के पाद प्रक्षालन का सैकड़ो भक्तों को सौभाग्य मिल रहा है।



तत्पश्चात जिनालय में मुनिश्री के मुखारविंद से मंत्रोच्चार के साथ प्रभु प्रतिमा पर शांति धारा हो रही है जिसमें मुनि श्री शांति धारा पुण्यार्जक परिवार के सदस्यों के नाम का भी उच्चारण करते हैं। प्रातः 8.30 से 9.45 तक दलाल बाग में निर्मित भव्य, विशाल एवं सुदर्शनीय पंडाल मैं मुनि श्री के सामान्य जन के जीवन की दिशा और दशा बदलने की प्रेरणा देने वाले मंगल प्रवचन होते हैं जिसे श्रवण कर हजारों की संख्या में नर नारी युवक युवतियां भाव विभोर हो रहे हैं। प्रवचन पश्चात श्रावक गण शुद्ध शोले के वस्त्र पहनकर मुनि संघ जगत पूज्य सहित (17 पिच्छी) का पडगाहन कर पृथक पृथक अपने घर आहार चर्या के लिए ले जाते हैं और नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य अर्जित कर धन्यता अनुभव करते हैं।

# रास्ता पूछने के बहाने कैफे संचालक को चलती बाइक पर मारे चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया और खजराना थाना क्षेत्रों में बदमाशों का आतंक सामने आया है। लसूड़िया में मंगलवार देर रात कैफे बंद कर घर लौट रहे एक युवक पर बाइक सवार चार बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले रास्ता पूछने के बहाने युवक की गाड़ी धीमी करवाई और फिर वारदात को अंजाम दिया। वहीं खजराना में शराब पीने के लिए रुपए न देने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

लसूड़िया पुलिस ने निरंजनपुर निवासी रजत पटेल के बयान पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रजत एलआईजी चौराहे पर 'कप्पा एंड रेस्ट्रो' नाम से कैफे चलाता है। देर रात वह कैफे बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। एबी रोड पर जैन मंदिर गेट के पास एक ही बाइक पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने पीछे से आवाज दी। रजत ने जैसे ही अपनी बाइक धीमी की, बदमाशों ने देवास नाके का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के दौरान बाइक पर सबसे पीछे बैठे बदमाश ने चाकू निकालकर रजत की पीठ में घोंप दिया। हमले के बाद रजत ने तुरंत बाइक की रफ्तार बढ़ाई और घायल हालत में अपने घर पहुंचा। परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद वे उसे इलाज के लिए अरबिंदो अस्पताल ले गए। प्राथमिक जांच में मामला लूट की नीयत से हमले का लग रहा है।

कांग्रेस नेताओं का शहर की बेहाली पर तंज

# यदि वास्तव में विकास हुआ तो फिर शहर की प्रमुख सड़कें बदहाल क्यों?



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के चार साल पूरे होने के पर कांग्रेस नेताओं ने शहर की बेहाली पर तंज करते हुए शहर में कुछ पोस्टर लगाए। भाजपा परिषद के चार सालों के कार्यकाल के विरोध में कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने 4 साल इंदौर बेहाल अभियान के तहत ये पोस्टर लगाए।

इस अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने किया। उन्होंने कहा महापौर लगातार 4 सालों में अभूतपूर्व विकास के दावे करते रहे हैं, जबकि शहर की वास्तविक स्थिति इन दावों से बिल्कुल अलग दिखाई देती है।

नसिया रोड से गुजराती स्कूल, जूनी इंदौर, चंद्रभागा, कलाकुई मस्जिद मार्ग सहित कई प्रमुख सड़कें लंबे समय से खुदी हुई या जर्जर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इनमें से कुछ रास्तों पर काम सालों से अधूरा पड़ा है, जिससे आम लोगों, व्यापारियों, स्टूडेंट्स और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि वास्तव में विकास हुआ है तो फिर शहर की प्रमुख सड़कें बदहाल क्यों हैं? बरसात के मौसम में जगह-जगह गड्ढे, जलभराव और अधूरे निर्माण काम इंदौर की पहचान बनते जा रहे हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद लोगों को अच्छी सड़कें और सुगम यातायात उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पोस्टर के माध्यम से जनता का ध्यान उन समस्याओं की ओर आकर्षित करने का काम किया है।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

होटल लक्ष्य
पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनिज
आवश्यकता है
अनुभव 5 साल
होटल मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग या ड्राइवर के लिए आवश्यक है
होटल मैनेजमेंट सैलरी: 15000 से 20000 रु.
हाउसकीपिंग सैलरी: 15000 से 20000 रु.
ड्राइवर सैलरी: 15000 से 20000 रु.
लग गई लाटरी! 2400 Sq. Feet Rooftop रेस्टोरेन्ट 5 लाख से 7 लाख लगाने पर 1000000 रु. महीने कमाएं
पता: आगर रोड मंडी गेट के सामने, डोमिनोन्स वाली बिल्डिंग, उज्जैन
सम्पर्क: 9826398272

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com